ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 05, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 11 जून 2024, वर्ष-25, अंक-129, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज 12





कंगना रानौत थप्पड़ प्रकरण की जांच के लिए पंजाब...


## एक नजर

### पीएलएफआई एरिया कमांडर सहित पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**रांची ।** रांची में विवादित जमीन पर हथियार के बल पर कब्जा दिलाने वाले पीएलएफआई एरिया कमांडर सहित पांच उग्रवादी को नगड़ी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में गुमला निवासी एरिया कमांडर विजय बक्शी उर्फ रोहित बड़ाईक, लापुंग निवासी नीरज पाईक उर्फ छोटू , लापुंग निवासी अनमोल बड़ाईक, गुमला निवासी रोहित सिंह और नगड़ी निवासी काली टोप्पो शामिल है। इनके पास से दो देशी पिस्टल,चार जिंदा गोली, 22 पीस खाली खोखा, 1.50 लाख रूपया नकद, एक थार और एक स्कॉर्पियो वाहन, सात मोबाईल फोन, दो वॉकी-टॉकी और दो लोहे का फाइटर बरामद हुआ है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रांची - गुमला एनएच 43 मुख्य सड़क से रांची से होकर नगड़ी की तरफ एक काले रंग का महिन्द्रा थार वाहन और **शेष पेज 11 पर**

### चंद्रबाबू नायडू ने सरकार गठन की कवायद शुरू की

**अमरावती।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू बुधवार को आंध्र प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले हैं। उन्होंने गठबंधन सरकार के गठन के लिए विचार-विमर्श शुरू कर दिया है। चंद्रबाबू नायडू एनडीए की बैठक और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले नए केंद्रीय मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए पिछले तीन दिनों से दिल्ली में डेरा डाले हुए थे, वह सोमवार को लौट आए। विजयवाड़ा के गन्नावरम एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद वे सीधे उंडावल्ली स्थित अपने आवास के लिए रवाना हुए। वह गठबंधन सरकार के लिए अपनी पार्टी के नेताओं और सहयोगी दलों के साथ कई बैठकें कर रहे हैं। नायडू अपनी मंत्रिपरिषद को अंतिम रूप देने के लिए जन सेना नेता पवन कल्याण और भाजपा नेताओं के साथ पहले ही कई दौर की बैठकें कर चुके हैं।

## आज | कल




## मोदी कैबिनेट 3.0 की पहली बैठक में हुआ निर्णय

# पीएमएवाई के तहत बनेंगे 3 करोड़ नए घर

- 10 वर्षों में गरीब परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ घर बने
- इन घरों का निर्माण शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में होगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मोदी कैबिनेट 3.0 की पहली बैठक में बड़ा फैसला लिया गया है। इस फैसले के तहत 3 करोड़ ग्रामीण और शहरी घरों के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के अंदर सहायता दी जाएगी। 2015-16 में प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत से अभी तक 10 वर्षों में 4.21 करोड़ घर बनाए गए हैं। पीएमएवाई के तहत निर्मित सभी घरों को केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की अन्य योजनाओं के साथ ही शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, जल के लिए नल आदि प्रदान की जाती है। ऐसे में मोदी 3.0 कैबिनेट की बैठक में लोगों की आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को घर बनाने के लिए सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इन घरों का निर्माण शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में किया जाएगा।



- कार्यभार संभालने के बाद पीएम ने अधिकारियों को दिया संदेश
- मैं न सत्ता के लिए पैदा हुआ हूं न ही शक्ति अर्जन मेरा उद्देश्य

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि मेरा शुरू से प्रयास रहा है कि पीएमओ सेवा का अधिष्ठान और पीपल्स पीएमओ बने। तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद पीएमओ के अधिकारियों को अपने पहले संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 10 साल पहले हमारे देश में एक छवि बनी हुई थी कि पीएमओ एक शक्ति का केंद्र और एक बहुत बड़ा पावर सेंटर है। उन्होंने कहा कि मैं न सत्ता के लिए पैदा हुआ हूं और न ही मैं शक्ति अर्जित करने के बारे में सोचता हूं। मोदी ने कहा कि उनका पीएमओ को सत्ता केंद्र में बदलने का कोई इरादा नहीं है। वह इसे एक उत्प्रेरक एजेंट के रूप में विकसित करना चाहते हैं, जो लोगों के कल्याण के लिए काम करे। मेरा शुरू से प्रयास रहा है कि पीएमओ सेवा का अधिष्ठान और लोगों का पीएमओ बने, यह मोदी का पीएमओ नहीं हो सकता है।

### मोदी 3.0 का पहला काम : किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कार्यभार संभाल लिया। तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद कार्यभार संभालते ही उन्होंने अन्नदाताओं को लेकर बड़ा फैसला किया। पीएम मोदी ने अपनी पहली फाइल पर हस्ताक्षर करते हुए किसानों को सौगात दी। उन्होंने पहला आधिकारिक कार्य 'पीएम किसान सम्मान निधि' की 17वीं किस्त जारी कर की। इससे 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और करीब 20,000 करोड़ रुपए बांटे जाएंगे। पीएम मोदी के इस फैसले पर केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी समेत कई मंत्रियों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "किसान कल्याण के प्रति हमारे प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता जगजाहिर है। तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद उन्होंने सबसे पहला निर्णय ही किसानों के हित में किया है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, "मोदी 3.0 का पहला दिन किसानों को समर्पित, अब तक की 16 किस्तों में 12 करोड़ 33 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को 3 लाख करोड़ से अधिक सीधे डीबीटी से वितरित किए गए हैं।


### प्रधानमंत्री के संबोधन की अन्य महत्वपूर्ण बातें

- मोदी ने कहा कि उनके दिल और दिमाग में 140 करोड़ लोगों के अलावा कोई नहीं।
- सरकार सिर्फ मोदी नहीं है, हजारों दिमाग-हजारों मस्तिष्क- हजारों भुजाएं जो इस पर काम कर रही हैं। इस विराट स्वरूप के कारण सामान्य मनुष्य भी इसकी क्षमताओं से परिचित हो पाता है। सरकार का मतलब सामर्थ्य, समर्पण और संकल्पों की नई ऊर्जा है।
- हम वो लोग नहीं हैं, जिनका ऑफिस इस समय शुरू होता है और इस समय खत्म होता है। हमारी टीम के लिए ना तो समय का बंधन है, ना सोचने की सीमाएं और ना ही पुरुषार्थ के लिए कोई तय मानदंड है। जो इससे परे हैं, वो मेरी टीम है।
- उन सबको मेरा निमंत्रण है, जो विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए समर्पित भाव से खप जाना चाहते हैं। हमारा एक ही लक्ष्य राष्ट्र प्रथम, एक ही इरादा 2047 तक विकसित भारत बनाना है।
- मेरा पल-पल देश के नाम है। मैंने देश से वादा किया है कि 2047 के लिए 24/7, मुझे टीम से ऐसी उम्मीदें हैं।

## कल्पना ने ली विस सदस्यता की शपथ

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची ।** गांडेय विधानसभा का उपचुनाव में जीत दर्ज करने के बाद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने सोमवार को नवनिर्वाचित विधानसभा का सदस्य के रूप शपथ ली। विधानसभा स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने अपने कक्ष में कल्पना को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। इस मौके पर सीएम चंपाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, सत्यानंद भोक्ता, सांसद डॉ सरफराज अहमद, पूर्व विधायक ममता देवी सहित कई विधायक उपस्थित थे। **शेष पेज 11 पर**



## आज से किक स्टार्ट मोड में सरकार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सभी विभागों के सचिवों और उपायुक्तों के साथ मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में समीक्षा बैठक करेंगे। विधि व्यवस्था पर भी पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक होगी। मुख्यमंत्री के विशेष फोकस वाले दस विभागों की कुछ योजनाओं को इस दौरान तेजी देने की योजना बनेगी। अधिकारियों ने बताया कि जलसंसाधन, नगर एवं आवास विभाग, पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य, भवन निर्माण, पर्यटन, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं पर विशेष फोकस किया जायेगा। इन विभागों की 25 करोड़ तक की योजनाओं की विशेष समीक्षा होगी। नई योजनाओं पर सीएम सहमति भी देंगे। इसके अलावा सड़क निर्माण, भवन निर्माण सहित अन्य विभिन्न विभागों की योजनाओं में आ रही जमीन अधिग्रहण समस्या पर भी विशेष ध्यान दिया जायेगा। साथ ही विभागों के आवश्यक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जायेगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी विभाग छोटी-बड़ी योजनाओं की सूची तैयार कर रहे हैं। यह प्रयास हो रहा है कि अधिक से अधिक योजनाओं को तैयार किया जा सके, ताकि इसकी प्रशासनिक मंजूरी मिलने के बाद डीपीआर-टेंडर इत्यादि का काम प्रारंभ कराया जा सके।



*मुख्यमंत्री करेंगे सचिवों और डीसी के साथ समीक्षा बैठक*

## संजय सेठ बने रक्षा राज्यमंत्री

### 1. मोदी सरकार 3.0 के कैबिनेट मंत्रियों के नाम और मंत्रालयों की लिस्ट

| क्रम | कैबिनेट मंत्री | मंत्रालय |
|---|---|---|
| 1. | राजनाथ सिंह | रक्षा |
| 2. | अमित शाह | गृह |
| 3. | नितिन गडकरी | सड़क परिवहन व राजमार्ग |
| 4. | जेपी नड्डा | स्वास्थ्य |
| 5. | शिवराज सिंह चौहान | ग्रामीण विकास मंत्रालय व कृषि एवं किसान कल्याण |
| 6. | निर्मला सीतारमण | वित्त |
| 7. | एस जयशंकर | विदेश |
| 8. | मनोहर लाल खट्टर | ऊर्जा और शहरी विकास |
| 9. | एचडी कुमारस्वामी | स्टील और भारी उद्योग |
| 10. | पीयूष गोयल | कॉमर्स और इंडस्ट्रीज |
| 11. | धर्मेंद्र प्रधान | मानव संसाधन विकास |
| 12. | जीतन राम मांझी | सूक्ष्म लघु एवं मझोले उद्योग |
| 13. | राजीव रंजन सिंह | पंचायती राज, मछलीपालन, पशुपालन और डेयरी |
| 14. | सवार्नंद सोनोवाल | पोत, जहाजरानी व जलमार्ग |
| 15. | डॉ. वीरेंद्र कुमार | सामाजिक न्याय और आधिकारिता |
| 16. | राम मोहन नायडू | नागरिक उड्डयन मंत्रालय |
| 17. | प्रह्लाद जोशी | उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं जनवितरण |
| 18. | जुएल ओरावं | आदिवासी मामले |
| 19. | गिरिराज सिंह | कपड़ा मंत्रालय |
| 20. | अश्विनी वैष्णव | सूचना और प्रसारण मंत्रालय, रेल मंत्री |
| 21. | ज्योतिरादित्य सिंधिया | संचार, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास |
| 22. | भूपेंद्र यादव | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन |
| 23. | गजेंद्र सिंह शेखावत | पर्यटन |
| 24. | अन्नापूर्णा देवी | महिला एवं बाल कल्याण |
| 25. | किरेन रिजिजू | संसदीय कार्य, अल्पसंख्यक मामले |
| 26. | हरदीप सिंह पुरी | पेट्रोलियम और नेचुरल गैस |
| 27. | मनसुख मांडविया | श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, युवा मामले व खेल मंत्रालय |
| 28. | जी.किशन रेड्डी | कोयला और खान मंत्रालय |
| 29. | चिराग पासवान | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय |
| 30. | सीआर पाटिल | जल शक्ति |

### 2. स्वतंत्र प्रभार मंत्रियों के नाम और मंत्रालयों की लिस्ट

| क्रम | राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) | मंत्रालय |
|---|---|---|
| 1. | राव इंद्रजीत सिंह | सांख्यिकी और प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन |
| 2. | जितेंद्र सिंह | विज्ञान और प्रोद्योगिकी, पीएमओ, कार्मिक, जनशिकायत और पेंशन, एटॉमिक एनर्जी, स्पेस |
| 3. | अर्जुन राम मेघवाल | कानून और न्याय, संसदीय कार्य |
| 4. | प्रतापराव गणपतराव जाधव | आयुष, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण |
| 5. | जयंत चौधरी | कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री |

### 3. राज्य मंत्रियों के नाम व मंत्रालयों की लिस्ट

| क्रम | राज्य मंत्री | मंत्रालय |
|---|---|---|
| 1. | जितिन प्रसाद | वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय मे राज्य मंत्री |
| 2. | श्रीपद नाइक | ऊर्जा, न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी |
| 3. | पंकज चौधरी | वित्त |
| 4. | किशन पाल गुर्जर | सहकारिता |
| 5. | रामदास अठावले | सामाजिक न्याय औरआधिकारिता |
| 6. | राम नाथ ठाकुर | कृषि और किसान कल्याण |
| 7. | नित्यानंद राय | गृह |
| 8. | अनुप्रिया पटेल | स्वास्थ एवं परिवार कल्याण, केमिकल और फर्टिलाइजर |
| 9. | वी सोमन्ना | जल शक्ति, रेलवे |
| 10. | डॉ. चंद्रशेखर पेम्मसानी | ग्रामीण विकास, संचार |
| 11. | एसपी सिंह बघेल | मछलीपालन, पशुपालन और डेयरी, पंचायती राज |
| 12. | शोभा करलंदाजे | छोटे एवं मझोले उद्योग, श्रम एवं रोजगार |
| 13. | कीर्ति वर्धन सिंह | पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन |
| 14. | बीएल वर्मा | उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं जनवितरण, सामाजिक न्याय और आधिकारिता |
| 15. | शांतनु ठाकुर | पोत, जहाजरानी और जलमार्ग |
| 16. | सुरेश गोपी | पेट्रोलियम व नेचुरल गैस, पर्यावरण |
| 17. | एल मुरुगन | सूचना और प्रसारण, संसदीय कार्य |

शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# विपक्ष के लिए भी जिम्मेदारी निभाना आसान नहीं



सुनील बादल

*अब प्रधानमंत्री को सदनों की कार्यवाही में अधिक से अधिक हिस्सा लेना होगा और विपक्ष के प्रश्नों का उत्तर देने और महत्वपूर्ण बहसों में भाग भी लेना पड़ सकता है।*

चुनाव के दौरान दिए गए बयान और आश्वासन या गारंटी से इतर अब गंभीरता से काम करने का समय है ।मजबूत विपक्ष के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही नियम, कानून और सर्वसम्मति से चलेगी, न कि पीठासीन अधिकारी और सदन के नेता के हिसाब से । सदन की विभिन्न समितियों की संरचना अधिक संतुलित होगी और सदन के अध्यक्ष ऐसे होंगे, जो सभी दलों को स्वीकार्य होंगे। लोकसभा में विपक्ष का एक नेता होगा, जिसके पास सांसदों की पर्याप्त संख्या होगी। देश के संविधान को बिना ट्रेजरी बेंच और विपक्ष की सहमति के बिना कोई संशोधन नहीं किया जा सकेगा। कैबिनेट की बैठकों में अब प्रधानमंत्री द्वारा लिए गए फैसलों का औपचारिक समर्थन नहीं होगा। कैबिनेट को प्रधानमंत्री के कठोर कदम के बारे में केवल 'सूचित' नहीं किया जाएगा, बल्कि सहयोगियों और राज्यों के अधिकारों की बेहतर सुरक्षा की जाएगी; राज्यों को धन के हस्तांतरण और मंत्रालयों/विभागों और योजनाओं को धन का आवंटन में भी घटक दलों की सहमति लेनी होगी। अब प्रधानमंत्री को सदनों की कार्यवाही में अधिक से अधिक हिस्सा लेना होगा और विपक्ष के प्रश्नों का उत्तर देने और महत्वपूर्ण बहसों में भाग भी लेना पड़ सकता है। सरकार को 'देशद्रोह' और 'मानहानि' के मामले दायर करने में भी सावधानी रखनी होगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी 'एनकाउंटर' और 'बुलडोजर न्याय' पर नरमी लानी चाहिए। लोगों का मानना है कि क्षेत्रीय दलों को अपनी मूल मान्यताओं पर डटे रहना चाहिए बजाय इसके कि वह दिल्ली में कुछ कहे और राज्य की राजधानी में कुछ और। ऐसा करने वाली पार्टियों के साथ सख्ती से पेश आना चाहिए, जनता ने पहले असम गण परिषद, शिरोमणि अकाली दल, जननायक जनता पार्टी और जनता दल सेक्यूलर को जनादेश न देकर सबक सिखाया। मौजूदा चुनाव में बीजू जनता दल और वाईएसआरसीपी के साथ भी जनता ने ऐसा ही किया है। यह सबक तेलुगु देशम पार्टी और जनता दल यूनाइटेड के लिए एक नजीर हो सकती है। इन बातों के साथ अब बात बात पर संसद में अवरोध के बजाय विपक्ष के पास 10 साल बाद संसद के अंदर जिम्मेदार विपक्षी दल की तरह व्यवहार करने का मौका है। उसे संसद के अंदर और बाहर अपने एजेंडे को मजबूती से उठाना चाहिए। यहां कुछ बातें हैं, जिन्होंने लोगों के मन को प्रभावित किया है और लोगों ने बड़ी संख्या में इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवारों को चुना है ।यदि विपक्ष डिस्प्ले कार्ड लेकर कार्यवाही को बाधित न करे तो संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम को लागू कर और 2025 से निर्वाचित विधायिकाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण प्रदान किया जाना चाहिए ।मनरेगा सहित हर प्रकार के रोजगार के लिए प्रतिदिन 400 रुपये की न्यूनतम मजदूरी लागू होगी।



कृषि ऋण से प्रभावित किसानों के लिए एक स्थायी आयोग नियुक्त होगा और उसकी सिफारिशों के अनुसार कृषि ऋण माफ पर विचार होगा ।सरकारी और सरकार द्वारा नियंत्रित निकायों में खाली पड़ी 30 लाख रिक्तियों को भरने पर निर्णय होगा ।प्रत्येक व्यावसायिक प्रतिष्ठान को प्रशिक्षुओं को नियुक्त करने और वजीफे का बोझ साझा करने के लिए कहा जाएगा, यदि आवश्यक हो, तो एक्ट को संशोधित किया जाएगा। अप्रेंटिस एक्ट को तुरंत लागू करने पर निर्णय होगा ।सीएए कानून को रोका जा सकता है , जब तक सुप्रीम कोर्ट इसे संवैधानिक न बता दे ।केंद्रीय जांच एजेंसियों (सीबीआई, ईडी, एनआईए, एसएफआईओ, एनसीबी, आदि) को विपक्ष संयुक्त संसदीय समिति की निगरानी में लेन की मांग करता रहा है ।कुल मिलाकर विपक्ष को भी अपनी जिम्मेदारीपूर्ण गतिविधियों से कथनी और करनी का अंतर मिटाना होगा जिसमें मुफ्त और गारंटी शामिल हैं और पैसे कौन देगा पता नहीं ।विपक्ष की धार यहां पर कमजोर होगी जब सत्ता पक्ष उनकी पोल खोलेगा कि गारंटी मांगने अल्पसंख्यक महिलाएं कड़ी धूप में लखनऊ और बैंगलुरु में खड़ी होकर सवाल पूछ रहीं हैं कि उनके खाते में खटाखट पैसे कौन भेजेगा ? सरकार यहां थोड़ी सुविधाजनक स्थिति में है क्योंकि उनके वादे असंभव जैसे नहीं हैं और उनके पास संसाधन वैध माध्यम से हैं ।अब देखना है विपक्ष का रवैया क्या रहता है ?

## एक नजर

### आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**चान्हो।** पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के चोरेया निवासी सरफराज उर्फ लेंगा को जेल भेज दिया है। उसके ऊपर एक युवती ने तीन दिन पूर्व छेड़खानी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस घटना के बाद युवती के गांव के लोग उग्र होकर आरोपी के घर को घेर लिया था तभी प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन देकर समझा बुझाकर ग्रामीण को वापस भेजा। हंगामे के बाद आरोपी फरार हो गया था, पुलिस ने उसे रविवार की देर शाम हिरासत में लिया था। जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### ट्रांसफार्मर की मांग हेतु विद्युत विभाग के पदाधिकारी से मिले डॉ परमेश्वर भगत

**मांडर।** पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने विद्युत विभाग के वरीय पदाधिकारी से मिले और चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पतरातु के लिए न्यू ट्रांसफार्मर का मांग किए। ज्ञात हो कि पिछले दिन पतरातू का एक प्रतिनिधिमंडल डॉ परमेश्वर भगत से मिले और बताया कि पतरातु पूर्णत८१ कृषि प्रधान गांव है। सिर्फ एक ट्रांसफार्मर होने की वजह से बिजली की पूर्ण आपूर्ति नहीं हो पाती है। जिससे किसानों को काफी समस्याओं से जूझना पड़ता है। डॉ भगत ने इस काम को गंभीरता एवं प्राथमिकता देते हुए विद्युत विभाग के जीएम से मिले और परामर्श किया कि जल्द से जल्द एक और 100केबी का ट्रांसफार्मर उक्त गांव में लगाया जाए। क्षेत्र के लोग लॉ वोल्टेज के कारण भी काफी परेशान रहते हैं।

### हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल का विधायक पद से इस्तीफा

**रांची।** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल अब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से सांसद हो गए हैं। इसलिए उन्होंने सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो से मुलाकात कर विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा सौंप दिया। लोकसभा चुनाव के दौरान मनीष जायसवाल भाजपा की टिकट पर हजारीबाग से प्रत्याशी बनाए गए थे। उन्होंने भाजपा छोड़कर कांग्रेस ज्वाइन करने वाले विधायक जेपी पटेल को परास्त किया था।

### रांची जिला ग्राम प्रधान संघ की बैठक दिउड़ी में संपन्न

तमाड़ । रांची जिला ग्राम प्रधान संघ की बैठक आदिवासी भूमिज मुंडा समाज भवन दिउड़ी में संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों को जो मान्यता और सुविधा दी जा रही है उसका पूरा लाभ हर ग्राम प्रधान लें और सरकार के खाते में उचित समय पर पैसा जमा करें। बैठक में ललित पाहन, सुखलाल सिह मुंडा, ललिन सिंह मुंडा, सहदेव सिह मुंडा आदि मौजूद थे।

# झारखंड में पड़ रहा प्रचंड गर्मी, गढ़वा 45.3 डिग्री के साथ रहा सबसे गर्म



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
गर्मी कि तपिश कम होने का नाम नहीं ले रही है. पूरा झारखंड गर्मी से धधक रहा है. राज्य के 21 जिलों का पारा 40 डिग्री के पार जा चुका है. सोमवार को गढ़वा 45.3 डिग्री के साथ रहा सबसे गर्म रहा. इस दौरान राज्य के गढ़वा, पलामू और पूर्वी सिंहभूम जिले में सीवियर हीट वेव रहा. वहीं रांची, सरायकेला खरसावां और देवघर जिले में लू चली. सोमवार को रांची में 40.0, जमशेदपुर में 43.6 , डालटनगंज में 44.7, बोकारो में 42.5, चाईबासा में 41.9, देवघर में 44.4, गिरिडीह में 43.6, गढ़वा में 45.3, सरायकेला में 44.4, गोड्डा में 42.9 डिग्री तापमान दर्ज किया गया. मौसम विभाग के अनुसार 14 जून तक हीट वेव रहने की संभावना है. वहीं राज्य में अगले 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. सुबह में गर्मी से बेहाल लोगों को शाम में हुई बारिश से राहत मिली. राजधानी रांची समेत राज्य के पश्चिमी, दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश से मौसम सुहाना हुआ. पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा. राज्य के रांची और पलामू जिले में उष्ण लहर की स्थिति देखी गयी. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 45.0 डिग्री से. डालटनगंज में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री से. बोकारो थर्मल में दर्ज किया गया.

### नवडीहा पुल के डिवाईडर से टकराई सवारी वाहन

# पुल के नीचे गिर डेढ़ दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
घाघरा लोहरदगा एनएच स्थित नवडीहा पुल के डिवाईडर से सोमवार को टकरा एक सवारी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें सवार दर्जनों लोग पुल के नीचे जा गिरे, जिससे डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल हो गयें। इसमें अधिकांश घायलों की स्थिति काफी गंभीर है। जानकारी के अनुसार केरागानी चैनपुर से लोग शादी समारोह में सेन्हा के कंडरा गांव गये हुए थे। लौटने के क्रम में दो गाड़ी साथ में निकली। दोनों गाड़ियों के बीच आगे निकलने की होड़ लगी हुई थी। दोनों गाड़ियां तेज रफ्तार से कंडरा की ओर से आ रही थी । पहली गाड़ी निकल गई। लेकिन दूसरी गाड़ी के ड्राइवर ने संतुलन खो दिया और गाड़ी पुल के डिवाइडर से जा टकराई। गाड़ी में सवार दर्जनों लोग पुल के नीचे जा गिरे। स्कूल के बगल में एक नया पुल बन रहा है जिसके नीचे नुकीले पत्थर थे, जिससे लोगों को गहरी चोटें आई है। घायलों में केरागानी निवासी सिद्धेश्वर कुम्हार, राजकुमार उरांव, चंद्रपाल उरांव, नंदू लोहरा, कमलेश उरांव, सूर्या उरांव, कर्मपाल कुम्हार, रामु कुमार, अनूप कुमार, रामकुमार, रामेश्वर उरांव सहित अन्य लोग शामिल है। घायलों में कई युवक कंडरा के भी शामिल है। उनकी पहचान नही हो सकी है। एक साथ इतने मरीज के आने से घाघरा अस्पताल में अफरा तफरी मच गई। ड्रेसिंग रूम में स्थान की कमी पड़ गयी। घायलों को जमीन पर लिटाकर किसी तरह इलाज किया गया। गंभीर रूप से घायल करीब एक दर्जन लोगों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया है । भाजपा नेता अशोक उरांव एवं पुलिस प्रशासन मिलकर घायलों को एम्बुलेंस एवं पुलिस गाड़ी से उतारने में घायलों का सहयोग कर रहे थे।

# तोरपा में दिव्यांग बच्चों के बीच किया गया सहायक उपकरणों का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
झारखंड शिक्षा परियोजना खूंटी द्वारा एलिमको भुवनेश्वर तथा रेफरल अस्पताल तोरपा के सहयोग से समगत शिक्षा कार्यक्रम के तहत सोमवार को तोरपा में दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांचोपरांत दिव्यांग बच्चों कों जरूरत के हिसाब से सहायक उपकारण देने के लिएु चिह्नित किया गया। इस अवसर पर पूर्व से चिह्नित दिव्यांग बच्चों के बीच सहायक उपकरण का वितरण भी किया गया। उन्हें व्हील चेयर, कैलीपर, श्रवण यंत्र आदि दिये गये।

शिविर में 77 बच्चों की जांच की गयी। एलिमको भुवनेश्वर के डॉ बाबूलाल मिश्रा, डॉ राजेश कुमार, आनंद सिंह द्वारा बच्चों की जांच की गयी। जिला शिक्षा अधीक्षक अरूपा पॉल ने शिविर में पहुंच कर कार्यक्रम निरीक्षण किया। शिविर के सफल संचालन में बीपीओ नरेंद्र कुमार, ग्रेस हंस, बेरोनिका फ्रांसिस गुड़िया, रजनी तिर्की, सदाब खान, अजित कुमार, संजय मुंडू, मिथिलेश कुमार, किस्टो साहू ने योगदान दिया।

### आइसा ने नीट परीक्षा व परिणामों में धांधली के खिलाफ किया प्रदर्शन

# रिजल्ट में गड़बड़ी लाखों युवाओं का भविष्य हो रहा है बर्बाद




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के सदस्यों ने एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी) द्वारा लिए जा रहे नीट परीक्षा (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) में बड़े पैमाने पर धांधली, परिणाम के अंकों व रैंकिंग में हेरफेर करने के खिलाफ मेन रोड अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शन किया. नीट परीक्षा 5 मई को आयोजित की गई थी, जिसमें 23 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे. परीक्षा का परिणाम 14 जून को आना था. लेकिन यह परिणाम जल्दबाजी में 4 जून को ही घोषित कर दिया गया. बता दें कि पहले नीट परीक्षा पेपर लीक की खबर और अब रिजल्ट में गड़बड़ी से देश के लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है. देश के युवाओं को सरकार से इसका जवाब चाहिए, एक तरफ एनटीए पेपर लीक से साफ मना करता दिखाई दे रहा है. दूसरी तरफ बिहार में 13 लोगों को नीट पेपर लीक के मामले में गिरफ्तार किया गया है, ये कैसे संभव है? विरोध प्रदर्शन में झारखंड प्रदेश आइसा के पूर्व अध्यक्ष मो. सोहेल, झारखंड आइसा के राज्य सदस्य मो.समी, सोनाली केवट, मीडिया प्रभारी विजय कुमार, सत्य प्रकाश, अभय समेत आइसा के कार्यकर्ता शामिल थे.

### श्रद्धाभाव से मनाया गया श्रीगुरु अर्जन देव जी का शहीदी दिवस

**रांची।** गुरुनानक स्कूल, पीपी कंपाउंड में सोमवार को श्रीगुरु अर्जन देव जी का शहीदी गुरु पर्व श्रद्धाभाव से मनाया गया. विषेष दीवान सजाये गये. गूंजते शबद संकीर्तन की सुमधुर स्वरलहरियों के बीच बड़ी संख्या में धर्मावलंबियों ने श्रीगुरु ग्रंथ साहिब के श्रीचरणों में मत्था टेका.घर, परिवार और संसार के लिए मंगल कामनाएं की. सद्गुरु की भक्ति में रमे श्रद्धालुओ से दोपहर बाद तक स्कूल परिसर गुलजार रहा. दिन के दस बजे सहज पाठ के बाद दीवान की शुरूआत हुई. पहले रहत कौर, गुरनीत कौर, हरजस सिंह और सोनिया धींगरा ने शबद गायन कर गुरु महिमा गायी. इनके बाद हजूरी रागी भाई भरपूर सिंह और उनके साथियों ने तेरा कीया मीठा लागे हरि नाम पदार्थ नानक मांगे ह्व शबद गायन कर संगत को गुरबाणी से जोड़ा. हेड ग्रंथी विक्रमजीत सिंह ने कथावाचन कर पंचम गुरु की शहादत और गुरुग्रंथ संपादन पर प्रकाश डाला. फिर गुरमत ट्रेनिंग कैंप के सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कारो का वितरण किया गया.

# 348 किलो अफीम डोडा के साथ एक गिरफ्तार, ऑटो और बाइक जब्त




**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
पुलिस विभाग के वरीय पदाधिकारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने खूंटी थाना क्षेत्र के सिलादोन चुकरू मोड़ जानेवाले रास्ते में सोमवार को छापामारी कर एक टैंपो पर लदे 348 किलोग्राम अफीम डोडा बरामद किया है। इस मामले में सिलादोन निवासी ऑटो चालक रोहित महतो को गिरफ्तार कर किया गया है। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरूण रजक ने सोमवार देर शाम प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पुलिस के वरीय अधिकारी को रविवार कों गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम तारो के आसपास के जंगल से अवैध डोडा को तीन पहिया वाहन टैम्पो में लादकर सिलादोन से होते हुए ले जाने की योजना बनाई गयी है। उक्त सूचना के आधार पर वरीय पदाधिकारी के आदेश के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए खूंटी थाना क्षेत्र सिलादोन से चुकरू जाने वाले रास्ते में संधन रूप चेकिंग शुरू किया गया। दोपहर लगभग दो एक सफेद बुलेट मोटरसाइकिल आती दिखी। उसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया, पर बाइक सवार ने मोटरसाइकिल को पटक कर भाग गया। कुछ ही देर बाद एक लाल रंग का डाला टैम्पो दिखाई दिया, जिसे रोकने पर टैम्पो चालक भी भागने का प्रयास करने लगा, जिसे सशस्त्र बल की मदद से पकड़ लिया गया।

टैम्पों के ड़ाला को चेक किया गया, तो उसके डाला में 19 प्लास्टिक की बोरी में डोडा लदा हुआ पाया गया, जिसे पीले रंग के तिरपाला से ढंक कर ले जाया जा रहा था। पकड़े गये टैम्पो चालक से पूछताछ करने पर उसने बताया कि सफेद बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति का ही डोडा है। वह स्कॉट करके डोडा ले जाने के लिए आगे आगे चल रहा था। पुलिस ने डोडा के साथ ही टैंपो औरबुलेट मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया।

### खुला तेल और मसाले की बिक्री न करें दुकानदार : मनोज कुमार




**खूंटी।** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने सोमवार को कर्रा प्रखंड के लोधमा मे किराना दुकानों और सब्जी मार्केट के मसाला दुकानों का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान मार्केट के मसाला विक्रेताओं से हल्दी एव धनिया का नमूना लिया गया। इन मसालों को खुला बेचा जा रहा था। खुला तेल भी बेचते हुए पाया गया। इन दुकानदारों को दुबारा खुला तेल और मसाला की बिक्री नहीं करने की चेतावनी दी गई। आकाश डेयरी की दुकानें से मिस्टर बेकरी वाले ब्रांड का एक्सपायरी ब्रेड पाया, जिसे चेतावनी देकर हटाने का निर्देश दिया गया। इस दुकानदार का फूड लाइसेंस-रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया। उस दुकानदार को फूड लाईसेंस और रजिस्ट्रेशन लेने का निर्देश दिया गया।

## नुकसान

### भीषण आंधी की चपेट में आकर सोलर प्लेट हवा में उड़ कर क्षतिग्रस्त

# किसान को 45,000 रुपये का नुकसान उठाना पड़ा



लापुंग। लापुंग प्रखंड के दोलैचा में भीषण आंधी की चपेट में आने से मुगुल साहु पिता भुनेश्वर साहु के खेतों में लगा लाखों रुपए की लागत वाली सोलर प्लेट टूटकर हवा में उड़ गया। इससे उन्हें लगभग 45000 रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। मुगुल साहु ने बताया कि अचानक बारिश के साथ आयी भयानक आंधी ने उसके खेतों में लगे सोलर सिस्टम को तहस-नहस कर दिया। वहीं दोलैचा पंचायत के दोलैचा एवं डिम्बा गांव में अंगनी मुंडाईन पति सोमरा मुंडा के कच्चे मकान में लगा एस्बेस्टस की छत हवा में उड़कर गिरकर बिखर गया। आदिवासी महिला अंगनी मुंडाईन अपने परिवार वालों के साथ मिलकर अबुआ आवास नहीं मिलने पर अपना मिट्टी का कच्चा मकान बनाया और रहने के लिए व्यवस्था कर रही थी। तभी अपराह्न लगभग चार बजे बारिश के साथ आयी भीषण आंधी की चपेट में उसके घर पर लगाए गए एस्बेस्टस की छत पूरी तरह हवा में उड़कर टूट कर बिखर गया। खबर मिलते ही भुक्तभोगी परिवार के घर पहुंचकर समाजसेवी सह विधायक प्रतिनिधि जन्मेंजय पाठक, चरकु भगत तथा दुर्गा नाथ पाईक ने नुकसान का जायजा लिया। जन्मेंजय पाठक ने तुरंत अंचल अधिकारी को मामले की जानकारी दी और पीड़ित परिवार को अंचलाधिकारी के नाम पर आवेदन देने का अनुरोध किया। उन्होंने स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा भी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर संतोष कुमार साहु सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

# समन्वय बनाकर समय पर विकास कार्यों को पूरा करें अधिकारी : उपायुक्त




**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सभी पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने तथा समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन करते हुए लक्ष्य के अनुरुप योजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश डीसी ने दिए। सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य कर ग्रामीण विकास की योजनाओं को धरातल पर लाने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में विकास कार्य जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें।

## न्यूज बॉक्स

### संजय सेठ को मंत्री बनाए जाने पर विनय महतो धीरज ने दी बधाई



सिल्ली। संजय सेठ को मंत्री बनाए जाने पर भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष एवं सिल्ली विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज नेता ने संजय सेठ को बधाई दी है वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है. भाजपा नेता विनय महतो धीरज ने मोदी मंत्रिमंडल में शामिल होने की जानकारी मिलते ही संजय सेठ को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है. साथ ही इसे प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताया है।मुझे पूर्ण विश्वास है विकसित भारत के प्रति आपकी कर्तव्य निष्ठा और सेवा भावना जन आकांक्षाओं को पूर्ण करने एवं भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### इंट्रा क्लब बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन विजेताओं को किया गया सम्मानित



**रांची।** जेएससीए में आयोजित इंट्रा क्लब बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024 का समापन रविवार को हुआ. तीन दिनों तक चले इस प्रतियोगिता में 11 वर्ष से लेकर 55 से अधिक आयु वर्ग में महिला व पुरूष खिलाड़ियों सिंगल्स, डबल्स और मिक्स्ड डबल्स के कुल 12 श्रेणियों में हिस्सा लिया. विजेताओं को मुख्य अतिथि सांसद विजय हांसदा और आईजी सुदर्शन मंडल ने ट्राफी देकर सम्मानित किया. मौके पर जेएससीए के बैडमिंटन कोच बिरेंद्र शर्मा, मैच रेफरी मनोज तिवारी, क्लब के वरीय सदस्य गुरूदयाल सिंह नामधारी, पुरुषोत्तम कुमार, रूद्रदेव कुमार, आशीष सिन्हा, प्रेम तिवारी, दयानंद एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे.

### नए ट्रांसफार्मर की मांग के लिए विद्युत विभाग के पदाधिकारी से मिले: डॉ. परमेश्वर भगत



**चान्हो।** सोमवार को पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने विद्युत विभाग के वरीय पदाधिकारी से मिले और चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पतरातु के लिए न्यू ट्रांसफार्मर का मांग किए। ज्ञात हो की पिछले दिन पतरातू का एक प्रतिनिधिमंडल डॉ परमेश्वर भगत से मिले और बताया कि पतरातू पूर्णता कृषि प्रधान गांव है और एक ट्रांसफार्मर होने की वजह से बिजली की पूर्ण आपूर्ति नहीं हो पाती है जिससे किसानों को काफी समस्याओं से जूझना पड़ता है। डॉ परमेश्वर भगत ने इस काम को गंभीरता एवं प्राथमिकता देते हुए विद्युत विभाग के जीएम से मिले और परामर्श किया कि जल्द से जल्द एक और 100केबी का ट्रांसफार्मर उक्त गांव में लगाया जाए। क्षेत्र के लोग लॉ वोल्टेज के कारण भी काफी परेशान रहते है इन्होंने लॉ वोल्टेज में सुधार लाने के लिए भी अनुरोध किया।

### एसकेएमयू के दिग्घी कैम्पस में कॉलेज कर्मी ने पिया फिनाइल, इलाजरत



**रांची।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय मुख्यालय के दिग्घी परिसर में एक कर्मी ने फिनायल पीकर जान देने का प्रयास किया। गंभीर अवस्था में आनन- फानन में इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार एसपी कालेज के कर्मी अमर आर्चर टुडू दो साल से एरियर भुगतान के लिए विश्वविद्यालय का चक्कर काट रहे थे, जिन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन के रवैये से तंग आकर सोमवार को विश्वविद्यालय मुख्यालय में फिनाइल पीकर जान देने का प्रयास किया। गंभीर हालत में उन्हें मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी। पत्नी ने इसके लिए एसपी कालेज और विवि प्रशासन को दोषी ठहराया है। पत्नी अनीता मुर्मू ने बताया कि पति ने अक्टूबर 2012 में एसपी कालेज में नन टीचिंग स्टाफ के रूप में योगदान किया। योगदान करने के बाद से उन्हें एरियर का भुगतान नहीं किया दिया जा रहा था। वर्ष 2015 में इसके लिए हाई कोर्ट में केस किया। जून 2022 को अदालत ने एरियर भुगतान करने का आदेश दिया। इसके बाद से पति एरियर भुगतान को लेकर कालेज से विवि का चक्कर लगाते रहे। लेकिन हमेशा आश्वासन देकर लौटा दिया जाता। पत्नी का आरोप है कि जानबूझ कर परेशान करने की वजह से अमर तनाव में चल रहे थे।

### उपायुक्त ने पेयजल की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**रांची/ हजारीबाग।** उपायुक्त ने समाहरणालय सभागार में सोमवार को हुई बैठक में हर घर जल, चापानलों-नलकूपों की स्थिति, विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पानी की आपूर्ति और डीप बोरिंग निर्माण कार्य आदि की समीक्षा की। उन्होंने नल जल योजना व अन्य पेयजल संबंधी योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए माह वार, प्रखंड वार तथा ग्राम वार माइक्रो प्लान के साथ कार्ययोजना बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि 344632 घरों को नल जल योजना से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरुद्ध 58.88 प्रतिशत घरों में नल का कनेक्शन किया जा चुका है। इस पर उपायुक्त ने नल जल योजना के द्वारा पेयजल आपूर्ति की नियमित निगरानी रखने को कहा तथा शेष छूटे घरों में कनेक्शन कार्य में गति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कॉन्ट्रैक्टर बेहतर कार्ययोजना बनाकर बैठक करें। गर्मी के मद्देनजर खराब पड़े चापानलों के मरम्मती कार्य में ढुलमूल रवैया न रखें। साथ ही कहा छोटे-मोटे मरम्मत कार्य मुखिया 14वें वित्त के माध्यम से भी करा सकते है।

# भीषण गर्मी में 15 दिनों से लोगों को नहीं मिल रहा पानी

- *मोरहाबादी, बरियातू सहित कई जगहों को ड्राई जोन घोषित किया गया*

**अमित कुमार**

**रांची।** राजधानी रांची में गर्मी चरम पर है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर चला जा रहा है। ऐसे में लोगों को पानी नहीं मिलने से परेशानी अधिक हो रही है। रातू रोड के इंद्रपुरी मुख्य मार्ग में सप्लाई पानी पिछले 15 दिनों से बाधित है। इस वजह से इंद्रपुरी मार्ग-1, नवाब लेन, हनुमान मंदिर गली के कई घरों में पानी नहीं मिल रहा है। यही हाल पहाड़ी मंदिर के पास है। उन क्षेत्रों में पानी के लिए लोग दूर-दूर से चापनल से पानी भर कर ला रहे हैं।

इधर, मोरहाबादी एवं बरियातू क्षेत्र को रांची नगर निगम ने ड्राई जोन घोषित कर दिया है। उन क्षेत्रो में रहने वाले सभी घरो में पानी कि समस्या गंभीर बनी हुई है। कुछ घरों में पानी है, तो वहां भी आशंका जताई जा रही है कि अगले कुछ वर्षों में जलस्त्रोत सूख जाएगा।





शहर के कई जगहों पर निर्माण कार्य चल रहा है, इस वजह से तोड़-फोड़ होने से पानी की पाइपलाइन प्रभावित हुई है। इंद्रपुरी मुख्य मार्ग में मेन पाइपलाइन में कचड़ा फंसा होने से पाइप की सफाई करानी पड़ी है। इसके बाद भी कई घरों में पानी नहीं मिल रहा है, तो निश्चित ही घरों तक जाने वाले पाइप में समस्या होगी। इसके लिए उन सभी घरों को नगर निगम में आवेदन देकर अपने-अपने पाइप कनेक्शन को चेक करवाना होगा।

– शुभम, एसडीओ, पीएचडी विभाग, रांची।

### क्या कहते हैं लोग



गर्मी काफी अधिक है, ऐसे में बिना पानी का रह पाना संभव नहीं है। पिछले 15 दिनों से पानी नहीं आ रहा है।

– पवन गुप्ता




बोरिंग में पानी थोड़ी देर बाद जमा होता है। ऐसे में जलापूर्ति के लिए हम लोग पाइपलाइन पर निर्भर हैं।

– राजीव शर्मा



जल स्तर काफी नीचे चला गया है। बोरिंग में पानी सूख गया है। पानी की पाइपलाइन में सरकार जल्द सुधार करे।

– रंजन पंडित



वाटर कनेक्शन बेकार पड़ा हुआ है। तेज गर्मी में बाहर से पानी लाना पड़ रहा है। पानी के लिए पानी खरीद रहे हैं।

– चिराग श्रीवास्तव

53 वार्डों में से कुल 14 वार्ड (वार्ड संख्या 3, 4, 16, 17, 22, 23, 26, 37, 38, 39, 40, 43, 52, 53) और मोरहाबादी, बरियातू, मेन रोड, हरमू, हिंदपीढ़ी, तुपुदाना एवं आसपास के क्षेत्रों में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडलों द्वारा आंशिक रूप से अथवा ना के बराबर जलापूर्ति की जा रही है। उक्त वार्डों में टैंकर के माध्यम से 365 दिन नि:शुल्क जलापूर्ति की जाती है।

– अमित कुमार, आयुक्त, रांची नगर निगम।

## एक नजर

### रांची नगर निगम में 24 घंटे संचालित कनेक्ट केंद्र की हुई शुरुआत

**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक नागरिकों की समस्याओं और सुझावों को महत्वपूर्ण मानते हुए और उनकी सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य निगम ने 24 गुणा 7 कनेक्ट केंद्र की शुरुआत की है। सेंटर 24 घंटे सातों दिन संचालित रहेगा, ताकि किसी भी समय समस्या सुझावों को साझा यिा जा सके। साथ ही, समस्या के समाधान की दिशा में तुरंत कदम उठाए जा सके। यह एक पारदर्शी एवं प्रभावी शिकायत निवारण मंच प्रदान करेगा, जिससे शिकायतकर्ता शिकायत पर की गई कार्रवाई की वास्तविक स्थिति से अवगत रहेंगे एवं कार्य पूर्ण होने के उपरांत अपना फीडबैक भी दर्ज कर सकेंगे। शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया गया है।

### बदलते कानूनों के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति सह कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा न्यायायुक्त सह अध्यक्ष डालसा, रांची, दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में सोमवार को जिला बार एसोसिएशन, रांची के सहयोग से नवीनतम न्यायिक विकास और बदलते कानूनों के संबंध में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और कानूनी सहायता कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिवाकर पांडे, न्यायायुक्त, रांची, एसके शशि, निदेशक, जुडिशियल एकेडेमी, रांची, अनिल कुमार सिंह, पब्लिक प्रोजिक्यूटर, बीके रॉय, उपध्यक्ष, जिला बार एसोसिएशन रांची संजय विद्रोही, सचिव जिला बार एसोसिएशन, रांची, प्रवीण श्रीवास्तव, चीफ एलएडीसी, न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण आदि उपस्थित थे।

## रिम्स ओपीडी में आज




रिम्स में आज का सुपर स्पेशियलिटी क्लीनिक

1. मेडिसिन विभाग - डॉ (प्रो) बिंदेय कुमार
2. ईएनटी और एचएनएस - प्रो डॉ संदीप कुमार
3. नेत्र विभाग - डॉ एम दीपक लकड़ा
4. मनोचिकित्सक - डॉ अजय कुमार बाखला
5. पेडियाट्रिक विभाग - डॉ (प्रो) आर मिश्रा
6. चर्म रोग विभाग - डॉ प्रभात कुमार

## न्यूज बॉक्स

### विधानसभा अध्यक्ष ने किया आईसीएआई की मासिक पत्रिका 'ज्ञप्ति' का विमोचन



**रांची।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), रांची शाखा की मासिक पत्रिका 'ज्ञप्ति' के जून 2024 अंक का सोमवार को झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने किया। रांची शाखा के मासिक पत्रिका के अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया ने बताया की इस मासिक पत्रिका में प्रोफेशन से जुड़े हर विषयों पर विस्तृत जानकारी विशेषज्ञों के माध्यम से तैयार की जाती है। साथ ही इसमें हर महीने सीए प्रोफेशन से संबंधित एक बड़े पर्सनालिटी के इंटरव्यू भी देने की कोशिश रहती है। इसमें रांची शाखा द्वारा आयोजित गत महीने के सारे प्रोग्राम फोटोग्राफ्स सहित विस्तृत विवरण रहता है और आने वाले महीने के मुख्य कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी जाती है। उन्होंने बताया कि इस मासिक पत्रिका का उदेश्य सीए प्रोफेशनलों को सीए प्रोफेशन और देश से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया जाए। उन्होंने बताया कि यह मासिक पत्रिका रांची और आसपास के लगभग 1200 चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को हर महीने भेजी जाती है। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट की रांची शाखा के सचिव सीए हरेंदर भारती और पूर्व अध्यक्ष सीए प्रभात कुमार भी उपस्थित थे। उन्होंने इस मासिक पत्रिका का झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष द्वारा विमोचन किए जाने को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

### रांची उपायुक्त ने जारी किया आदेश, तत्काल प्रभाव से लागू

# सभी नदी घाटों से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर पूर्णत: रोक

- *बालू का उठाव करते पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी*

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रांची जिले के अंतर्गत सभी नदी बालू घाटों से 10 जून से 15 अक्टूबर 2024 तक बालू उठाव पर पूर्णतः रोक रहेगा। इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को आदेश जारी किया। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, ईस्टर्न जोन बेंच, कोलकाता से पारित आदेश एवं केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सस्टेनेबल सैंड माइनिंग मैनेजमेंट की गाइडलाइन के आलोक में यह आदेश जारी किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है। उपायुक्त ने जिला खनन टास्क फोर्स के सभी सदस्यों, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, बुंडू एवं जिले के सभी अंचल अधिकारियों को नदी घाटों से बालू का उठाव करते पाए जाने वालों पर नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। इस संबंध में उपायुक्त ने वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची से अपने स्तर से सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया है।

### सरला बिरला स्कूल के कई छात्र जेईई एडवांस्ड में हुए सफल

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, हमारे स्कूल के धैर्य पांडे, अपूर्बो रॉय, रौनक कुमार, आर्यमन कुमार और देवांष सरकार जेईई एडवांस्ड 2024 में सफल हुए हैं। प्राचार्या परमजीत कौर ने सफलता के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों तथा शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# चाणक्य आईएएस एकेडमी में नि:शुल्क वर्कशॉप आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लालपुर स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी की रांची शाखा के सभागार में आगामी 11 जून को दिन के 11:00 बजे से वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। यह वर्कशॉप यूपीएससी, जेपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के साथ-साथ इंटरमीडिएट उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए भी मील का पत्थर साबित होगा। दरअसल, ज्ञान अर्जित करना महत्वपूर्ण है, लेकिन काबिलियत विकसित करना भी



अहम है। ये बातें चाणक्य आईएएस एकेडमी के फाउंडर चेयरमैन व सक्सेस गुरु एके मिश्रा ने सोमवार को चाणक्य आईएएस एकेडमी सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान मीडियाकर्मियों से कही। उन्होंने कहा कि काबिलियत को बढ़ावा देने के लिए यह वर्कशॉप कराया जाएगा। चाणक्य आईएएस एकेडमी के विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले कोई भी विद्यार्थी इस वर्कशॉप में शामिल हो सकते हैं। 11 जून को होने वाले वर्कशॉप में इसकी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नकारात्मक ऊर्जा से खुद को बचाकर जीवन के हर क्षेत्र में कामयाबी कैसे पाई जाए, इसे लेकर वर्कशॉप में विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। यह वर्कशॉप इंटर, स्नातक, इंजीनियरिंग, मेडिकल, यूपीएससी, जेपीएससी, बीपीएससी, बैंकिंग, रेलवे सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए अहम होगा।

# सीसीएल के लाल व लाडली ने जेईई परीक्षा में दिखाया जलवा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के महत्वाकांक्षी सामाजिक उत्तरदायित्व योजना 'सीसीएल के लाल एवं लाडली' के अंतर्गत चार छात्रों ने भारत में प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड 2024 के लिए अर्हता प्राप्त की है। सफल होने वाले छात्रों में से सर्वश्री पवन कुमार मुंडा, आलोक कुमार एवं मो कैफ रजा, तीनों किसान परिवार से आते है, वहीं वतन कुमार के पिता एक छोटे दुकानदार हैं और प्रतीक कुमार के पिता प्राइवेट शिक्षक हैं। सफल होने वाले अभ्यर्थियों को सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने हार्दिक बधाई देते हुए आगे की जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्रा ने कहा कि इन छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से सीसीएल के साथ-साथ अपने माता-पिता एवं राज्य का नाम रोशन किया है। यह छात्रों, उनके परिवारजनों और सीसीएल सीएसआर टीम के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 'सीसीएल के लाल एवं लाडली' सीसीएल की एक विशेष पहल है, जहां झारखंड भर से विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्ग और सीसीएल कमांड से जुड़े मेधावी छात्रों का चयन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा (जेईई-मेंस/एडवांस्ड/अन्य) की तैयारी के लिए किया जाता है।




## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस / योग मित्र मंडल रांची ने किया वेबिनार का आयोजन

# योग से स्त्री का साहस बढ़ता है : डॉ निशा जोशी

- *प्रो कामिनी कुमार ने कहा योग महिलाओं को सशक्त बनाने का है माध्यम*
- *योग और ध्यान बृहद रूप से काम करता है, बढ़ता है आत्मविश्वास*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लकर योग मित्र मंडल रांची ने सोमवार को एक वेबिनार का आयोजन किया। इसका विषय था 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग', जो इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का थीम है। प्रोफेसर कामिनी कुमार, विश्वविद्यालय प्रोफेसर (सेवानिवृत्त), पूर्व प्रति कुलपति रांची विश्वविद्यालय, रांची एवं कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा एवं इंदौर की डॉ निशा जोशी, अंतरराष्ट्रीय योग गुरु, स्प्रिचुअल मोटिवेशनल स्पीकर व समाज सेविका वेबिनार के मुख्य वक्ता थीं।

वेबिनार में अंतरराष्ट्रीय योग गुरु डॉ निशा जोशी ने कहा, हमें हमेशा पॉजिटिव रहना जरूरी है। महिलाओं की सशक्तिकरण के बारे में उन्होंने कहा कि शिव शक्ति के बिना अधूरे हैं, महिला शक्ति की केंद्र है, इसलिए अपनी शक्ति को महसूस करने की आवश्यकता है।



उन्होंने बताया कि महिलाए पुरुषों से ज्यादा भावुक होती हैं। महिलाओं एवं किशोरियों में कई तरह की शारीरिक परेशानियां आम हो गई हैं, जिसे योग से ठीक रखा जा सकता है। उन्होंने उन समस्याओं को ठीक करने के लिए कुछ आसनों का भी उल्लेख किया। कहा कि उत्तानपादासन, शलभासन, पवन मुक्तासन, धनुरासन, वक्रासन आदि महिलाओं के लिए काफी लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादा आसान न करके कम ही करें, लेकिन सही तरह से करें, ताकि उनका सर्वाधिक लाभ मिले। जो भी योग करें, सजग होकर करें। डॉ जोशी ने कहा, योग से शरीर की सभी तरह की बीमारियों को ठीक और कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा योग से शरीर के तन्त्रों का आपस में समन्वय बना रहता है। योग से स्त्री का साहस बढ़ता है। उन्होंने गीता और रामायण पढ़ने की भी सलाह दी, जिससे महिला सशक्तिकरण में मदद मिलेगी।

प्रो कामिनी कुमार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, हमें हर दिन योग करना चाहिए।

### 50 योग खिलाड़ी वाजपेयी योग सम्मान से सम्मानित



भाजयुमो के कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर, जन सेवा मंच और नटराज योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कचहरी रोड स्थित जयपाल सिंह स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर एकदिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। इस योग शिविर में रांची शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों योग खिलाड़ियों ने भाग लिया। योगाचार्य आर्य प्रह्लाद भगत ने सभी योग खिलाड़ियों को योग के कई आसान कराए। साथ ही, योग के कई महत्वों को भी बताया। भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर की ओर से 50 सर्वश्रेष्ठ योग खिलाड़ियों को स्व. अटल बिहारी वाजपेयी योग सम्मान देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जन सेवा मंच के संरक्षक मुनचुन राय, भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, जन सेवा मंच के अध्यक्ष निशांत यादव, मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम खेल संघ के अध्यक्ष दीपक वर्मा, युवा नाट्य संगीत अकादमी के निदेशक ऋषिकेश लाल, सुनील वर्णवाल, बिट्टू, दिव्या समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश में योग को बढ़ावा देने के लिए 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में शामिल किया है।







झारखंड विधानसभा में सोमवार को गांडेय से नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन को विधानसभा सदस्यता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान मुख्यमंत्री सहित झारखंड मंत्रिमंडल के कई मंत्री भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान कल्पना सोरेन के माता-पिता भी मौजूद थे।



सोमवार को कांके रोड रांची स्थित आवास पर कल्पना सोरेन से झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद व गोमिया की पूर्व विधायक बबीता देवी ने शिष्टाचार मुलाकात की।

# सिर्फ मॉनसून सत्र में भाग ले सकेंगी कल्पना

## हेमंत को मिली जमानत, तो विधानसभा में बनेगा अनोखा रिकॉर्ड

**आरएनएम ब्यूरो रिपोर्ट**

**रांची।** गांडेय विधानसभा की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन का एक विधायक के तौर पर कार्यकाल 6 माह का ही रहेगा। जबकि विधानसभा में मुश्किल से 15 दिन ही अपनी उपस्थिति दर्ज करा पाएगी। मौजूदा झारखंड विधानसभा का कार्यकाल जनवरी 2025 के पहले हफ्ते में समाप्त हो जायेगा , उसके पहले नवम्बर - दिसंबर में विधानसभा चुनाव होगा। राज्य में आचार संहिता लागू होने से पहले जुलाई-अगस्त में मॉनसून सत्र आयोजित होगा, जो 12-15 दिन का होगा। यह मॉनसून सत्र में कल्पना सोरेन का पहला और अंतिम विधानसभा सत्र होगा। इस तरह उनके पास मात्र तीन से चार माह काम करने के लिए ही बचेगा।

### हेमंत के जेल जाने के बाद राजनीति में कल्पना की इंट्री

अपने पति और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद कल्पना सोरेन ने 4 मार्च को औपचारिक तौर पर राजनीति में एंट्री की और इसके तीन महीने के बाद विधायक बन गईं। इस दौरान कल्पना ने लोकसभा में ना सिर्फ अपनी पार्टी का बल्कि इंडी गठबंधन का आगे बढ़ कर नेतृत्व किया। चुनाव प्रचार के दौरान कल्पना को जनता के बीच पार समर्थन मिला। जिससे झामुमो नेताओं और कार्यकताओं का मनोबल काफी बढ़ा। कल्पना सोरेन के प्रचार करने के कारण झामुमो तीन सीट जीतने में सफल रहा। झामुमो को उम्मीद है कि विधानसभा चुनाव में भी कल्पना स्टार प्रचारक की तरह पार्टी का नेतृत्व कर पार्टी को सत्ता में वापसी कराएगी।

### पति-पत्नी एक साथ दिखेंगे

मौजूदा विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान या उसके पहले अगर हेमंत सोरेन को जमानत मिली या फिर मॉनसून सत्र में कोर्ट ने हेमंत सोरेन को सत्र में भाग लेने की अनुमति दी, तो विधानसभा में एक अनोखा रिकॉर्ड कायम होगा। कल्पना भी पहली बार विधानसभा के सदस्य के रूप में मौजूद रहेगी। इस तरह झारखंड विधानसभा में कोई पति-पत्नी एक साथ दिखेंगे।

### विधानसभा में दिखेगा पूरा सोरेन परिवार

पति-पत्नी के रूप में हेमंत-कल्पना के साथ विधानसभा में शिबू सोरेन का परिवार एक साथ दिखेगा। हेमंत सोरेन की बड़ी भाभी भले सांसद का चुनाव हार गई, लेकिन उनकी सदस्यता अभी बरकरार है। तो इस बार वे भी सदन में दिखेंगी। इन तीनों के आलावा बसंत सोरेन भी अभी चंपई सरकार में मंत्री है, तो वे भी सदन मौजूद रहेंगे। इस तरह शिबू सोरेन का परिवार सदन में एक साथ नजर आएगा।

## एक नजर

### राज्यसभा चुनाव में वोट के लिए नोट मामले में पत्रकार की हुई गवाही

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सोमवार को वर्ष 2010 में राज्यसभा चुनाव में वोटिंग करने के लिए पैसे के लेनदेन से संबंधित स्टिंग ऑपरेशन बाहर आने के बाद दर्ज मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट में स्टिंग करने वाले पत्रकार कुमार आशीष की गवाही दर्ज हुई। इस मामले में पूर्व विधायक राजेश रंजन, योगेन्द्र साव और उमाशंकर अकेला ट्रायल फेस कर रहे हैं। सीबीआई की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रियांशु कुमार सिंह ने पत्रकार आशीष कुमार की गवाही दर्ज करवाई। गवाही के दौरान सभी आरोपित कोर्ट में मौजूद थे।

### जयराम महतो की अग्रिम बेल याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला 18 जून को

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने मामले में फैसले की तिथि 18 जून निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने इस केस के अनुसंधानकर्ता को केस डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

### टेरर फंडिंग मामले में टीपीसी नक्सली बीरबल गंझू को मिली जमानत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोयला परियोजना में टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में आरोपित टीपीसी नक्सली बीरबल गंझू की जमानत याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। कोर्ट ने बीरबल गंझू को जमानत प्रदान कर दी। वह साढ़े चार साल से जेल में है। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### प्रदेश कांग्रेस कल लोस चुनाव में हुई हार-जीत की करेगी समीक्षा

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस लोकसभा चुनाव में हुई हार और जीत की विस्तृत समीक्षा 12 जून को करेगी। इस बाबत प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने सोमवार को कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में झारखंड में इंडिया गठबंधन को पांच सीटों पर जीत मिली जबकि सात सीटों पर कांग्रेस और अन्य सीटों पर गठबंधन दल के उम्मीदवार थे। इनमें दो सीटों पर कांग्रेस और तीन सीटों पर झामुमो को जीत मिली। सोनाल शांति ने कहा कि पार्टी को झारखंड में आशा अनुरूप परिणाम प्राप्त नहीं हुए। राज्य में इसी वर्ष के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव में हुई हार-जीत की पूरी समीक्षा आवश्यक है। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार 12 जून को संगम गार्डन मोराबादी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक बुलाई गई है। समीक्षा बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष, मंत्री, सांसद, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी, कोऑर्डिनेटर, अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, अग्रणी संगठन एवं विभाग के अध्यक्ष, चेयरमैन, अध्यक्ष, सदस्य, बोर्ड निगम, आयोग, मीडिया प्रभारी,चेयरमैन, प्रवक्ता, स्टेट सोशल मीडिया चेयरमैन उपस्थित रहेंगे।

## 'स्कूल-कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू बेचने वाले दुकानदारों को चिह्नित करें'

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्कूल-कॉलेज से 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने वाले दुकानों को हटाया जाएगा। ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई भी की जाएगी। राज्य सरकार ने मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए सभी उपायुक्तों को निर्देश जारी किया है। गृह सचिव वंदना दादेल ने इस बाबत सभी जिलों के डीसी को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिया है कि वे अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) की अध्यक्षता में समिति गठित करके इस संबंध में कार्रवाई प्रारंभ कराएं। स्कूल-कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू की बिक्री करने वाले दुकानदारों को चिह्नित करें। राज्य सरकार ने स्कूली शिक्षा विभाग को जागरूकता कार्यक्रम चलाने के लिए लोगों को भी चिह्नित करने को कहा है।

### स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम 14 से

मादक पदर्थों का सेवन नहीं करने और इसके दुष्परिणाम से विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए 14 जून से सभी स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। 14 और 15 जून को स्कूल स्तर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 18 और 19 जून को स्कूलों में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता, 20 जून को निबंध प्रतियोगिता, 22 जून को प्रभातफेरी, स्लोगन राइटिंग, स्पीच प्रतियोगिता इत्यादि आयोजित होगी। 24 जून को साइकिल रैली और 25 जून को जिला के पदाधिकारियों का स्कूलों में भ्रमण किया जाएगा। 26 जून को ड्रग्स के विरुद्ध अभियान के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाएगा।

डीजीपी ने अधिकारियों के साथ बैठक की, दिए कई दिशा-निर्देश, कहा

## माओवादियों के विरुद्ध ठोस रणनीति बनाकर चलाएं कारगर अभियान

*लंबित कांडों का त्वरित गति से निष्पादन किया जाए*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय में आईजी, डीआईजी , एसएसपी और एसपी के साथ बैठक की। डीजीपी ने राज्य की वर्तमान विधि व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने, आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने, नक्सलियों के खिलाफ तेजी से अभियान चलाने, पोक्सो एक्ट के मामलों में त्वरित कार्रवाई करने सहित कई दिशा-निर्देश दिए। डीजीपी ने राज्य में शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव संपन्न कराने पर सभी पुलिस पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। बैठक में डीजीपी ने विधि-व्यवस्था, वारंट का कार्यान्वयन, अन्वेषणों की अद्यतन स्थिति, अपराध नियंत्रण, पोक्सो अधिनियम से संबंधित मामलों का अनुश्रवण, सर्टिफिकेट केस की अद्यतन स्थिति, अवैध खनन, अवैध मादक पदार्थ शराब, पुलिस अवसंरचना संबंधी मुद्दे, योजनाओं के क्रियान्वयन में विधि-व्यवस्था से संबंधित मामले, वन एवं भू-राजस्व से संबंधित मामले, जो पुलिस गतिविधि को प्रभावित करते हैं, जेपीएससी, जेएसएससी परीक्षाओं के आयोजन में विधि-व्यवस्था तथा अन्य अपराधों एवं उसके निष्पादन पर विमर्श किया। साथ ही, उन्होंने इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। डीजीपी ने राज्य में माओवादियों की शरण स्थली को चिह्नित कर संयुक्त अभियान चलाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में नक्सलग्रस्त क्षेत्रों में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि बचे हुए माओवादियों के विरुद्ध ठोस रणनीति बनाकर कारगर अभियान चलाने कहा।

## 'छोटा परिवार सुखी परिवार' के मंत्र को अपनाना है : डॉ शाही

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अंतर्गत परिवार नियोजन कार्यक्रम की अस्थायी विधि अंतरा एवं ओरल कांट्रासेप्टिव पिल्स पर सोमवार को एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में राज्य के बारह जिलों से दो-दो चिकित्सा पदाधिकारी व जीएनएम ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सीके शाही, निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं ने की। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक डॉ लाल मांझी तथा डॉ उमा सिन्हा, उपाधीक्षक जीवीआई ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित किया। निदेशक प्रमुख डॉ सीके शाही ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि अंतरा तथा ओरल कांट्रासेप्टिव पिल्स परिवार नियोजन की अस्थायी विधि है। परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरा इंजेक्शन और ओरल कांट्रासेप्टिव पिल्स पर प्रशिक्षण का उद्देश्य अस्थायी विधियों के सही उपयोग, लाभ और प्रबंधन की जानकारी प्रदान करना है। 'छोटा परिवार सुखी परिवार' के मंत्र को अपनाना है। अंतरा एक गर्भनिरोधक इंजेक्शन है। यह स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है। अंतरा का इंजेक्शन प्रत्येक तीन माह पर लगाया जाता है। यह बहुत निजी और गोपनीय तरीका है। ये किसी भी उम्र में लिया जा सकता है, चाहे महिला के बच्चे हुए हों या नहीं।

## झामुमो को एनडीए के घर में झांकने की जरूरत नहीं : भाजपा सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** भाजपा विधायक मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनने के बाद विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो से मुलाकात कर उन्होंने त्याग पत्र दे दिया। इस्तीफे के बाद मनीष जायसवाल ने कहा कि आजसू को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल नहीं करने पर कहा कि झामुमो को इसकी चिंता करने की जरूरत नहीं है। यह टीम के कप्तान नरेंद्र मोदी है, जो टीम को संचालित करना जानते है। फिर कोई अपने पड़ोसी के पूछ कर सामान नहीं खरीदता है। आजसू पार्टी के लोगों अंसतोष नहीं जताया है। लेकिन झामुमो को परेशानी हो रही है। भाजपा सांसद ने कहा कि जिस तरह वे विधानसभा में जनता के मुद्दे को लेकर मुखर रहे हैं, वे संसद में भी जनता के मुद्दे को लेकर आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने इंडी गठबंधन पर निशाना साधेते कहा कि जिस तरह चुनाव के दौरान विपक्षी दलों ने संविधान और लोकतंत्र खतरे में है का अफवाह फैलाया, लेकिन अब जनता धीरे-धीरे सच्चाई समझने लगी है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा संविधान का सम्मान करती रही है, संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी ने संविधान के प्रति अपने सम्मान को दिखाया भी।

तीन और विधायक भी देंगे इस्तीफा

भाजपा विधायक मनीष जायसवाल के अलावा भाजपा विधायक ढुल्लू महतो (धनबाद) तथा झामुमो विधायक जोबा मांझी (सिंहभूम) और नलिन सोरेन (दुमका) ने भी लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की है और सांसद बने हैं।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन व कृषि उद्योग आधारित व्यवसाय के प्रोत्साहन के लिए शिविर का हुआ आयोजन

## चैंबर राज्य के प्रगतिशील किसानों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध : किशोर मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की अहारी उप समिति ने सोमवार को चैंबर भवन में राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड योजना, कृषि विपणन अवसंरचना योजना, कृषि अवसंरचना निधि योजना, कृषि क्लिनिक एवं कृषि व्यवसाय केंद्रीय योजना और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना, कृषि उद्योग राज्य नीति, कृषि निर्यात राज्य नीति जागरूकता एवं कार्यान्वयन शिविर का आयोजन किया। कार्य्रक्रम का आयोजन चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में हुआ।

उन्होंने कहा कि चैंबर राज्य के प्रगतिशील किसानों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में कॉमर्शियल खेती, कृषि विपणन अवसंरचना व कृषि आधारित उद्योग को राज्य के प्रत्येक जिले के ग्रामीण स्तर तक में ले जाने के लिए चैंबर हरसंभव सहयोग करेगा तथा उद्यमियों के अपने उत्पाद के मार्केटिंग की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

चैंबर भवन में दिन भर चले इस शिविर में चाईबासा, देवघर, कोडरमा, हजारीबाग, दुमका, गुमला, सिमडेगा से बड़ी संख्या में किसान और कृषि आधारित उद्योग से जुड़े लोग शामिल हुए। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के राज्य प्रभारी अंजनी लकड़ा ने बताया कि इस योजना के तहत झारखंड में ग्रामीण स्तर पर खाद्य, कुटीर/लघु उद्योग की स्थापना कर लाखों लोगों के लिए रोजगार का सृजन किया जा सकता है। इस योजना के तहत 35 फीसदी अनुदान का प्रावधान है। अनुदान की अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये है। इसके तहत अचार, पापड़, बडी, चनाचूर, चिप्स, कुरकुरे, सत्तू, दाल, मसाला, तेल मील, दाल मिल, मुरी मील, पशु आहार, सोयाबीन पनीर, ड्राई प्याज एवं टमाटर पाउडर, मिठाई निर्माण, चूड़ा निर्माण, इमली पाउडर, इमली चटनी, चिरौंजी, कटहल, आम, टोमैटो जूस सॉस, मिल्क प्लांट आदि 150 से अधिक खाद्य आधारित उद्योग की स्थापना की जा सकती है।

कृषि विपणन अवसंरचना योजना के राज्य प्रभारी सचिन कुणाल ने जानकारी दी कि राज्य के सभी जिला, प्रखंड एवं गांव में किसान व उद्यमी 50 से 5000 टन क्षमता के गोडाउन का निर्माण करा सकते हैं। इसके लिए शेड्यूल एरिया में 33.5 फीसदी और सामान्य क्षेत्र में 25 फीसदी अनुदान का प्रावधान है।

कृषि क्लिनिक व कृषि व्यवसाय केंद्रीय योजना की जानकारी नाबार्ड के एजीएम गुड़िया कुमारी ने दी। बताया कि इस योजना के तहत कृषि स्नातक व कृषि डिप्लोमा होल्डर राज्य के प्रत्येक प्रखंड एवं गांव में एग्री क्लिनिक एवं एग्री उपादान केंद्र के व्यवसाय का केंद्र खोल सकते हैं। इसमें 20 लाख रुपये तक के प्रोजेक्ट रिपोर्ट में 36 से 44 फीसदी अनुदान का प्रावधान है। इस योजना के तहत 45 दिन का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है।

## न्यूज बॉक्स

### किसान सम्मान निधि किसानों के लिए बहुत बड़ा सहारा : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार का पहला निर्णय किसानों के कल्याण को समर्पित रहा है। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज तीसरे कार्यकाल की शुरूआत किसान सम्मान निधि की फाइल पर हस्ताक्षर कर किया। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि किसानों के लिए बहुत बड़ा सहारा है। वर्ष में तीन बार प्रति किस्त 2,000 रुपये के हिसाब से किसानों के खाते में 6,000 रुपये भेजे जाते हैं। आज तीसरी बार मोदी सरकार के माध्यम से योजना की 17वीं किस्त जारी की गई है, जिसमें देश के 9.30करोड़ किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। मरांडी ने कहा कि झारखंड के भी लाखों किसान इस कल्याणकारी योजना से लगातार लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार तीसरे कार्यकाल में भी किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाकर किसानों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेगी।

### एनडीए सरकार में झारखंड के साथ भेदभाव : सुप्रियो भट्टाचार्य



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर झारखंड के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मोदी कैबिनेट में झारखंड की उपेक्षा की गई है। रांची के सांसद संजय सेठ को केंद्रीय मंत्री बनाने पर भी सुप्रियो ने सवाल उठाया और कहा कि एक ऐसे सांसद को मंत्री बनाया गया है, जिन्होंने पार्लियामेंट में कभी बंद पड़े एचईसी को लेकर एक सवाल तक नहीं उठाया है। भट्टाचार्य सोमवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने भाजपा पर एनडीए की सहयोगी पार्टी आजसू की भी अनदेखी और अनादर करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि एनडीए में शामिल एक-एक पार्टी के सांसदों को मंत्री पद दिया गया लेकिन गिरिडीह से लोकसभा चुनाव जीतकर दोबारा सांसद बने आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी को मंत्री पद नहीं दिया गया। भट्टाचार्य ने कहा कहा कि आजसू राज्य में भाजपा का पुराना सहयोगी है। आजसू स्थानीय पार्टी है। उसे केंद्र में मंत्री पद दिया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए जो हक और सम्मान मिलना चाहिए वह नहीं मिला। सरना धर्म कोर्ड, पिछला वर्ग का आरक्षण 27 प्रतिशत और जातीय जनगणना को लागू करने के लिए झारखंड से मंत्रिपरिषद में उचित हिस्सेदारी मिलनी चाहिए वह नहीं मिला। क्या कोई भी भूमि पुत्र यहां नहीं मिला।

### अपहृत प्लाईवुड व्यवसायी सकुशल बरामद महिला सहित चार गिरफ्तार



**रांची।** कोतवाली थाना क्षेत्र के किशोरगंज चौक के पास से अपहृत कारोबारी अमित गुप्ता को रांची पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही, एक महिला सहित चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में जगरनाथपुर थाना निवासी अमरनाथ तिवारी, तुपुदाना थाना निवासी राजीव सिंह, चुटिया थाना निवासी विशाल सिंह राणा एवं चुटिया थाना निवासी काजल कुमारी शामिल हैं। इस घटना को अंजाम देने में इस्तेमाल किया गया वाहन भी पुलिस ने पकड़ा है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि रविवार रात सूचना मिली कि कोतवाली थाना क्षेत्र के किशोरगंज चौक के पास से एक प्लाईवुड व्यवसायी अमित गुप्ता नाम के व्यक्ति का कुछ लोगों द्वारा अपहरण कर लिया गया है। अपहरणकर्ता उसे एक ब्लैक रंग के स्कॉर्पियो में उठाकर ले गए हैं। सूचना मिलते ही सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। शहर के सभी रास्ते पर चेक नाका लगाकर गठित टीम ने अपराधियों का पीछा करके शालीमार मार्केट के पास घेराबंदी कर अपराधियों को पकड़ लिया। साथ ही, अपहृत प्लाईवुड व्यवसायी अमित गुप्ता को सकुशल बरामद कर लिया गया।जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए अपराधी लोन दिलाने का काम करते थे। व्यवसायी अमित गुप्ता ने उनके माध्यम से लोन लिया था। लेकिन, कमीशन चार लाख रुपये मांगा जा रहा था। इसपर व्यवसायी ने मना कर दिया था, जिसके बाद अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है।

### मुख्यमंत्री से विधायक शिल्पी नेहा ने विकास कार्यों में तेजी लाने का किया आग्रह

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से अबुआ आवास निर्माण में तेजी लाने के लिए बालू की किल्लत को दूर करने की मांग की। साथ ही कहा कि इसके लिए बालू घाटों की बंदोबस्ती बहुत जरूरी है। शिल्पी ने मुख्यमंत्री से कहा कि अगले कुछेक महीनों में ही झारखंड में विधानसभा चुनाव होने वाला है और अब एक प्रकार से विकास कार्यों से सम्बंधित सरकारी गतिविधियों के लिए केवल तीन-चार महीने का ही समय बचा है। उन्होंने अनुरोध किया कि जिस प्रकार से मांडर की जनता ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी का दिल खोलकर समर्थन किया उसे देखते हुए यह बहुत जरूरी है कि विकास व कल्याणकारी योजनाओं से आम लोगों को तेज गति से लाभान्वित किया जाये। इसपर मुख्यमंत्री सोरेन ने अविलंब सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। शिल्पी ने कहा कि सरकार विकास के प्रति पूरी तरह समर्पित है लेकिन लंबे समय से आचार संहिता लगे होने के कारण झारखंड में विकास कार्य शिथिल पर गये थे। अब सरकार विकास कार्यों में गति लाकर आम लोगों की आकांक्षाओं को तेजी से पूरा करेगी।

## एक नजर

### सेनेगढ़ा में मनाया गया आस्था और भक्ति का पर्व मंडा

**गिद्दी।** सेनगढ़ा में रात्रि में आस्था और भक्ति के साथ मंडा का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। शिवभक्तों ने सर्वप्रथम दिन भर उपवास रख लोटन सेवा किया। इसके बाद सोक्ताइनों ने कलश में जल लेकर शिव मंदिर की परिक्रमा किया। फिर भोक्ता और सोक्ताइनों ने भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चना कराया। इसके बाद 115 भोक्ता और सोक्ताइनों ने दहकते अंगारों पर चलकर फूलखुंदी कर आस्था और भक्ति का कठिन परीक्षा दिया। वहीं मंडा मेला में पुरुलिया के छउ कलाकरों ने नृत्य प्रस्तुत करके लोगों का मनोरंजन किया। इसके पहले मंडा पूजा समारोह का बतौर मुख्य अतिथि जिप सदस्य सर्वेश सिंह और मुखिया उमेश करमाली ने फीता काटकर उद्घाटन किया। जबकि मंडा पूजा को सफल बनाने में अध्यक्ष सुखदेव मांझी,कमल महतो, रोहित महतो, मंगल मुंडा, रामू पाहन, गुजराल पाहन, दिलीप महतो, रुपेश महतो आदि ग्रामीणों ने योगदान किया।

### कटिया बस्ती में मंडा पूजा के पूर्व शिव भक्तों ने विधि विधान से की लोटन सेवा

**रामगढ़ / पतरातू।** पतरातू प्रखंड क्षेत्र के कटिया में मंडा पूजा के पूर्व संध्या रविवार शिव भक्तों ने लोटन सेवा पूजा विधि विधान से की। इसमें शिव भक्त पुत्रियां नाला के पवित्र जल में स्नान कर खुले बदन शिवालय पहुंचे। जहां पुरोहित की देखरेख में पूजा-अर्चना के साथ लोटन सेवा किया। इस दौरान पुरोहित ने बताया कि प्रत्येक वर्ष मंडा पूजा के पूर्व संध्या और मंडा पूजा की संध्या को निर्जला उपवास में चल रहे भक्तगण स्नान कर लोटन सेवा देने का रिवाज है। लोटन सेवा वहीं भक्त कर सकते हैं जो उपवास में रहते हैं। इधर आयोजन समिति ने बताया कि मंडा पूजा के मौके पर लपरभंगी पूजा, फूलखुंदी होगा। इसमें बंगाल के कलाकारों की ओर से छऊ नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही भक्ति जागरण और कलाकारों की ओर से झांकी प्रस्तुत किया जाएगा।

### गुरुद्वारा साहिब में मनेगा श्री गुरु अर्जन देव का शहीदी दिवस

**रामगढ़।** रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में सोमवार को गुरु अर्जन देव का शहीदी दिवस मनाया जाएगा। जिसमें विशेष दीवान आयोजित होगा। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में शहीदी दिवस को लेकर 8 जून को अखंड पाठ रखी गई थी। जिसका समापन 10 जून को सुबह 7.30 बजे रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में होगा। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में दोपहर दो बजे तक गुरबाणी कीर्तन और कथा विचार होगा। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने बताया कि इस मौके पर भाई नरेंद्र सिंह बनारस वाले अपने शब्दों से संगत को निहाल करेंगे। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी भाई गुरजीत सिंह कथा विचार कर सिख इतिहास के बारे में जानकारी देंगे। पश्चात रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी भाई सरबजीत सिंह अपने शब्दों से संगत को निहाल करेंगे।

# ब्रेकडाउन ट्रक को हाइवा ने मारी टक्कर, एक की मौत, तीन घायल



नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़। मांडू थाना क्षेत्र क्षेत्र के जोड़ा तालाब के निकट सोमवार को सड़क के किनारे खड़े ब्रेकडाउन ट्रक ने कोयला लदे हाइवा से भिड़ंत हो गई। इस घटना में ब्रेकडाउन ट्रक के नीचे जैक लगाकर काम कर रहे मेकेनिक की कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, उप चालक और ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि हाईवा चालक केबिन में फंस गया। काफी प्रयास के बाद घायल हाइवा चालक को लोगों ने बाहर निकाला। दुर्घटना में घायल सभी लोगों का प्राथमिक उपचार मांडू में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना के संबंध बताया जाता है की हजारीबाग से रामगढ़ की ओर जा रहा ट्रक संख्या जेएच 02 भी/4631 मांडू जोड़ा तालाब के निकट ब्रेकडाउन हो गया। जिसे ठीक करने के लिए सोमवार सुबह कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोचरा निवासी मैकेनिक कारू यादव अपने हेल्फर सुबोध यादव को लेकर वहां पहुंचा। जैक लगाकर कारू यादव ट्रक के नीचे घुसकर काम कर रहा था। उसका हेल्फर सुबोध यादव और ट्रक चालक दीपक कुमार राणा हजारीबाग निवासी दोनों पास खड़े थे। इसी बीच हजारीबाग की ओर से आ रहे हाइवा संख्या जेएच 02 बीजी/6668 अनियंत्रित होकर उक्त ब्रेकडाउन ट्रक को जोरदार टक्कर मारा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हाइवा का पूरा केबिन ट्रक में घुस गया। इस घटना में ट्रक में लगा जैक हट गया। ट्रक के नीचे धंसते हीं कारू यादव नीचे दब गया। मौके पर हीं उसकी मौत हो गई। हेल्फर सुबोध यादव और ट्रक चालक दीपक कुमार राणा को गंभीर चोटें आई। सुबोध का हाथ तथा दीपक के पैर की हड्डी टूट गई। वहीं दूसरी ओर हाईवा चालक केबिन में बूरी तरह से फंस गया। भीड़ में मौजूद लोगों तथा स्थानीय पुलिस की मदद से हाइवा चालक बड़गांव निवासी मनोज महतो को काफी मशक्कत के बाद लहूलुहान हालत में बाहर निकाला गया। उसके दोनों पैर की हड्डी टूट कर बाहर निकल गई थी।

**टक्कर इतनी जोरदार थी कि हाइवा का पूरा केबिन ट्रक में घुस गया। इस घटना में ट्रक में लगा जैक हट गया। ट्रक के नीचे धंसते हीं कारू यादव नीचे दब गया**

## सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग पर भड़के ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** इचाक प्रखंड के मोदी पोखर से करिमाटी सेवानी नदी तक 4 करोड़ 13 लाख की लागत से सड़क का निर्माण हो रहा है। निर्माण के दौरान ढलाई से पूर्व ग्रामीणों की सहमति के बिना,कचड़े वाली मिट्टी से भराई किया जा रहा है जबकि प्राक्कलन में मिट्टी के जगह मोरम का उपयोग करना है। सूचना मिलने पर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता ने ग्रामीणों के साथ निरीक्षण कर मुंशी को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी।कहा कि इचाक क्षेत्र में अनियमितता बिल्कुल चलने नही देंगे। विरोध के दौरान मुखिया पति चंदन प्रसाद मेहता, राजकुमार मेहता, अरविंद प्रसाद मेहता, अजय प्रसाद मेहता, वेतन महतो, पार्वती देवी, पंकज मेहता, रवि कुमार, नरेश ठाकुर, बहादुर प्रसाद मेहता,नरेश मेहता,चंपा कुमारी, उर्मिला देवी, बबन कुमार, विजय मेहता, जुगल मेहता, मनोज मेहता समेत कई अन्य मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### आर्का जैन यूनिवर्सिटी ने किया करियर काउंसलिंग का आयोजन



**रामगढ़।** आर्का जैन यूनिवर्सिटी जमशेदपुर द्वारा करियर काउंसलिंग का आयोजन घाटों स्थित कृष ओम होटल में किया गया। जिसमें पांच स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। काउंसलिंग के दौरान में करीब 200 छात्रों ने 12 वीं के बाद अपने कोर्स के बारे में जानकारी हासिल की। काउंसलिंग में छात्रों को बीटेक, डिप्लोमा, बीसीए, बीबीए, बी फार्म की जानकारी दी गई। आर्का जैन यूनिवर्सिटी के हजारीबाग हेड सुमित कुमार एवं विश्वजीत सिंह ने बताया कि आर्का जैन यूनिवर्सिटी अब एनएएसीए हो गई है और जैन यूनिवर्सिट बेंगलुरु के साथ तीन नए कोर्स की शुरूआत की है। जिसमें बीएमएलटी, एनेस्थीसिया एंड ऑपरेशन थिएटर और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नोलॉजी की शुरूआत की गई है।

### गुंजरा के आशीष कुमार ने जेईई एडवांस में पाई सफलता, क्षेत्र का बढ़ाया गौरव



**बरकटा।** प्रखंड क्षेत्र के झुरझुरी पंचायत अंतर्गत ग्राम गुंजरा निवासी लक्ष्मण कुमार के पुत्र आशीष कुमार ने अपने प्रथम प्रयास में ही देश के कठिनतम एग्जाम जेईई एडवांस में सफलता पाकर इलाके का गौरव बढ़ाया है। पिता पेशे से बिजनेसमैन है तथा मॉ देवन्ती देवी हाउसवाइफ हैं।इन्होंने जेईई एडवांस में 16887 रैंक तथा कैटेगरी में 4259 रैंक प्राप्त किया है। इनकी पढ़ाई 12 तक डीएवी बरही से हुई ।वहीं कक्षा 10 वीं वर्ष 2021 में 91% तथा 12वीं वर्ष 2023 में 84% अंक प्राप्त किया था। आशीष ने बीटेक के बाद सिविल सर्विसेज में जाने की इच्छा प्रकट की है। ज्ञात हो कि आशीष एलन कैरियर इंस्टिट्यूट से ऑनलाइन क्लास किया तथा घर में ही रहकर परीक्षा की तैयारी पूरी की।

### बरही पुलिस ने पकड़े मवेशियों से लदे दो ट्रक, कई ने तोड़ा दम, प्राथमिकी दर्ज

**बरही।** रसोईया धमना मोड़ पर विगत शनिवार की रात्रि लगभग 10 बजे ग्रामीणों के सहयोग से बरही पुलिस ने बीआर 24 सीए 2032 व बीआर 24 सीए 3811 एचआर ट्रक को पकड़ा। जहां दोनों ट्रकों में क्रूरता पूर्वक 16-16 मवेशी पाए गए। जिसमें कई मवेशियों का दम घुटने के कारण मौत भी हो गई। पुलिस रात्रि में मवेशियों से भरी ट्रक को बरही थाना ले आई। दोनों ट्रकों में त्रिलोकी सिंह पिता राम नरेश सिंह डीजियां सासाराम, राजू राम पिता राजेंद्र राम फैजाबाद ट्रक चालकों को भी लेकर गई। इस दौरान पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया की जांच के दौरान पता चला कि दोनों ट्रक पर अवैध रूप से गोवंशियों को एक जगह से दूसरे जगह ले जाने एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत बिहार के चंदौली जिला के नवगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है और उक्त पशुओं को उनके गंतव्य स्थान पर पहुंचाने के लिए उक्त वाहनो को छोड़ा गया था, जिसे ग्रामीणों के सूचना पर बरही पुलिस ने पकड़ा लेकिन जांचोंपरांत उक्त वाहनों को छोड़ दिया गया। दम घुटने से मृत हुए पशुओं को बरही थाना ने मिट्टी दिलाने का काम किया।

**उपायुक्त ने की पेयजल, स्वच्छता व जल जीवन मिशन की समीक्षा**

# प्लान के साथ कार्ययोजना बनाकर कार्य करें अधिकारी




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** पेयजल एवं स्वच्छता तथा जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। सोमवार को समाहरणालय सभागार में हुई समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने हर घर जल, चापानलो की अद्यतन स्थिति, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग अंतर्गत साधारण मरम्मती कर चालू किए गए ड्रिल्ड नलकूपों की स्थिति, विद्यालयों और आंगनवाडी केंद्रों में पानी की आपूर्ति की स्थिति, जिला योजना अनाबद्ध निधि द्वारा डीप बोरिंग का निर्माण कार्य की स्थिति आदि की समीक्षा की। उपायुक्त ने नल जल योजना व अन्य पेयजल संबंधी योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए माह वार, प्रखंड वार तथा ग्राम वार माइक्रो प्लान के साथ कार्ययोजना बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता ने बताया की 344632 घरों को नल जल योजना से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित है जिसके विरुद्ध 58.88 प्रतिशत घरों में नल का कनेक्शन किया जा चुका है। इस पर उपायुक्त ने नल जल योजना के द्वारा पेयजल आपूर्ति की नियमित निगरानी रखने को कहा तथा शेष छूटे घरों में कनेक्शन कार्य में गति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कॉन्ट्रैक्टर बेहतर कार्ययोजना बनाकर बैठक करें। गर्मी के मद्देनजर खराब पड़े चापानलों के मरम्मती कार्य में ढुलमूल रवैया न रखें उन्होंने कहा छोटे मोटे मरम्मती कार्य मुखिया 14वें वित्त के माध्यम से भी करा सकते है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि 01.03.24 से 09.06.24 तक कुल 1900 चापानलों को मरम्मती कर क्रियाशील किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि रोजाना दैनिक अखबार में पेयजल से संबंधित खबरें प्रकाशित होती है,इसके लिए किसी आदेश का इंतजार न करें बल्कि खुद संवेदनशील होकर तत्परता से तत्संबंधी शिकायत या समस्या का निराकरण करने पर ध्यान केंद्रित करें।

## जगन्नाथ धाम मंदिर प्रांगण में तड़ित चालक लगाने की हुई शुरुआत



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** भगवान श्री जगन्नाथ थाम में आगामी होने वाले रथ यात्रा के पूर्व मंदिर प्रांगण में तड़ित चालक लगाने के कार्य का श्रीगणेश सोमवार को किया गया। आपको बता दे कि कुछ दिनों पूर्व हीं समाजसेवी व भाजपा नेता ने प्रदीप प्रसाद ने इसे लेकर सिलवार के गणमान्यों के साथ बैठक कर इस पर चर्चा की थी। श्री प्रसाद ने कहा कि पिछले साल रथ मेला में व्रजपात होने के चलते घटनास्थल पर ही दो लोगों की मृत्यु हो गई थी, जिससे उनका मन काफी व्यथित था। हर कोई इस घटना को लेकर काफी दुखी दिख रहा था। उन्होंने कहा कि भविष्य मे इसकी पुनरावृति न हो इसी के लिए यह पहल की गई है। ग्रामीणों ने भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के इस पहल की सराहना की है। मौके पर जिला परिषद सदस्य कौलेश्वर रजक, संतोष पाण्डेय, पूर्व मुखिया महेन्द्र राम, विजय राम एवं राजा उपस्थित थे।

**पिछले साल रथ मेले में व्रजपात होने के चलते घटनास्थल पर ही दो लोगों की मृत्यु हो गई थी जिससे सभी का मन काफी व्यथित था**

### अन्नपूर्णा देवी को मंत्रिपरिषद में शामिल किए जाने पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न



**बरकट्ठा।** कोडरमा लोकसभा सांसद अन्नपूर्णा देवी को कैबिनेट मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिव्य कल्याण आश्रम बरकट्ठा में एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जश्न मनाया तथा बधाइयां दीं। वहीं सांसद प्रतिनिधि केदार साव ने कहा कि आजाद भारत में पहली बार कोडरमा सांसद को केबिनेट में स्थान मिला है। यह सम्मान अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में कोडरमा लोकसभा के लिए गौरव का पाल है। कहा उन्हें कैबिनेट मंत्रीमंडल में शामिल किए जाने पर हम कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर है। इसके लिए हम सभी कार्यकर्ताओं की ओर से कैबिनेट मंत्री अन्नपूर्णा देवी को बहुत-बहुत बधाई। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केदार साव, बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, पुर्व मंडल अध्यक्ष रीतलाल प्रसाद, दुगानंद झा,मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र मेहता, किसान मोर्चा अध्यक्ष छोटेलाल प्रसाद, भाजयुमो उपाध्यक्ष राजकुमार मंडल, राजकुमार यादव, राजकुमार पंडित,सुनील प्रसाद, विजय यादव,दिलीप मंडल,बुलाकी प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## स्टार प्रचारक जलेश्वर अपने बूथ-गांव से नहीं दिला सके मथुरा को वोट, तीसरे नंबर पर रहे

**नवीन मेल संवाददाता। कतरास** गिरिडीह लोकसभा चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो की हार के बाद कांग्रेस, झामुमो सहित अन्य सहयोगी दलों के स्टार प्रचारकों की हकीकत सामने आ गई.अपने आप को बड़े नेता का तमगा लगाकर चलने वाले नेताओं को उनके बूथों में ही जनता ने नकार दिया है. इनमें कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री स्टार प्रचारक जलेश्वर महतो तो अपने गांव के बूथों में भी पार्टी प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो को वोट नहीं दिला सके. साथ ही वर्तमान निवास स्थान या यूं कह लें कि उनके मुहल्ले के लोगों ने भी उनसे मुंह मोड़ लिया. जलेश्वर वर्तमान समय में सिंगड़ा पंचायत के लाल बंगला में रहते हैं. प्राथमिकी विद्यालय पाण्डेडीह बूथ संख्या 179 में वे मतदान करते हैं.जलेश्वर के बूथ में मतदाताओं की संख्या 621 है जहां इस बार कुल 359 वोट पड़े. जलेश्वर के बूथ में उनसे अधिक प्रभावशाली निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो दिखे, जबकि इस बूथ में मथुरा प्रसाद महतो तीसरे नंबर पर रहे. बूथ संख्या 179 से एनडीए प्रत्याशी सीपी चौधरी को 145 निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो को 91 जबकि मथुरा प्रसाद महतो को महज 67 वोट से ही संतोष करना पड़ा. जलेश्वर की नाकामी की बात यहीं खत्म नहीं होती है बल्कि जलेश्वर महतो के पैतृक गांव राधानगर जहां जलेश्वर महतो का पूरा परिवार रहता है. उनके गांव के बूथ संख्या 129 मध्य विद्यालय राधानगर में भी जलेश्वर महागठबंधन के प्रत्याशी मथुरा को वोट दिलाने में पूरी तरह नाकाम रहे. यहां कुल मतदाताओं की संख्या 1036 है. इसबार 666 लोगों ने मतदान किया. जिसमें एनडीए प्रत्याशी सीपी चौधरी को 360, निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो को 201, जबकि मथुरा प्रसाद महतो को सिर्फ 63 वोट मिले. मालूम हो कि बीते लोकसभा चुनाव में जलेश्वर महतो कांग्रेस के स्टार प्रचारक थे. वे प्रदेश स्तर के नेता हैं. लोग चर्चा करते नहीं थक रहे . स्टार प्रचारक व प्रदेश स्तर के नेता के अपने बूथों में ही इस तरह की स्थिति है तो इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे जनता के बीच कितना पकड़ रखते हैं।

**कोडरमा सांसद के मंत्री पद का शपथ लेने से कार्यकर्ताओं में हर्ष, दी बधाई**

## कैबिनेट मंत्री बनने पर क्षेत्र का होगा विकास : अमित



**नवीन मेल संवाददाता। टाटीझरिया** देश का बड़ा लोकतंत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शपथ के साथ साथ बहुत सांसद ने मंत्री पद का शपथ लिया। कोडरमा सांसद अन्नपुर्णा देवी को केंद्रीय कैबीनेट मंत्री में जगह मिली और रविवार शाम को शपथ ली। कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी को मंत्री बनाएं जाने पर प्रखंड के कार्यकताओं में खुशी का महौल बन गया है। शपथ लेने के बाद कार्यकर्ताओं ने पटाखा छोड़कर व मिठाईयां बांटकर एक दूसरे को बधाई दी। विधायक अमित यादव ने बधाई देते हुए कहा कि सांसद को कैबीनेट मंत्री बनने पर क्षेत्र का विकास होगा। सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल ने कहा कि सांसद को मंत्री मंडल में शपथ लेना गौरव की बात है तथा क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। मंत्री मंडल में शामिल होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित साह, राजनाथ सिंह समेत भाजपा के सभी पदाधिकारी का आभार जाताया। बधाई देने वाला में प्रखंड अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, संतोष मंडल,महेश अग्रवाल, रवि वर्णवाल, मिथलेश पाठक, उपेंद्र पांडेय, रामप्रसाद कुशवाहा, उमेश प्रसाद, प्रवील प्रसाद,दशरथ नारायण सिंह अजय कुमार, कुमारी माधुरी,शंकर बर्मा,बद्री साव, मनीष यादव,सुरेश प्रसाद, सुरेंद्र राणा,सोबरन महतो, ज्योतिष पंडा, संतोष कुमार, शम्भु प्रसाद, लक्ष्मी सोनी, दिलीप शर्मा, सुरेश मिश्रा, मिथलेश प्रसाद,बद्री भुइयां, शानू पंडा, राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजा, पंकज मंडल, राजेश यादव, प्रमेश्वर यादव,कौलेश्वर मिश्र, अनिल प्रसाद, सुरज कुमार, मिनांचल कुमार,मनिषकांत, मुकेश कुमार समेत अन्य शामिल है।

**सांसद का केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ लेना गौरव की बात है तथा क्षेत्र का विकास तेजी से होगा कोडरमा की जनता को मिलेगा लाभ**

### शहादत दिवस पर भगवान बिरसा को दी श्रद्धांजलि

**भुरकुंडा।** भगवान बिरसा के शहादत दिवस पर रविवार को भुरकुंडा और भदानीनगर क्षेत्र श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। भुरकुंडा हुरूमगढ़ा में भाकपा माले पतरातू प्रखंड कमेटी ने और भदानीनगर के चिकोर गांव में आदिवासी सरना समिति ने भगवान बिरसा की तस्वीर व प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर भाकपा माले के प्रखंड सचिव नरेश बडाईक ने कहा कि भाजपा की राजनीति को दिशा बिरसा मुंडा के विचारों के विपरित है। यही वजह है कि झारखंड के पांच आरक्षित संसदीय सीटों पर आदिवासियों ने भाजपा को पूरी तरह नकार दिया है। यहां जिला कमेटी सदस्य देवानंद गोप, भुनेश्वर बेदिया, दशाराम मांझी, मनोज मांझी, ब्रह्मदेव मुर्मू, अजय सोरेन, महादेव मुर्मू, मंजूर मांझी, मिथिलेश मांझी आदि भगवान बिरसा को श्रद्धांजलि दी।

**संकल्प**

## सक्रिय टीबी खोज अभियान को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# आज से 30 जून तक चलाए जाएंगे अभियान, सहयोग की अपील



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** टीबी हारेगा - झारखंड जीतेगा! इन्ही संकल्पों के साथ 11 से 30 जून तक अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से सक्रिय टीबी खोज अभियान चलाया जा रहा है. यह अभियान अनुमंडलीय अस्पताल के क्षेत्राधीन बरही व पदमा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चलाया जायेगा. इसके लिए 36 सुपरवाईजर की निगरानी में कुल कुल 161 टीम बरही और पदमा प्रखंड के लिए बनाए गए है. जो कुल 34,790 घरों से 2,43,035 लोगो की टीबी जांच कर पता करेगे. अभियान की सफलता को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए. जिसमे डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने टीबी मरीजों के लक्षणों की जानकारी दिया. उन्होंने बताया कि दो हफ्तों से अधिक खांसी रहना, भूख नही लगना, बुखार आना, रात में पसीना आना, वजन कम होना और बलगम में खून आना टीबी मरीजों की मुख्य पहचान है. ऐसे लक्षण दिखाई पड़ने पर उसे तत्काल अस्पताल लाए और टीबी का मुफ्त ईलाज करवाए. सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी की दवा मुफ्त उपलब्ध है. उन्होंने उपस्थित सभी लोगो से अभियान में निष्ठापूर्वक ऊर्जा लगाकर मरीजों की खोज करें. प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ संजीव झा, डॉ केरिन जॉन, एमपीडब्ल्यू मृत्युंजय चौरसिया, संतोष कुमार, नीरज टोप्पो, उपेंद्र कुमार दास, एफपीबीटी मंजू कुमारी, सीएचओ शालिनी कुमारी, उत्तम कुमार, बिंदिया कुमारी, पूर्णिमा गुरुंग, डीपीसी प्रभारी जयराम कुमार, लैब तकनीशियन विष्णु कुमार महतो, निशी कुमारी, मीना देवी, रेखा देवी, चंचला देवी, माया देवी, नगीना देवी, शाहजहां बेगम, सहिया सबिता देवी, रानी सिंह, सुनीता विश्वकर्मा, सरोज देवी, प्रीति सिन्हा, माधवी देवी, संगीता देवी, रूबी देवी, पार्वती देवी और अल्पना देवी मौजूद थी।

### भुरकुंडा के पंचायत प्रतिनिधियों ने जताया विरोध

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा पंचायत के प्रतिनिधियों ने सीसीएल प्रबंधन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए नीति का विरोध किया है। रविवार को पंचायत सचिवालय में आयोजित बैठक में मुखिया अजय पासवान ने कहा कि भुरकुंडा कोलियरी प्रबंधन लोकल सेल मामले पर उन्हें नजरअंदाज कर भारी गलती कर रहा है। उन्होंने कहा कि भुरकुंडा में लोकल सेल के खुलने का वे तहेदिल से स्वागत करते हैं। इससे सैकड़ों जरूरतमंदों को रोजगार मिलेगा। इधर सेल में हिस्सेदारी को लेकर दर्जन भर गुट के लोग ताल भी ठोकते हुए सीसीएल को आंदोलन की चेतावनी भी दे रहे हैं। हैरत इस बात है कि प्रबंधन गुपचुप तरीके से इनके साथ वार्ता कर रही है। जिसमें पंचायत के किसी भी प्रतिनिधि को शामिल नहीं किया जाता है।

## संस्कार भारती की सभा में वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर नई कमिटी का हुआ गठन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** स्थानीय संघ कार्यालय में संस्कार भारती हजारीबाग इकाई की साधारण सभा का आयोजन किया गया जिसमे पर्यवेक्षक के रूप में प्रांतीय मंत्री नीरज श्रीधर 'स्वर्गीय', विशिष्ट अतिथि के रूप में विभाग प्रमुख शंकर चंद्र पाठक एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष विकास वर्मा उपस्थित हुए। अतिथियों का स्वागत जिला अध्यक्ष कुमार केशव, जिला मंत्री विनीत जैन 'लक्की', जिला सह मंत्री राजीव कुमार झा एवं जिला कोषाध्यक्ष अनिल पांडेय के द्वारा किया गया। तत्पश्चात आगंतुक अतिथियों एवं संस्कार भारती के संरक्षक द्वारा भारत माता के चित्र के आगे दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्पण किया गया।संस्कार भारती के ध्येय गीत के गायन के बाद जिला अध्यक्ष कुमार केशव के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया।जिला सचिव विनीत जैन 'लक्की' के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, उपरांत कोषाध्यक्ष अनिल पांडेय के द्वारा सत्र 2023/2024 के आय व्यय का वार्षिक प्रतिवेदन दिया गया। सभा में जिला कमेटी भंग करने की घोषणा की गई तथा प्रथम सत्र समाप्ति की अनुशंसा हुई। द्वितीय सत्र में अनंत ज्ञान के द्वारा काव्यपाठ किया गया। तत्पश्चात आद्या वर्मा, स्वस्तिका, आरोही वर्मा के द्वारा कथक के द्वारा गणेश वंदना तथा श्री राम भजन पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी।

## एक नजर

### शिक्षकों ने सीखा कराटे का विशेष दांव-पेंच

**भुरकुंडा।** शोतोकान करारे डू फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा शाखा की ओर से रिवर साईड स्थित मयूर स्टेडियम में आयोजित चार दिवसीय समर कैंप का समापन रविवार को समारोहपूर्वक हुआ। इसमें मुख्य प्रशिक्षक ब्लैक बेल्ट सेवेंथ डॉन कियोशि नरेंद्र सिन्हा उर्फ नप्पू ने प्रतिभागी 45 कराटेकारों को सम्मानित किया। बताया कि चार दिनी कैंप में भुरकुंडा क्षेत्र के 45 कलर और ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षकों ने हिस्सा लिया था। इसमें उन्हें बेसिक, कांता, कुमिते, लाठी, खो-खो, हैंड बॉल, फुटबॉल, हाई जंप, स्किपिंग रोप आदि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों को अंजन प्रसाद और मार्सल टुडू के सहयोग से प्रशिक्षित किया गया। कैंप में सीनियर प्रशिक्षक राशि सिन्हा, नंदू साव, सागर सोनी, सुमित सोनी, खुशबू सोनी, अर्जुन कुमार आदि ब्लैक बेल्टरों के अलावा हर्षित कुमार, आयुष कुमार, आदर्श कुमार, तेजस झा, पावनी दद्धिचि, ओजष, साक्षी, रितेश, तानिया, राधिका, मनन, शिवांशी, अंकिता आदि कलर बेल्ट कराटेकारों ने हिस्सा लिया था।

### आजसू जिला कार्यालय में मना भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस

**रामगढ़।** आजसू जिला कार्यालय में रविवार को महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि निवर्तमान नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। मौके पर उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को देश के महान स्वतंत्रत सेनानियों में माना जाता है। कहा कि भगवान बिरसा ने अपने क्रांतिकारी चिंतन से 19वीं सदी के उतरार्द्ध में आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नए सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया। ब्रिटिश सरकार के लागू किए गए काले कानूनों का उन्होंने पुरजोर विरोध किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा के विरोध से परेशान ब्रिटिश सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया।

### मालगाड़ी के इंजन का पेंट्रो टूटा

**कोडरमा।** नई दिल्ली हावड़ा ग्रैंड कोड सेक्शन के धनबाद रेल मंडल के कोडरमा-गया रेल खंड के पहाड़पुर स्टेशन के समीप कोडरमा से गया की ओर जा रही मालगाड़ी का अप लाइन में 18:55 बजे पर पेंट्रो टूट गया. इस वजह से समाचार लिखे जाने तक 21:30 बजे तक परिचालन सामान्य नहीं हो पाया. घटनास्थल पर गझंडी और गया से टावर वैगन व संबंधित विभाग के कर्मी कार्य को ठीक करने में लग गए. घटना की वजह से रांची पटना वंदे भारत गझंडी मे रांची पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस पहाड़पुर में भुनेश्वर नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस और हटिया-नई दिल्ली झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को कोडरमा जंक्शन पर रोका गया. इसके अलावा आसनसोल-गया इएमयू व कई वीवीआई राजधानी एक्सप्रेस वे मालगाड़ियों के पहिये भी विभिन्न स्टेशनों पर थम गए. इससे यात्रियों की परेशानी बढ़ गई।

#### झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जन संगठन की हुई बैठक

# वन अधिकार कानून के तहत लंबित दावों का निष्पादन नहीं करना विभाग की लापरवाही : अनूप लकड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** प्रखंड के बीरू राजस्व ग्राम के पंडरीपानी गांव में सोमवार को इमानुएल भेंगरा की अध्यक्षता में बैठक किया गया। इस बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन सह ग्राम सभा मंच के सामाजिक सलाहकार अनूप लकड़ा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर अनूप लकड़ा ने कहा कि सिमडेगा जिला में वन अधिकार कानून 2006 के तहत लंबित सामुदायिक दावों का निष्पादन अभी तक नहीं करना विभागीय पदाधिकारी की लापरवाही/ निष्क्रियता को दर्शाता है जबकि सरकार ने इन्हें त्वारित निष्पादन हेतु आदेश जारी किया था। संबंधित विभागीय पदाधिकारी का यह गतिविधियों से यह संदेह होता है कि सिमडेगा के विभिन्न ग्राम सभाओं को उनके हक और अधिकार से वंचित करना और वन अधिकार पट्टा से वंचित करने की मनसा है इनके इस रवैया को देखते हुए जिला ग्राम सभा मंच अब प्रत्येक प्रखंडों में प्रखण्ड स्तरीय ग्राम सभा मंच गठन कर ग्राम सभा को सशक्त करेगी। ग्राम सभा को सशक्त बनाने और कानून के प्रति जागरूक हो कर अपने हक और अधिकार के लिए आगे आना होगा। साथ ही साथ अब ग्राम सभा के लोगों को वनोपज को एक जगह संग्रह कर उचित मूल्य पर बेचना होगा। जिसका सीधा फायदा ग्रामीणों को होगा। इस बैठक में वनों की संरक्षण, प्रबंधन एवम संवर्धन के लिए नियमावली बनाया गया। इस बैठक में सुनील मिंज,मार्कुस कुजूर,राजेन्द्र सिंह, दीपक कुजूर, प्रवीन बाड़ा,सोमरा टेटे, अब्राहम केरकेट्टा, लालमती देवी, रेशमा देवी, सोनामती देवी, नेल्सन सुरीन सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। उक्त जानकारी ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशिराम कुमार ने दिया।

> ग्राम सभा को सशक्त बनाने और कानून के प्रति जागरूक हो कर अपने हक और अधिकार के लिए आगे आना होगा

## बानो थाना गेट के पास पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** थाना क्षेत्र में थाना गेट के समीप सोमवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।अधूरे कागजात रहने पर एक वाहन चालक का चालान काटा गया.इस दौरान दुपहिया और चार पहिया वाहन के कागजात ,हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गयी ए एस आइ सत्यनारायण कुमार के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया इस दौरान बिना हेलमेट पहने वाले लोगों को कड़ी फटकार लगाई गई दोबारा पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी ।उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा का पालन करने के लोगों को प्रेरित किया गया तथा कहा कि जब भी घर से वाहन लेकर निकले हेलमेट पहन कर ही निकले तथा आवश्यक कागजात साथ लेकर चले अभियान को सफल बनाने पुलिस बल के जवानों ने भी सहयोग किया ।बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए जांच में कड़ाई करना जरूरी है।

### कोलेबिरा थाना के मुख्य द्वार पर पानी बहने को लेकर जिला परिषद अध्यक्ष, बीडीओ व सीओ ने किया निरीक्षण



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना के मुख्य द्वार के पास से सालों से बह रहा है नाली का पानी जिससे राहगीर को कोलेबिरा बस्ती मे जाने से होती है काफी परेशानी और आप अगर पैदल चल रहे हो तो इस बीच अगर कोई गाड़ी आपके पास से गुजर जाए तो रोड का पानी शरीर मे पड़ जाता है और अंदर बस्ती मे जाने पर और भी बुरा हाल है। यही हाल है कोलेबिरा के भंवर पहाड़ रोड का जहां नाली का पानी रोड में आने से राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसे लेकर सोमवार को जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी बह रहे नाली के पास पहुंचकर वहां के लोगों से बात की और उसकी समस्या का निराकरण के लिए कदम उठाए। अंचल अधिकारी ने कहा रोड में बह रहे पानी को नाली सफाई कराकर सही जगह मे भेजने की व्यवस्था की जाएगी।

### कोलेबिरा के धवाईटांड़ में आदिवासी लोहरा समाज प्रखंड इकाई की बैठक हुई



**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के धवईटांड़ में आदिवासी लोहरा समाज प्रखंड प्रखंडइकाई की बैठक प्रखंड अध्यक्ष मुनेश्वर तिर्की और प्रखंड सचिव अशोक इंदवार के अध्यक्षता में हुई।बैठक में प्रखंड अध्यक्ष मुनेश्वर तिर्की और प्रखंड सचिव अशोक इंदवार ने समाज की एकता और शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि आदिवासी लोहरा समाज के सभी भाई-बंधु गण आप सभी कोई एकजुट होकर सुसंगठित रहें,कभी भी,किसी के भी बहकावे में ना आएं।बच्चों को अच्छी और गुणवत्ता युक्त शिक्षा दें,शिक्षा से समाज में जागृति आती है।समाज के विकास और कल्याण के लिए हम सदैव तत्पर हैं।हमारे आज के बच्चे शिक्षित होकर कल के भविष्य बनेंगे।आप लोगों को कभी भी किसी प्रकार की परेशानी हो तो हमें सूचना दें हम यथासंभव आपकी परेशानियां को दूर करने का प्रयास करेंगे। आदिवासी लोहरा समाज आपकी हर सुख दुख में आपके साथ है,आपकी जो भी समस्याएं होगी हम उनके निराकरण करने का प्रयास जरूर करेंगे। एकता में बल होता है इसीलिए सभी कोई एग्जिट होकर संगठित होकर रहें।बैठक में टी टांगर प्रखंड अध्यक्ष कालू इंदवार और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### झुमरीतिलैया के लाल अभिज्ञान सिन्हा ने जेईई एडवांस्ड 2024 में किया कमाल

**कोडरमा।** जेईई एडवांस्ड 2024 का रविवार को घोषित परिणाम में झुमरी तिलैया थाना के पीछे भादोडीह निवासी अभिज्ञान सिन्हा ने 260 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया जनरल कैटेगरी में शानदार 466 वां स्थान हासिल किया है। उसने न सिर्फ अपने माता-पिता बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। अभिज्ञान ने अपनी सफलता से साबित कर दिया कि समर्पण और मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के सहयोग और मार्गदर्शन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अभिज्ञान की यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। इस सफलता से परिजनों में हर्ष व्याप्त है। अभिज्ञान ने जेईई मेंस के प्रथम चरण में 99.85 परसेंटाइल और सेशन-टू में 99.937 परसेंटाइल हासिल की थी। उन्होंने 2022 में पीवीएस डीएवी पब्लिक स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक और इंटर में 96.8 प्रतिशत अंक हासिल किया था। अभिज्ञान के पिता सुनील कुमार सिन्हा सीडी गर्ल्स हाई स्कूल में अंग्रेजी के शिक्षक हैं।

#### कांग्रेस की जीत पर कोलेबिरा में निकाला गया विजय जुलूस

# 10 वर्षों से बीजेपी सरकार ने आदिवासियों व ईसाइयों का किया शोषण : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी की मौजूदगी में सोमवार को बरसलोया पंचायत के विभिन्न गांव के ग्रामीणों की उपस्थिति में खूंटी लोकसभा में कांग्रेस के प्रत्याशी की जीत पर विजय जुलूस निकालकर जश्न मनाया गया। इससे पूर्व सभा का आयोजन किया गया जहां पर विधायक ने संबोधित करते हुए कहा नमन विगत 10 वर्षों से बीजेपी सरकार आदिवासियों और ईसाईयों के साथ शोषण, दमन, उत्पीड़न, जुल्म, अत्याचार और उपेक्षित ही किया है। एनडीए सरकार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम को कमजोर किया, भूमि अधिग्रहण कानून को कमजोर किया, वन अधिकार अधिनियम में बदलाव लाया जिससे देश के आदिवासी प्रभावित हुए और होंगे, मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ अमानवीय घटना हुई, मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब किया गया, कांग्रेस सरकार के हटते ही हसदेव जंगल को उजाड़ा, लद्दाख में पर्यावरण से छेड़छाड़ का प्रयास, आदिवासी को वनवासी बोलना, आदिवासियों के धार्मिक पहचान वाली मांग सरना धर्म कोड को खारिज किया गया। जिसे जनता जान गई है और अब उन्हें इस क्षेत्र से नकार दिया। विधायक ने आगे कहा कि एनोस एक्का 14 साल तक कोलेबिरा के विधायक रहे। उन्होंने आदिवासियों को सिर्फ ठगने का ही काम किया। विधायक ने कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी के बारे में कहा कि उन्होंने आदिवासियों को भारत का मूल मालिक बताया, सरना धर्म कोड देने की बात कही। उन्होंने सभी लोगों ने भाजपा और झापा के षड़यंत्र को विफल करते हुए अपनी एकता को बरकरार रखते हुए उनको मुहतोड़ जवाब दिया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह बिधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, कांग्रेस पार्टी महिला उपाध्यक्ष एरेन केरकेट्टा, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राकेश कोंनगाड़ी, असिसन डांग,असीम बागे, तारसिंह समद, मारगा बागे, महिला कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

> एनोस एक्का 14 साल तक कोलेबिरा के विधायक रहे उन्होंने आदिवासियों को सिर्फ ठगने का ही काम किया उनकी चाल कभी भी सफल नहीं होगी

### लायंस क्लब सिमडेगा की हुई बैठक, 15 जून को होगा शपथ ग्रहण कार्यक्रम

**सिमडेगा।** लायंस क्लब की एक बैठक लायन विनीत मित्तल के प्रतिष्ठान में हुई। बैठक में लायंस क्लब के पद धारियों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम इंस्टालेशन सेरेमनी के आयोजन पर विचार विमर्श हुआ। क्लब के अध्यक्ष लायन मुकेश गोयल ने बताया कि आयोजन में लायंस डिस्ट्रिक्ट 322 ए के जिलापाल लायन कमल जैन के द्वारा पद धारियों को शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम में सिमडेगा क्लब के स्पॉन्सर क्लब लायन्स क्लब रांची ग्रेटर के अध्यक्ष लायन गणेश सिंह मौजूद रहेंगे। सचिव राकेश अग्रवाल चीकू ने कहा कि आयोजन के लिए 15 जून की तिथि निर्धारित की गई है। कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से 3 बजे तक होगा। बैठक में आयोजन स्थल पर चर्चा करते हुए जिलापरिषद गेस्ट हाउस में समारोह आयोजित करने तथा लायन्स क्लब के सभी पुरवर्ती सदस्यों को आमंत्रित करने का निर्णय हुआ। बैठक में लायन्स क्लब के पास्ट प्रेसिडेंट सह वर्तमान क्लब के निदेशक लायन नरेंद्र अग्रवाल, लायन मनोज जैन, लायन विनीत मित्तल, लायन मिथुन बामलिया, लायन सुधीर जैन, लायन विनय अग्रवाल, लायन अभिजीत अग्रवाल और लायन आशुतोष बंसल उपस्थित थे।

### बानो में दिव्यांगता जांच शिविर का हुआ आयोजन



**बानो।** प्रखंड संशाधन केंद्र बानो में सोमवार को दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड के विभिन्न पंचायत के 6 से 18वर्ष के दिव्यांगों की जांच की गई।नेत्र जांच के पश्चात 25 लोगों को पावर चश्मा दी गयी वहीं जोसेफ बडिंग ग्राम बेड़ाहोंजेर वर्ग 7 के दिव्यांग छात्र को ट्रायसाइकिल दी गई ।मौके पर डॉ राकेश पटनायक, डॉ अविनाश कुमार सिन्हा, विपिन सबिता द्वारा दिव्यांगता जांच की गई ।कार्यक्रम में50 लोगो का नेत्र जांच की गई जिसे 25 लोगो को चश्मा दी गयी।कार्यक्रम में नेत्र सहायक अन्नू कच्छप, इंद्राणी लकड़ा, प्रीति केरकेट्टा जांच में शामिल थे। मौके पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज बड़ाईक, बालगोविन्द पटेल, पाल जी,निशि बगरैला, सी आर पी घनश्याम साहू,परमानंद ओहदार आदि लोग उपस्थित थे।

## कुरडेग : एनडीए सरकार बनने की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** बस स्टैण्ड कुरडेग में मंडल भाजपा कार्यकताओ ने केन्द्र में तीसरी बार एडीए सरकार बनने को लेकर जमकर आतिशबाजी की एवं एक दूसरे को गुलाल लगाकर मिठाई बांटी और भाजपा जिंदाबाद नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद अमीत शाह जिंदाबाद के नारे लगाये । साथ ही पार्टी की मजबूती के लिए संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष कृष्णकान्त सिंह ने कहा कि केन्द्र में सरकार बनाने में हर कार्यकर्ता का परिश्रम है और सरकार बनने से हर कार्यकर्ता में उत्साह है वहीं जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा ने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में देश नई ऊचाईयों पर पहुंचेगा आज का दिन हमारे लिये खुशी का दिन है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता खुशी मना रहा है मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष कृष्ण कान्त सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा , उप प्रमुख अजय जयसवाल, उमेश जयसवाल, लीला देवी , गीता देवी , रविन्द्र शर्मा सहीत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# पुण्यतिथि पर जनप्रतिनिधि व जिम्मेदारों की उपेक्षा का शिकार हुई भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा

**हर साल 09 जून को बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया जाता है इसी दिन वर्ष 1900 में रांची जेल में बिरसा मुंडा ने अंतिम सांस ली थी**



**नवीनमेल संवाददाता। जलडेगा** देश-दुनिया के इतिहास में 09 जून की तारीख तमाम अहम वजह से दर्ज है। यह तारीख जननायक बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के रूप में हर साल याद की जाती है। भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कई ऐसे कई नायक पैदा हुए हैं जिन्होंने इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों से दर्ज कराया है। बिरसा मुंडा ऐसे ही वनवासी योद्धा हैं। उन्होंने उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में वनवासी समाज की दिशा व दशा बदलकर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया। उन्होंने न केवल वनवासियों के अधिकारों की बल्कि आजादी की लड़ाई भी लड़ी। झारखंड के एक वनवासी परिवार में 15 नवम्बर 1875 को जन्मे बिरसा मुंडा को झारखंड ही नहीं बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ और पश्चिम बंगाल के वनवासी बहुल क्षेत्रों में भगवान की तरह पूजा जाता है। हर साल 09 जून को बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1900 में रांची जेल में बिरसा मुंडा ने अंतिम सांस ली थी। एक तरफ जहां पूरे झारखंड में भगवान की तरह पूजे जाने वाले बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर लोग उन्हें नमन कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जलडेगा प्रखंड के ओडगा पंचायत भवन और स्कूल मैदान में स्थापित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा जिम्मेदारों और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार बन गया। सुबह से शाम और शाम से रात हो गई लेकिन किसी ने भी रविवार को इन दोनों प्रतिमाओं पर माल्यार्पण अथवा पुष्प अर्पित देकर उन्हें श्रद्धांजलि देना उचित तक नहीं समझा। खुद को सामाजिक और राजनीतिक पार्टी के जुझारू कार्यकर्ता और समाज सेवक बताने वाले और पंचायतों के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को अपने काम से फुरसत ही नही मिली कि वो भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के पास जाकर उन्हें नमन करते, हैरानी तो तब हुई जब लोगों ने बताया कि ओडगा पंचायत के मुखिया मुकुट समद और अन्य कोई एक भी जनप्रतिनिधि ने भी बिरसा की प्रतिमा पर एक माला तक नहीं चढ़ाया।

### दहेज हत्या के दोषी पति को 14 वर्ष का सश्रम कारावास

**कोडरमा।** दहेज हत्या के मामले में अदालत ने आरोपी पति को सजा सुनाई. अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने सोमवार को आरोपी पति अनवर अंसारी, पिता स्वर्गीय करीम अंसारी, गांव दसारोखुर्द, थाना मरकच्चो, जिला कोडरमा को 304 बी आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई. बता दें कि मामला वर्ष 2019 का है. इसे लेकर मरकच्चो थाना में केस दर्ज किया गया था. वहीं सुनवाई के दौरान अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया. इस दौरान सभी 13 गवाहों का परीक्षण कराया गया. पीपी वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए, न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया.

#### बैठक | बकरीद पर्व को लेकर सिमडेगा थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न

# सार्वजनिक नमाज स्थल व मस्जिदों पर पुलिस की होगी निगरानी : एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** आगामी 17 जून को होने वाले बकरीद पर्व को लेकर सिमडेगा थाना परिसर में सोमवार की शाम में एसडीओ सुमंत तिर्की की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से को इम्तियाज अहमद, बीडीओ समीर रेनियर खलखो, नगर परिषद के प्रशासक सुमित कुमार महतो, जिला परिषद सिमडेगा शांति वाला केरकेट्टा एवं जिला अग्निशमन पदाधिकारी भगवान ओझा उपस्थित थे। मौके पर कहा गया कि शांतिपूर्ण तरीके से मुस्लिम धर्मावलंबियों का यह पर्व संपन्न हो इसके लिए प्रशासन कम से कदम मिलाकर सहयोग करेगी। एसडीओ ने कहा कि बकरीद के दिन सार्वजनिक नमाज स्थल और मस्जिदों में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी, ताकि नमाज के दौरान किसी प्रकार से कोई भी परेशानी उत्पन्न। वहीं सेंट्रल अंजुमन कमेटी के सदर मोहम्मद ग्यास ने निर्बाध तरीके से बिजली एवं नगर परिषद की ओर से पानी की टैंकर उपलब्ध कराने से संबंधित आग्रह किया। जिस पर प्रशासक ने बिजली विभाग से बात कर निर्बाध बिजली दिलाने तथा समय पर पानी की टैंकर उपलब्ध कराने की बात कही। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई ।मौके पर शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे इस दौरान धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति की गई।

### परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में हुई चोरी

**कोडरमा।** जिले के मरकच्चो प्रखंड के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में चोरों ने आईटी रूम का ताला तोड़ बैटरी समेत कंप्यूटर के कई उकरणों की चोरी कर ली. घटना का पता तब चला जब सोमवार की सुबह विद्यालय के शिक्षक विद्यालय पंहुचे तो आईटी रूम का ताला टूटा हुआ पाया. जब सभी शिक्षक आईटी रूम के अंदर गए तो वहां रखे सामानों को बिखरा हुआ पाया. प्रधानाध्यापक विद्या सागर ने बताया कि आईटी रूम में रखे सामानों की जब जांच की तो उन्होंने वहां रखे स्टेबलाइजर, तीन बैटरी, कीबोर्ड, मॉउस, हेडफोन आदि को गायब पाया. तत्पश्चात इसकी सूचना मरकच्चो पुलिस को दी गयी. जिसके बाद थाना प्रभारी सौरव शर्मा विद्यालय पंहुचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

# कछुपानी गांव की खदान के गड्ढे में शव देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** बोलबा थाना छेत्र के कछुपानी गाँव में खदान गढ्ढे में अज्ञात व्यक्ति शव देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत फैल गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कछुपानी गाँव के खदान गड्ढे में सोमवार की सुबह ग्रामीणों द्वारा पानी मे तैरता हुआ शव देखा गया । इसके बाद बात फैलती गई। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना बोलबा थाना को दिया गया बोलबा पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया । पुलिस के अनुसार अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर शव की। छुपाने के नियत से खदान गड्ढे में फेंक दिया गया था, शव को 52 किलो का पत्थर बांधा हुआ था इसके साथ ही उसके पेट की अंतड़ी निकला हुआ था शव को पहचान कराने के लिए बोलबा पुलिस द्वारा काफी प्रयास किया जा रहा है शव का पोस्टमार्टम के बाद उसे सिमडेगा सदर अस्पताल के शीत गृह में रखा गया है इस संबंध में बोलबा थाना में काण्ड संख्या 10/024 तथा भादवि की धारा 302 , 201 दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है ।

### हाई टेंशन तार से झुलसा युवक

**कोडरमा।** कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर खड़ी कोडरमा-मधुपुर पैसेंजर ट्रेन की छत पर चढ़ा युवक हाई टेंशन तार की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया. झुलसे युवक को गंभीर अवस्था में रेल कर्मियों के सहयोग से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है. घटना रविवार सुबह 6 बजे की बतायी गयी है।

# मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा खनिज संपदा से भरा गोमिया



**नवीन मेल संवाददाता। गोमिया**
भारतीय विस्फोटक लिमिटेड के कारण चर्चित गोमिया खनिज संपदा, फैक्ट्री, प्राकृतिक सुंदरता और डैम से भरा पड़ा है, इसके बावजूद भी गोमिया के लोग पानी, बिजली और रोजगार जैसी मूलभूत समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं. ब्रिटिश शासन काल से पिपरा डी में कोल माइंस का संचालन किया जाता था. 1930 के दशक में गोमिया में रेल परिचालन की शुरूआत हुई. 1950 के बाद गोमिया में बारूद कारखाना की स्थापना हुई जो गोमिया के लिए स्वर्णिम काल रहा. उस वक्त बारूद कारखाने में 3000 से 35 00 लोग नौकरी करते थे. 50 से 60 के दशक में बारूद कारखाना में काम करने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को विदेश के स्तर की सुविधा दी जाती थी. वर्तमान समय में 100 से 150 ही मजदूर स्थाई रूप से काम कर रहे हैं. 70 के दशक में जब कोलियरी का राष्ट्रीयकरण किया गया तब स्वांग कोलियरी और स्वांग वासरी की स्थापना हुई जहां आसपास के लोगों को बड़े पैमाने पर नौकरियां मिली. वर्तमान समय में अनुकंपा के आधार पर नौकरी करने वालों की संख्या अधिकतर है. गोमिया प्रखंड वर्तमान समय में गोमिया प्रखंड में 36 पंचायत है, जिसे 3 जॉन में बांटा गया है. पहले जॉन में गोमिया प्रखंड के शहरी क्षेत्र को रखा गया है जिसमें 18 पंचायत शामिल है. दूसरे जोन में महुआटांड़ जॉन को रखा गया है, जिसमें 11 पंचायत है. इन 11 पंचायत में ही तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन और लूगू बुरु घंटा बड़ी धरमगाढ़ (लूगू पहाड़ ललपनिया) है, वहीं इसका अधिकतर पंचायत ग्रामीण क्षेत्र है और कृषि पर ही निर्भर हैं। तीसरा जॉन चतरोचट्टी जॉन है इस जोन में 7 पंचायत आते हैं जो पूरी तरह से ग्रामीण और जंगली एरिया है. इस जॉन में कुछ गांव और एक दो पंचायत झुमरा पहाड़ के तलहटी पर बसे है. गोमिया प्रखंड के हजारी पंचायत में ओएनजीसी के एक बड़े प्लांट को लगाया गया है और आसपास की गांव में 100 से अधिक छोटे-छोटे ड्रिलिंग किए गए है. ओएनजीसी के दीप ड्रिलिंग के कारण आसपास के गांव का जलस्तर काफी नीचे चला गया है।

### एटीएम कार्ड बदलकर 70500 रुपये की कर ली गई निकासी

## भुक्तभोगी ने थाने में दिया आवेदन

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कोनहरा कला निवासी मोहम्मद आजाद पिता अजीज अंसारी के खाते से एटीएम बदलकर 70500 रुपए की निकासी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत मोहम्मद आजाद ने बरकट्ठा थाना में आवेदन देते हुए बताया कि नौ जून को मैं कर्नाटक से अपने घर आ रहा था। इसी दौरान मैं बरकट्ठा में उतरकर सैलून में सेविंग कराने लगा इसी बीच मैं अपने गांव के ही दोस्त हबीबुल अंसारी पिता एबरार अंसारी को अपना एटीएम कार्ड देकर पास के एटीएम से दस हजार रुपए निकालने के लिए भेजा। दस मिनट के बाद वह वापस आकर एटीएम कार्ड देते हुए बोला कि पैसा नहीं निकल रहा है। देखा तो एटीएम कार्ड चेंज था ।पुछने पर बताया कि आपने यही कार्ड दिया है। मेरा मोबाइल स्विच ऑफ था। घर जाकर मोबाइल चार्ज कर खोला तो मैसेज के माध्यम से पता चला कि बरसोत ब्रांच के एसबीआई एटीएम मशीन से 70000 रुपए और करमा से 500 रुपए निकासी कर ली गई। एटीएम चेंज होने के ठीक पैंतालीस मिनट के अंदर मेरे एचडीएफसी बैंक बरही ब्रांच के खाता संख्या 50100631841741से कुल 70500 रुपए निकासी कर ली गई। उन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## न्यूज | बॉक्स

### कंटेनर में क्रूरता पूर्वक ले जाए जा रहे थे मवेशी, पुलिस ने किया जब्त




**गिरिडीह।** पुलिस की सक्रियता से फिर मवेशियों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया है। मामला निमियाघाट थाना इलाके का है। मिली जानकारी के अनुसार एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिले गुप्त सूचना पर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में निमियाघाट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मवेशी लोड कंटेनर को जब्त किया। इस दौरान जांच करने पर कंटेनर में 34 गाय, 05 बाछा,एक बेल लोड मिले। इसमें एक गाय की मौत हो चुकी थी। बताया गया कि बहुत ही क्रूरता पूर्वक ठूस ठूस कर कंटेनर में मवेशियों को ले जाया जा रहा था। मामले में पुलिस ने कंटेनर ड्राइवर और खलासी को गिरफ्तार किया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं बरामद मवेशियों को मधुबन गौशाला भेज दिया गया है।

### गावां में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त, विधि सम्मत कार्रवाई में जुटी पुलिस



**गिरिडीह।** गावां प्रखंड क्षेत्र में बालू घाटों की नीलामी नहीं हुई है, लेकिन फिर भी गांवा सकरी नदी से प्रत्येक दिन सैकड़ों ट्रैक्टर के जरिए बालू का अवैध उठाव हो रहा है। सोमवार को सीओ अविनाश रंजन और गावां थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। जब्त बालू लदे टैक्टर को गावां थाना लाकर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। इस बाबत थाना प्रभारी महेश चंद ने बताया कि सीओ के दिशा निर्देश पर अवैध बालू कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है जो लोग भी नदियों से अवैध रूप से बालू उठाव करते पकड़े जाएंगे। उन पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है की गावां सकरी नदी से अवैध बालू उठाव के कारण संकरी नदी में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जो बरसात के दिनों में जान माल के क्षति का कारण बन जाता है।

### वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण कुमार सिन्हा ने किया होम फर्निशिंग का उद्घाटन

**रामगढ़।** शहर के छावनी फुटबॉल ग्राउंड के निकट स्थित होम फर्निशिंग का उदघाटन 10 जून को बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने फीता काटकर किया। प्रतिष्ठान का उदघाटन करते हुए उन्होंने संचालक अक्षय लाल जायसवाल को शुभकामनाएं दी। कहा कि इस प्रतिष्ठान के आरंभ होने से क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा। श्री सिन्हा ने कहा कि काफी समय से इस प्रकार के प्रतिष्ठान की जरूरत महसूस की जा रही थी। जहां पर लोगों को वाहन पेंट, इंडस्ट्रीयल पेंट, रेक्सीन, फॉम, सोफा के लिए कपड़े आदि मिल सकें। कहा कि अब होम फर्निशिंग के आरंभ होने से लोगों की ये सभी जरूरत पूरी हो सकेंगी।

### बिजली विभाग के अनुबंधकर्मी भूख हड़ताल पर बैठे

## ड्यूटी के दौरान हुआ था हादसे का शिकार

**तिसरी।** पॉवर सब स्टेशन में ड्यूटी के दौरान ग्यारह हजार वॉल्ट की तार के चपेट में आकर बुरी तरह घायल होने वाला अनुबंधकर्मी विपुल सिंह विधुत विभाग के रवैये से परेशान होकर सोमवार को तिसरी पॉवर सब स्टेशन में ही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गया. इस बाबत भूख हड़ताल पर बैठ विपुल ने बताया कि वह निदान इंटरप्राइजेज के अंतर्गत अनुबंध पर तिसरी प्रखंड के लक्ष्मीपुर पॉवर सबस्टेशन में स्विच बोर्ड ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था. बीते 10 सितंबर 2023 को वह ड्यूटी के दौरान बिजली की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गया. जिसके बाद परिजनों द्वारा उसका इलाज पहले बोकारो फिर भेलौर में करवाया गया. जिसमें उसका एक हाथ खराब हो जाने के कारण उसे शरीर से अलग कर दिया गया, जबकि पैर भी गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है. इसके बावजूद वह ठीक होने के बाद से तिसरी पॉवर सब स्टेशन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्य कर रहा है, लेकिन दुर्घटना के समय से ही उसे मासिक वेतन नहीं दिया गया।

### एनसीसी कैडेटों को आग से बचाव की दी गई जानकारी

**कोडरमा ।** कोडरमा के जेजे कॉलेज में आयोजित एनसीसी का एटीसी कैंप के पांचवें दिन सोमवार को कई कार्यक्रम हुए। कैंप में जिले के विभिन्न कॉलेज और स्कूल से 500 कैडेट भाग ले रहे हैं। सोमवार को अग्निशमन विभाग द्वारा किसी भी आग के लगने पर किस प्रकार बचाव किया जाएगा, इसकी जानकारी दी गई। घर में यदि भोजन बनाते समय सिलेंडर में आग लगने पर किस प्रकार से बुझाया जाए, किसी घर में आग लगने पर लोगों को किस प्रकार से निकाला जाए, जिससे हताहत कम से कम किया जाए, इन सभी के बारे में कैडेटों के सामने डेमो दिया गया। इसके पूर्व चौथे दिन प्रशिक्षण शिविर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय से बीके आरती बहन, बीके गायत्री बहन और बीके पूजा बहन ने एनसीसी कैडटों के बीच आध्यात्मिक ज्ञान का परिचय दिया।

### लोकसभा के बाद विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे नेता

# अब पूर्व विधायक धनवार सीट से कर रहे हैं दावेदारी



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**
लोकसभा चुनाव के समाप्ति के बाद अब झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में राजनीतिक दल के लोग जुट गए हैं. विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी नेता दबे जुबान अपनी दावेदारी भी पेश करते दिख रहे हैं. इसकी तैयारियां भी देखने को मिलने लगी है. सोमवार को धनवार के पूर्व विधायक सह झामुमो नेता निजामुद्दीन अंसारी ने तिसरी में कार्यकत्ताओं के साथ एक बैठक की. इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने महागठबंधन से धनवार विधानसभा के लिए भाकपा माले की दावेदारी को नकारते हुए कहा कि महागठबंधन में केवल तीन पार्टियां झामुमो, कांग्रेस और राजद ही शामिल है। अन्य पार्टियां लोकसभा चुनाव तक ही महागठबंधन का हिस्सा थीं। लिहाजा आगामी विधानसभा चुनाव में धनवार विधानसभा सीट से झामुमो का ही उम्मीदवार ठोस उम्मीदवार होगा। इस दौरान महागठबंधन में शामिल पार्टी को भी अपने क्षेत्र में कमजोर करार दिया। उन्होंने कहा कि धनवार विधानसभा में कांग्रेस व आरजेडी कहीं नजर ही नहीं आती है। एक बार चुनाव लड़ने पर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी ने 4 हजार वोट और आरजेडी प्रत्याशी ने 2 हजार वोट ही लाया था. क्षेत्र में इन दोनों पार्टियों का कोई संगठन ही नहीं है। कुल मिलाकर कहें तो पूर्व विधायक फिर से चुनाव लड़ने के मुड में हैं और पार्टी में अपनी दावेदारी भी पेश कर रहे हैं।

**एक बार चुनाव लड़ने पर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को 4 हजार वोट और आरजेडी प्रत्याशी ने 2 हजार वोट ही मिले थे, क्षेत्र में इन दोनों पार्टियों का कोई संगठन ही नहीं है**

बैठक के दौरान मीडिया से बातचीत के क्रम में उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कई महत्वकांक्षी योजनाओं को भाजपा द्वारा अपनी उपलब्धि बताने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता इसको लेकर आम जन तक जाएंगे और राज्य सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएंगे।

### बजटो पंचायत के सिमरिया गांव में हाथियों ने मचाया उत्पात

## बाउंड्री वॉल को किया ध्वस्त, फसलों को भी पहुंचाया नुकसान



**गिरिडीह।** प्रखंड के बजटो पंचायत में जंगली हाथियों के आतंक से ग्रामीण सहमे हुए हैं। रविवार की रात जंगली हाथियों ने बजटो पंचायत के सिमरिया गांव में जमकर उत्पात मचाया। जंगली हाथियों के झुंड ने गांव में कई बाउंड्री वॉल को तोड़ दिया और बाउंड्री वॉल के अंदर लगे वृक्षों को भी नुकसान पहुंचाया है साथ ही हाथियों ने कई एकड़ में लगे जेठुआ फसल को भी तहस-नहस कर दिया। हाथियों के द्वारा सिमरिया गांव के किसानों को लाखों रुपए की क्षति पहुंचाया है। जिससे ग्रामीण काफी परेशान है हाथियों के झुंड ने मुखिया अनीता वर्मा के बाउंड्री वॉल को भी तोड़ दिया और आम बागान को नुकसान पहुंचाया है। वही हाथियों के द्वारा गांव के रोहन महतो, रामेश्वर महतो, बहादुर महतो, गणेश महतो आदि दर्जनों किसानों के खेतों में लगे जेठुआ फसल को नष्ट कर दिया। किसानों ने वन विभाग से जंगली हाथियों द्वारा किए गए नुकसान का मुआवजा और जंगली हाथियों को गांव से दूर भागने की मांग की है।

### सांसद अन्नपूर्णा देवी के कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर जश्न का माहौल

**कोडरमा।** कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के केंद्र की मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर खुशी का माहौल है। सांसद के चाराडीह स्थित आवास पर रविवार की शाम भाजपा नेता और कार्यकर्ता पार्टी की झंडा लिए पहुंचे और जश्न मनाया। इस दौरान आतिशबाजी की गयी और मिठ्ठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी। सांसद के आवास पर प्रोजेक्टर के माध्यम से लोगों ने लाइव शपथ ग्रहण समारोह को देखा। इस दौरान पार्टी नेता,कार्यकर्ता समेत स्थानीय लोग भी शामिल थे। लोगों सुदर्शन यादव,सांसद प्रतिनिधि बीरेन्द्र मेहता, उप प्रमुख बासुदेव यादव, समाजसेवी राजेश यादव,सदानंद यादव, अर्जुन यादव, सांसद पुत्र मयंक यादव, शंकर यादव, दीपक कुमार, हरिलाल प्रसाद, लक्ष्मण मंडल, विजय रायअशोक पासवान, नकुल यादव,प्रो बीरेन्द्र यादव, डॉ बीरेन्द्र प्रसाद,गणेश दास, जयप्रकाश पांडेय ने कहा कि इनके मंत्रीमंडल में शामिल होने कोडरमा लोकसभा का चौमुखी विकास होगा।

### ड्यूटी पर जा रहे सीसीएल गार्ड की आंख में फेंका मिर्ची पाउडर

# फिर धारदार हथियार से किया वार, गंभीर हालत में रांची रेफर



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
सीसीएल इलाके में कोयला व लोहा चोरों का आतंक जारी है. इलाके में बीती रात अपराधियों ने सीसीएल सुरक्षा गार्ड रिंकू सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया. गंभीर अवस्था में पहले गार्ड रिंकू सिंह को शहर के कोर्ट रोड स्थित नवजीवन नर्सिंग होम लाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर चिकित्सका के लिए रांची रेफर कर दिया गया. फिलहाल रांची में उसका इलाज चल रहा है और स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है. मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात करीब 10 बजे रिंकू बाइक से ड्यूटी जा रहा था. इस दौरान मुफ्फसिल थाना की ओर से बनियाडीह की तरफ जाने वाले रास्ते में जैसे ही वह सोलर प्लांट के पास पहुंचा कि अज्ञात अपराधियों ने उसके आंख पर मिर्ची पाउडर उड़ेल दिया. आंखों में मिर्ची पाउडर के जाने से वह अनियंत्रित होकर बाइक से गिर पड़ा. जिसके बाद घात लगाए अपराधियों ने धारदार हथियार से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया. घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से भाग निकले.

**ड्यूटी से लौट रहे गार्ड की पड़ी नजर**

इधर ड्यूटी से लौट रहे गार्ड अशोक मंडल की नजर लहूलुहान हाल में सड़क किनारे पड़े रिंकू पर गयी. जिसके बाद उसने अन्य कर्मियों और अधिकारियों को सूचना दी. सूचना पर कर्मी मौके पर पहुंचे और उसे लाकर नर्सिंग होम में भर्ती कराया. इधर घटना की जानकारी पर सीसीएल गिरिडीह एरिया के महाप्रबंधक बासब चौधरी, परियोजना पदाधिकारी एस. के. सिंह, डॉ. परिमल सिन्हा मौके पर पहुंचे और गार्ड का हाल जाना. पदाधिकारियों ने घटना की सूचना एसपी दीपक कुमार शर्मा को भी दी. सूचना पर एसडीपीओ बिनोद रवानी, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो दलबल के साथ नर्सिंग होम पहुंचे।

### राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण नियम के तहत सोमवार से बालू उठाव पर लगी रोक

**बरही ।** 10 जून से 15 अक्तूबर तक राज्य ने विभिन्न बालू घाटों से बालू निकासी पर रोक लगा दी गई है. उक्त जानकारी सीओ राम नारायण खलखो ने दी. उन्होंने बताया कि खनन विभाग ने बरही में इसे सख्ती से पालन करने के लिए निर्देश जारी किया है. साथ ही अवैध बालू निकासी पर निगरानी रखने के लिए देवचन्दा मोड़ के समीप चेक पोस्ट बनाने का निर्देश दिया है. जो 10 जून से प्रभावी है. यह चेकपोस्ट 24 घंटे कार्यरत रहेगा. चेक पोस्ट पर तीन मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्त होंगे. जो अवैध रूप से बालू लदे वाहनों पर नजर रखेंगे. उन्होंने बताया कि नदियों की संरचना में परिवर्तन नही हो इसके लिए राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण अधिनियम के तहत यह प्रतिबंध प्रतिवर्ष मानसून आने से लेकर पूरे बरसात तक प्रभावी रहता है. इस दौरान बालू किसी भी बालू घाट से बालू उठाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहता है. अवैध रूप से बालू भंडारण या निकासी करने वालों पर नियम संगत कारवाई की जायेगी. उन्होंने सभी लोगो से सरकार के निदेशों का पालन करने का अपील किया है.


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

**Very Short Notice Inviting e-quotation.**
**Notice :- WRD/MID, KODERMA-01/2024-25, Date-10.06.2024**

Government of Jharkhand through its Public Work Department (PWD) is engaged in framing/ revision of Schedule of Rate and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for Hire Charges of plant & Machineries annexed as Annexure- I for Construction Work from Reputed Manufacturers/ Owners/ Lesser for respective items. The Hire Charges confirming to specification for inclusion in the schedule of Rate for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/ infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in. Details of Plant and Machineries are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate for hire charges of Plant and Machineries online from 14.06.2024 at 10:30 hrs. to 20.06.2024 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 22.06.2024 at 14:00 Hours.

The Quotation is invited to ascertain and assess the Hire Charges of Plant & Machineries at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Address for Communication: -**
**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division, Koderma**
**Mobile No. :- +91 99391 93214**
**Email - eemidkod-cemr-jhr@nic.in**

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division,**
**Koderma**

PR.NO.325847 Minor Irrigation(24-25):D



**MINOR IRRIGATION DIVISION, KHUNTI**

**e-Procurement Notice**

**Short Tender Reference No. WRD/MID/KHUNTI/F,-1/2024-25** **Date :-7/6/2024**

| | Group No. | Name of Scheme | Estimated Cost (Rs. In Lakh) |
|---|---|---|---|
| 1. | 01 | Construction of Single Check Dat at Banai Nala in Vill.-Banai ,Block-Rania,Dist.-Khunti. | 93.267 |
| | 02 | Construction of Single Check Dam at Jojobandha Nala, Block-Tamar ,Dist.-Ranchi. | 89.051 |
| | 03 | Construction of Single Check Dam Deshawali Nala, Block-Arki ,Dist.-Khunti. | 78.70 |
| | 04 | Construction of Single Check Dam at Satal Nala, Block-Torpa ,Dist.-Khunti. | 92.748 |
| | 05 | Construction of Single Check Dam at Jargo Nala, Block-Tamar ,Dist.-Ranchi. | 87.578 |
| | 06 | Construction of Single Check Dam on Jopno Nala, Block -Arki, Distt.-Khunti. | 63.283 |
| | 07 | Construction of Single Check Dam on Gangaitoli Nala, Block -Torpa,Distt.-Khunti. | 93.219 |
| 2. | Time of Completion | 335 Days | |
| 3. | Date of Publication of E - Tender on website | 19.06.2024 at 2.00 PM | |
| 4. | Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 26.06.2024 up to 5:00 PM | |
| 5. | Last Date for online Submission of Tender fee and EMD | e-Procurement Portal **(jharkhandtenders.gov.in)** 26.06.2024 up to 5:00 pm | |
| 6. | Date of Opining Tender | 28.06.2024 at 2:00 PM | |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Khunti. | |
| a. | Contact no. & Email ID of e-Procurement officer | 7320969093 eemidkhun-cemr-jhr@nic.in | |
| b. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2491232 | |

**Note :-(1) Only e-Tenders will be accepted.**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
Minor Irrigation Division, Khunti.

PR 325623 (Minor Irrigation) 24-25 (D)


### गमगीन माहौल

### ट्रेन से कटकर प्रवासी मजदूर की हुई मौत, परिजनों में छाया मातम

# महीने भर के अंदर अलग-अलग घटनाओं में 3 प्रवासी मजदूर की गई जान



**बड़ी संख्या में मजदूर करते हैं पलायन**

**बता दें कि एक माह के भीतरी प्रखंड क्षेत्र में यह तीसरी घटना है। इससे पहले ही प्रवासी मजदूर देवनजोत के उपेंद्र राय और कौशिलवा के मुकेश हेंब्रम की मौत हो चुकी है।स्थानीय स्तर पर रोजगार की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण रोजगार की तलाश में तिसरी प्रखंड क्षेत्र से भारी संख्या में मजदूर बड़े शहरों की ओर पलायन करते हैं। नेताओं व जनप्रतिनिधियों का रोजगार के प्रति कोई ध्यान नहीं रहने के कारण यह पलायन अब भी जारी है। अगर इसी तरह से मजदूरों का पलायन होता रहा तो मजदूरों के लिए काफी परेशानियों का सबब बन सकता है। इस पलायन पर रोक लगना बहुत ही जरूरी है तभी जाकर जान बच सकती है।**

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**
काम की तलाश में दूसरे प्रदेश गए प्रवासी मजदूरों के मौत का सिलसिला जारी है। अलग -अलग घटना के शिकार होकर तिसरी प्रखंड में महीने भर के भीतर 3 प्रवासी मजदूर की मौत हो चुकी है। ताजा घटना मध्यप्रदेश के कटनी की है जहां ट्रेन से कटकर एक प्रवासी मजदूर की मौत हो गई है। मृतक तिसरी पंचायत अंतर्गत जमुनियाटांड गांव का 55 वर्षीय रशिका मुर्मू था। मिली जानकारी के अनुसार रशिका मुर्मू किसी व्यक्ति के साथ रोजगार की तलाश में कुछ माह पहले ही अपने गांव जमुनियाटांड़ से बैंगलोर के लिए निकला था, लेकिन वह मध्य प्रदेश में ही रुक गया। इस दौरान शनिवार को रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया उसका शरीर दो टुकड़ों में बंट गया। घटना में मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

**घटना को लेकर संशय :** हालांकि रशिका मध्य प्रदेश में क्या कर रहा था, वह जंक्शन पर कैसे पहुंचा इसकी कोई जानकारी नहीं है। मृतक रशिका के बेटे अजय मुर्मू ने बताया कि घर की माली हालत ठीक नहीं होने के कारण उसके पिता कुछ माह पूर्व ही रोजगार की तलाश में बैंगलोर जाने की बात कहकर घर से निकले थे। शनिवार रात उन्हें सूचना मिली कि उनके पिता की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। वहीं मामले की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता सोनू हेंब्रम मृतक के घर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से बात कर उनके सहयोग से शव लाने की व्यवस्था में जुट गए हैं। मौत की खबर सुनकर क्षेत्रों में गम का बादल छा गया है और परिवारों पर एक मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है।

सुप्रभात

**देश की तरक्की के लिए हमें आपस में लड़ने के बजाए गरीबी, बीमारी व अज्ञानता से लड़ना होगा: लाल बहादुर शास्त्री**


# सरकार सभी के संभाले ही चलेगी

**नरेंद** मोदी सरकार ने तीसरी बार सरकार बनाकर ऐतिहासिक काम किया साथ ही गठबंधन सरकार का नया प्रयोग भी। यह चुनाव अनेक आश्चर्यों का चुनाव रहा। पहला आश्चर्य तो यह कि जिन दक्षिण भारतीय राज्यों का दरवाजा भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक सफलता के लिए बंद था, या यों कहें कि जहां की जमीन भारतीय जनता पार्टी की राजनीति के लिए माकूल नहीं मानी जाती थी, इस चुनाव परिणाम ने उन राज्यों, यथा केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना को भाजपा के लिए नई संभावनाओं का प्रदेश बना दिया है। यह देखने में आया कि ओडिशा, जहां राजनीतिक विचारक बीजू जनता दल (बीजद) के नेता नवीन पटनायक के जादू को उनके जीवित रहने तक समाप्त होता नहीं देख रहे थे, वहां भाजपा ने अपनी महान सफलता दर्ज की। इसका मुख्य कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति ओडिशा की जनता में बढ़ता आकर्षण ही है। प्रधानमंत्री मोदी और ओडिशा के प्रभावी नेता धर्मेंद्र प्रधान ने पूरे चुनाव अभियान में 'उड़िया अस्मिता' के प्रश्न को एक 'लोकप्रिय जन प्रश्न' में बदल दिया। इस लोकप्रिय अभियान ने ओडिशा की राजनीति के पूरे परिदृश्य को ही बदल कर रख दिया। इस चुनाव परिणाम ने यह भी बताया कि विकास का मोदी मॉडल, नवीन मॉडल पर प्रभावी रहा। ओडिशा के युवाओं में नये डिजिटल भारत के प्रति आकर्षण बढ़ा है। तीसरा आश्चर्य यह रहा कि जहां उत्तर प्रदेश के आस-पास के हिंदी प्रदेशों, यथा मध्य प्रदेश, बिहार में भाजपा और राजग ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, वहीं उत्तर प्रदेश में इसका प्रदर्शन प्रभावी नहीं रहा। 'इंडिया' गठबंधन ने आरक्षण, संविधान इत्यादि के खतरे पर आधारित जो वृत्तांत तैयार किया, उसने उत्तर प्रदेश में जातीय गोलबंदी की जमीन तैयार की। कई राजनीतिक विश्लेषक यह मानते हैं कि यह ऐसी जातीय गोलबंदी की राजनीति थी, जिसने पिछड़े-अति पिछड़े एवं दलितों के एक हिस्से को समाजवादी पार्टी या 'इंडिया' गठबंधन की तरह गोलबंद होने का आधार तैयार किया। ऐसे विश्लेषकों का मानना है कि इस प्रकार की जातीय गोलबंदी ने ही उत्तर प्रदेश में हिंदुत्व के वृहत वृत्तांत को तोड़कर जातियों के अस्मितापरक वृत्तांत को शक्तिवान बनाया। अगर ऐसा है, तो यह पैटर्न मंडल राजनीति से गहरे रूप से प्रभावित बिहार या उत्तर प्रदेश से सटे मध्य प्रदेश में क्यों सफल होता नहीं दिखाई पड़ा? इस प्रश्न के उत्तर में यह कहा जा सकता है कि बिहार में भाजपा और राजग गठबंधन के पास अनेक पिछड़े एवं दलित प्रभावी चेहरों का एक कोलाज मौजूद था, जिसमें नीतीश कुमार, सम्राट चौधरी, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान जैसे नेता शामिल हैं। नीतीश कुमार का गैर-यादव, पिछड़े समूहों, महादलित सामाजिक समूहों में अपना प्रभाव तो है ही, अगड़े वोटों के एक हिस्से पर भी उनका अच्छा असर है। वहीं जीतन राम मांझी के कारण मुसहर, जो बिहार में एक बड़ी 'महादलित जातीय समूह' है, राजग की तरफ बड़े पैमाने पर झुकी। चिराग पासवान के कारण संख्या बल में बिहार की सबसे बड़ी दलित जाति दुसाध या पासवान की गोलबंदी राजग के पक्ष में हुई। इसलिए बिहार में 'इंडिया' गठबंधन के भयदोहन पर आधारित गोलबंदी के वृत्तांत पिछड़ों एवं दलितों में प्रभावी नहीं हो सके। मध्य प्रदेश में कांग्रेस संगठन की कमजोरी, उसमें प्रभावी नेताओं का अभाव इत्यादि के कारण 'इंडिया' गठबंधन की जातीय अस्मिता आधारित गोलबंदी की राजनीति सफल नहीं हो सकी। वहीं दूसरी तरफ, मध्य प्रदेश में भाजपा के पास पिछड़े एवं अति पिछड़े समूहों से जुड़े अनेक नेता मौजूद हैं। शिवराज सिंह चौहान, मोहन यादव, प्रह्लाद सिंह पटेल आदि अनेक पिछड़े, अति पिछड़े चेहरों ने वहां कांग्रेस एवं 'इंडिया' गठबंधन के पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक (पीडीए) की राजनीति को इस चुनाव में कमजोर बना दिया। आगे आने वाले समय में हिंदी पट्टी की राजनीति भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण तो होगी ही, 'इंडिया' गठबंधन के लिए भी चुनौतियां कम नहीं होंगी। एक तरफ भाजपा को उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा इत्यादि राज्यों में अपनी सांगठनिक एवं चुनावी रणनीति पर विचार कर उसे पुनर्नवा करना होगा। वहीं दूसरी तरफ 'इंडिया' गठबंधन से जुड़े राजनीतिक दलों के लिए भी उत्तर प्रदेश में अपने अर्जित प्रभाव को बचाए रखना भी एक बड़ी चुनौती होगी। गैर-यादव पिछड़े, अति पिछड़े एवं दलितों का जो हिस्सा उनकी तरफ झुका है, उन्हें अपने साथ जोड़े रखना उनके लिए एक बड़ी चुनौती होगी।

इन दिनों

# क्या भारत कभी विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन पाएगा?


प्रहलाद सबनानी



**प्रसिद्ध** अर्थशास्त्री एवं इतिहासकार श्री एंग्स मेडिसिन के अनुसार वर्ष 1820 तक भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। 1820 आते-आते चीन भारत से आगे निकल गया था। 1820 से 1870 के बीच चीन एवं भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में पूरे विश्व में सबसे आगे थे। वर्ष 1870 से 1900 के बीच ब्रिटेन विश्व की सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया परंतु ब्रिटेन पर यह ताज अधिक समय तक नहीं टिक सका क्योंकि इसके तुरंत बाद अमेरिका विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया था। इसके बाद तो आर्थिक प्रगति के मामले में अमेरिका एवं यूरोपीयन देश लगातार आगे बढ़ते रहे, विकसित अर्थव्यवस्थाएं बने और एशिया के देशों (विशेष रूप से भारत एवं चीन) का वर्चस्व वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगभग समाप्त सा हो गया था। परंतु, अब एक बार पुनः समय चक्र बदल रहा है एवं अमेरिका एवं यूरोपीयन देशों की अर्थव्यस्थाएं आर्थिक विकास के मामले में ढलान पर दिखाई दे रही हैं एवं एशिया के देश, विशेष रूप से भारत एवं चीन, पुनः तेज गति से आर्थिक प्रगति करते हुए वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपना दबदबा कायम करते नजर आ रहे हैं। आज अमेरिकी अर्थव्यस्था का आकार लगभग 25 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है और चीन की अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 18 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वर्ष 2035 से 2040 के बीच चीन विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा एवं अमेरिका दूसरे नम्बर पर आ जाएगा और भारत तीसरे नम्बर पर आ जाएगा। परंतु, इसके बाद क्या भारत अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए दूसरे नम्बर पर आ पाएगा। इस तरह की चर्चाएं आजकल आर्थिक जगत में होने लगी हैं। आज से लगभग 10 वर्ष पूर्व भारतीय अर्थव्यवस्था का विश्व में 11वां स्थान था जो आज 3.70 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के आकार के साथ विश्व में 5वें स्थान पर आ गई है। ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वर्ष 2026 में भारतीय अर्थव्यवस्था जर्मनी अर्थव्यवस्था से आगे निकलकर विश्व में चौथे स्थान पर आ जाएगी। इसी प्रकार वर्ष 2027 में जापानी अर्थव्यवस्था को भी पीछे छोड़ते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में तीसरे स्थान पर आ जाएगी। गोल्ड्मन सच्स के अनुसार, अगले चार वर्षों के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाएगा। इसी प्रकार, ब्लूम्बर्ग के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था आगामी वर्षों में लगातार 6 प्रतिशत से अधिक की विकास दर हासिल करता रहेगा, और अमेरिका एवं चीन की आर्थिक विकास दर से आगे बना रहेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था में आर्थिक विकास दर के तेज गति से आगे रहने के पीछे जो कारण बताए जा रहे हैं उनमें शामिल हैं - भारतीय जनसंख्या में वृद्धि होते रहना (अमेरिका एवं चीन में जनसंख्या वृद्धि दर लगातार कम हो रही है), इससे भारतीय घरेलू बाजार मजबूत बना रहेगा एवं उत्पादों की मांग भी भारत में तेज गति से आगे बढ़ती रहेगी। एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2050 तक भारत की आबादी बढ़ कर 170 करोड़ नागरिकों की हो जाएगी, इससे भारत अपने आप में विश्व का सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा। वर्ष 2024 में भारत में उपभोक्ता विश्वास सूचकांक 98.5 प्रतिशत तक पहुंच गया है। दूसरे, भारत में आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए भी केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा अत्यधिक मात्रा में पूंजी निवेश किया जा रहा है। भारत में आधारभूत ढांचे को विकसित श्रेणी में लाने के लिए केवल रोड ही नहीं बल्कि रेल्वे, एयरपोर्ट, ऊर्जा एवं जल व्यवस्था को विकसित करने के लिए भी भरपूर पूंजी निवेश किया जा रहा है। भारत में आज भी श्रमिक लागत तुलनात्मक रूप से बहुत कम है, इससे कई विदेशी कम्पनियां अब चीन के स्थान पर भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयों को स्थापित कर रही हैं इससे भारत के औद्योगिक विकास को गति मिल रही है। भारत ने भी कई उद्योग क्षेत्रों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना लागू की है जिसका लाभ विश्व की कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां उठा रही हैं एवं अपनी औद्योगिक इकाईयां भारत में स्थापित कर रही हैं। भारत में आज 140 करोड़ की जनसंख्या में से 100 करोड़ से अधिक नागरिक युवा एवं कार्य कर सकने वाले नागरिकों की श्रेणी में शामिल हैं। इतनी बड़ी मात्रा में श्रमिकों की उपलब्धि किसी भी अन्य देश में नहीं है। अन्य विकसित देशों, चीन सहित, में कार्य कर सकने वाले नागरिकों की संख्या लगातार कम हो रही है क्योंकि इन देशों में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। किसी भी देश में युवा जनसंख्या का अधिक होने से न केवल श्रमिक के रूप में इनकी उपलब्धि आसान बनी रहती है बल्कि इनके माध्यम से देश में उत्पादों की मांग में भी वृद्धि दर्ज होती है तथा युवा जनसंख्या की उत्पादकता भी अधिक होती है जिससे उत्पादन लागत कम हो सकती है। साथ ही, युवाओं द्वारा नवाचार भी अधिक मात्रा में किया जा सकता है। यह सब कारण हैं जो भारतीय अर्थव्यवस्था को पूरे विश्व में एक चमकता सितारा बनाने में सहायक हो रहे हैं। हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर आर्थिक क्षेत्र का परिदृश्य तेजी से बदला भी है। अभी तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकसित देशों का दबदबा बना रहता आया है। परंतु, अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2024 में भारत सहित एशियाई देशों के वैश्विक अर्थव्यवस्था में 60 प्रतिशत का योगदान होने की प्रबल सम्भावना बन रही है। एशियाई देशों में चीन एवं भारत मुख्य भूमिकाएं निभाते नजर आ रहे हैं। प्राचीन काल में वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 32 प्रतिशत से भी अधिक रहता आया है। वर्ष 1947 में जब भारत ने राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी उस समय वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 3 प्रतिशत तक नीचे पहुंच गया था क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था को पहिले अरब से आए आक्राताओं एवं बाद में अंग्रेजों ने बहुत नुक्सान पहुंचाया था एवं भारत को जमकर लूटा था। वर्ष 1947 के बाद के लगभग 70 वर्षों में भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था के योगदान में कुछ बहुत अधिक परिवर्तन नहीं आ पाया था।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात



## बीमा कम्पनियों की मनमानी पर रोक


राकेश दुबे

**बीमा** नियामक एवं विकास प्राधिकरण ने स्वास्थ्य बीमा उत्पादों पर मास्टर सर्कुलर जारी कर पहले जारी किए गए 55 सर्कुलरों को निरस्त कर दिया है। इससे बीमा कम्पनियों की धींगामस्ती पर नकेल कसने का अनुमान है। अभी तक स्वास्थ्य बीमा होने पर भी बीमित अवधि में बीमार हुए व्यक्ति को बीमा राशि भुगतान के लिए बीमा कम्पनियों के कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे। उपभोक्ता के बीमित अवधि में बीमार होने और यथासमय बीमित कम्पनी को सूचित कर देने पर भी बीमा क्लेम भुगतान से बचने के लिए बीमा कंपनियां तरह-तरह की बहानेबाजी करती थीं। विभिन्न उपचार प्रपत्रों की मांग के साथ ही यह कहकर कि बीमा धारक पहले से बीमार था और उसने अपनी बीमारी छिपाकर बीमा कराया है,के आधार पर क्लेम अमान्य कर दिया जाता था। वैसे स्वास्थ्य बीमा कराते समय बीमा कम्पनियों का दायित्व है कि वे जिसका बीमा कर रहे हैं, उसके स्वास्थ्य की जांच अपने अधिकृत चिकित्सक से कराएं और पूर्ण संतुष्टि के बाद ही बीमा करें। बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण ने स्वास्थ्य बीमा पर एक मास्टर सर्कुलर जारी करते हुए व्यवस्था दी है कि बीमा कंपनी को बीमा धारक के अनुरोध के एक घंटे के भीतर नकदी-रहित इलाज की अनुमति देने पर निर्णय लेना होगा और अस्पताल में उपचार उपरांत तीन घंटे के भीतर क्लेम राशि का अंतिम सैटलमेंट करना होगा। प्राधिकरण ने स्वास्थ्य बीमा उत्पादों पर मास्टर सर्कुलर के तहत पहले जारी किए गए 55 सर्कुलरों को निरस्त कर दिया है। नये बीमा सर्कुलर में बीमाधारकों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य बीमा नीति में पात्रताओं को उनके आसान संदर्भ के लिए एक स्थान पर लाया गया है और साथ ही स्वास्थ्य बीमा खरीदने वाले पॉलिसीधारकों को निर्बाध रूप में बीमा क्लेम के उन्नत सेवा मानकों को सुनिश्चित करने के उपायों पर जोर दिया गया है। अब बीमा कम्पनियों को बीमा क्लेम दावे के एक घंटे के भीतर निर्णय लेना और अस्पताल में उपचार उपरांत तीन घंटे के भीतर क्लेम राशि का अंतिम सैटलमेंट करना होगा। अभी तक उपभोक्ताओं को अपने हेल्थ इंश्योरेंस बीमा के कैशलेस भुगतान के लिए काफी मशक्कतों का सामना करना पड़ता था। 29 मई 2024 को बीमा नियामक प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए इस नवीन सर्कुलर में कहा गया है कि हर हाल में बीमा धारक को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज रिक्वेस्ट प्राप्त होने के तीन घंटे के भीतर उसके द्वारा किए गए क्लेम का कैशलेस भुगतान हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी को करना होगा। यदि क्लेम भुगतान में तीन घंटे से ज्यादा की देरी होती है, तो फिर ऐसी स्थिति में अस्पताल द्वारा लिया गया कोई भी अतिरिक्त चार्ज बीमा कंपनी द्वारा किया जाएगा। नए दिशा-निर्देशों के तहत अगर किसी स्वास्थ्य बीमा धारक की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हो जाती है, तो फिर इस स्थिति में इंश्योरेंस कंपनी को क्लेम के भुगतान की प्रक्रिया को तत्काल शुरू करना होगा। साथ ही मृतक के पार्थिव शरीर को भी अस्पताल से जल्दी निकालना होगा। साथ ही बीमा क्लेम अनुरोध प्राप्त होने के एक घंटे के भीतर बीमा कंपनी को कैशलेस भुगतान पर तुरंत निर्णय लेना होगा। प्राधिकरण ने बीमा कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे इस काम को 31 जुलाई 2024 तक पूरा करें। जिन पॉलिसी धारकों के पास एक से ज्यादा स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी है, उनको उनमें से किसी एक पॉलिसी को चुनने का मौका मिलेगा, जिसके तहत वह स्वीकृत क्लेम राशि प्राप्त कर सकते हैं। **(भोपाल)**

प्रकृति

# पर्यावरण व स्वास्थ्य को निगलते रासायनिक उर्वरक


डॉ. सत्यवान सौरभ

**उर्वरक** भारत में कृषि उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण आदानों में से एक है। कुल उर्वरक खपत के मामले में भारत दुनिया में दूसरे और दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) देशों में पहले स्थान पर है। उर्वरक वितरण और उपयोग से संबंधित सरकारी नीतियों में बदलाव ने पोषक तत्व उपयोग अनुपात को काफी प्रभावित किया है। उर्वरक पोषक तत्वों का अत्यधिक उपयोग या दुरुपयोग या असंतुलित उपयोग पर्यावरणीय गिरावट और जलवायु परिवर्तन का कारण बन रहा है। असंतुलित उर्वरक उपयोग के मिश्रित हानिकारक प्रभाव न केवल मिट्टी और वायुमंडलीय प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं, बल्कि जल निकायों (यूट्रोफिकेशन) को भी प्रभावित कर रहे हैं और जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं।

> **उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी के पारिस्थितिकी तंत्र को भी परेशान करता है जो अंततः मिट्टी की उत्पादकता को बाधित करता है। रासायनिक उर्वरकों के अपने उपयोग हैं, लेकिन उनके छुपे खतरे भी हैं।**

उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण प्रदूषण होता है क्योंकि उनकी अवशिष्ट और अप्रयुक्त मात्रा हवा, पानी और मिट्टी के लिए प्रदूषक बन जाएगी। यह जल निकायों में यूट्रोफिकेशन की प्रक्रिया भी शुरू करता है, जिससे मिट्टी के माइक्रोफ्लोरा को मारकर मिट्टी की गुणवत्ता कम हो जाती है। उर्वरकों के अधिक प्रयोग से मिट्टी की अम्लता भी बढ़ती है। उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी के पारिस्थितिकी तंत्र को भी परेशान करता है जो अंततः मिट्टी की उत्पादकता को बाधित करता है। रासायनिक उर्वरकों के अपने उपयोग हैं, लेकिन उनके छुपे खतरे भी हैं। चाहे खेत में या लॉन में उपयोग किया जाए, पौधों को बढ़ने में मदद करने के लिए जितना उपयोग किया जा सकता है उससे अधिक लगाने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को नुकसान होता है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से पर्यावरण संबंधी समस्याएं खराब हैं, और उन्हें हल करने में कई साल लगेंगे। हालाँकि, रासायनिक उर्वरकों से एक तात्कालिक चिंता मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। कम से कम, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करके उत्पादित खाद्य फसलें उतनी पौष्टिक नहीं हो सकती हैं जितनी होनी चाहिए। ऐसा इसलिए है क्योंकि रासायनिक उर्वरक पौधों के स्वास्थ्य के लिए तेजी से विकास करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप ऐसी फसलें होती हैं जिनका पोषण मूल्य कम होता है। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से






बोधि वृक्ष

## अद्भुत है पटना का महावीर मंदिर



महावीर मदिर सिर्फ पटना ही नहीं, देश के प्रमुख मदिरों में एक है। आमदनी में भी यह उत्तर भारत का दूसरा सबसे ज्यादा आय वाला मदिर है। पटना से तो इसकी पहचान ही जुड़ी है। रामनवमी पर लाखों भक्त न सिर्फ महावीर मदिर में दर्शन करते हैं, बल्कि करोड़ों रुपये का प्रसाद भी चढ़ाते हैं। महावीर मदिर का इतिहास करीब तीन सौ साल पुराना है। सन 1713 से 1730 के बीच स्वामी बालानद के नेतृत्व में इस मदिर की नींव पड़ी। पहले यह मदिर बहुत छोटा था। 1985 में मदिर को इसका विशाल भवन मिला। मदिर निर्माण में न केवल शहर के लोगों ने चदा दिया बल्कि कारसेवा भी की।

**ईस्ट इंडिया कंपनी ने दान दी थी जमीन**

महावीर मदिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल बताते हैं कि मदिर के निर्माण के लिए ईस्ट इंडिया कंपनी ने जमीन दान में थी। पहले इस मदिर के पूर्व छोर का हिस्सा टेढ़ा था मगर हम लोगों ने रेलवे प्रशासन से लड़ाई लड़कर प्रवेश द्वार के रास्ते को सीधा किया।

**बदला गया रेलवे लाइन का रास्ता**

ब्रिटिश सरकार के एक इंजीनियर को हावड़ा से पटना जंक्शन होते हुए वाराणसी तक रेलवे लाइन बिछाने का जिम्मा मिला। पटना जंक्शन तक रेलवे लाइन बिछाने के क्रम में महावीर मदिर बीच में पड़ रहा था।

**(क्रमशः)**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# भाजपा जानती है गठबंधन सरकार का धर्म


आर.के. सिन्हा

**नरेन्द्र** मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने रविवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपना कामकाज संभाल लिया है। यह पहली बार नहीं है जब भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेगी। वास्तव में, भाजपा की पहली सरकार, जो 1996 में गठित हुई थी, अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एक गठबंधन की सफल प्रयोग वाली सरकार थी। भले ही वह केवल 13 दिन चली। अटल जी 1998 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में पुनः वापस आए थे। इसलिए यह कहना सरासर गलत होगा कि भाजपा को गठबंधन सरकारों का नेतृत्व करने का अनुभव नहीं है। भाजपा को 2014 में 283 और 2019 में 303 सीटें मिली थीं। उन जीतों में मोदी जी की सबसे अहम भूमिका रही थी। लेकिन, पूर्ण बहुमत के बाद भी मोदी जी ने गठबंधन का धर्म निभाया। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 240 सीटें जीतीं- बहुमत से 32 कम। यह तय मानिए कि जो विकास का पहिया 2014 में घूमना शुरू हुआ था, वह अब गठबंधन सरकार के दौर में भी आगे बढ़ता ही रहेगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में 14 पार्टियां शामिल हैं। उसमें भाजपा को 240 सीटों पर विजय मिली और शेष 53 सीटें हासिल कीं, उसकी सहयोगी दलों ने। अगर हम गुजरे दौर के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि कि भारत में सबसे पहले 1977-1979 गठबंधन सरकार बनी थी। कांग्रेस के 1977 में चुनाव हारने के बाद जनता पार्टी की सरकार देश में बनी थी। 1977 के चुनाव प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल की स्थिति लागू करने के लगभग दो साल बाद हुए थे। गांधी ने आपातकाल हटा दिया और जनवरी 1977 में अचानक चुनावों की घोषणा की। गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस को जनता पार्टी नामक कई पार्टियों के एक गठबंधन द्वारा हराया गया था, जिसमें भाजपा की पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ शामिल थी। जनता पार्टी को देश की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला था। उस सरकार में अटल बिहारी वाजपेयी विदेशमंत्री और लाल कृष्ण आडवाणी सूचना और प्रसारणमंत्री थे। उस सरकार में बाबू जगजीवन राम, हेमवती नंदन बहुगुणा, जॉर्ज फनार्डीज जैसे जननेता भी शामिल थे। बहरहाल, जनता पार्टी की उस चुनाव में जीत के बाद मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली जनता पार्टी सरकार दो साल तक चली। उसके बाद वैचारिक मतभेदों के कारण जनता पार्टी बिखर गई। मोरारजी देसाई सरकार में गृहमंत्री चरण सिंह को कैबिनेट से इस्तीफा देने के लिए कहा गया था। संयोग देखिए कि अब चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी उस एनडीए सरकार का हिस्सा हैं जिसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। बहरहाल, चरण सिंह 1979 में जनता पार्टी के बिखरे हुए समूहों के समर्थन और कांग्रेस के बाहरी समर्थन से प्रधानमंत्री बने। लेकिन चरण सिंह का प्रधानमंत्री का कार्यकाल केवल 23 दिन तक चला क्योंकि कांग्रेस अपना समर्थन वापस ले लिया, जिससे चरण सिंह को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## टेक वर्ल्ड

## व्हाट्सएप पर स्क्रीन शेयरिंग का स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस



**स्क्रीन शेयरिंग के फायदे:**

1. **प्रोफेशनल उपयोग:** यह फीचर विशेष रूप से प्रोफेशनल्स के लिए उपयोगी है, जो मीटिंग्स के दौरान प्रेजेंटेशन या डॉक्यूमेंट्स शेयर करना चाहते हैं।
2. **टेक्निकल सपोर्ट :** अगर किसी को टेक्निकल समस्याएं आ रही हैं, तो वे स्क्रीन शेयर करके आसानी से हेल्प ले सकते हैं।
3. **शिक्षा:** शिक्षक और छात्र अपनी पढ़ाई से संबंधित सामग्री को आसानी से शेयर कर सकते हैं।
4. **परिवार और दोस्त:** परिवार के सदस्य या दोस्त भी एक-दूसरे को फोटो, वीडियो या अन्य मीडिया फाइल्स को दिखाने के लिए इस फीचर का उपयोग कर सकते हैं।

**WhatsApp के कुछ रोचक तथ्य:**

1. **बड़ा यूजर बेस :** WhatsApp के दुनिया भर में 2 बिलियन से ज्यादा यूजर्स हैं।
2. **सुरक्षा:** WhatsApp में एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन है, जिससे आपकी चैट्स और कॉल्स पूरी तरह से सुरक्षित रहती हैं।
3. **फ्री सर्विस:** WhatsApp एक फ्री सर्विस है, जिसमें आप टेक्स्ट मैसेज, वॉइस कॉल, वीडियो कॉल, और मीडिया शेयरिंग कर सकते हैं।
4. **व्हाट्सऐप वेब:** आप अपने कंप्यूटर पर भी WhatsApp का उपयोग कर सकते हैं, इसके लिए WhatsApp वेब फीचर उपलब्ध है।
5. **स्टेटस फीचर:** WhatsApp का स्टेटस फीचर आपको अपने दोस्तों के साथ फोटो और वीडियो शेयर करने की सुविधा देता है, जो 24 घंटे बाद ऑटोमैटिकली गायब हो जाते हैं।

**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# रियासी हमला : आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर शुरू हुआ ऑपरेशन

एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में रविवार को एक बस पर हमला करने वाले आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। हमले के बाद बस खाई में गिर गई थी। घटना में 10 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। रियासी की एसएसपी मोहिता शर्मा ने सोमवार को बताया कि कल शाम जिले के पोनी इलाके के तेरयाथ गांव में आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी के बाद बस का चालक नियंत्रण खो बैठा। बस खाई में गिर गई, जिससे 10 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। हमला उस समय हुआ जब बस शिव खोरी मंदिर से कटरा शहर लौट रही थी। स्थानीय लोगों की मदद से सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने कहा, कल (रविवार) रात 8.10 बजे तक बचाव अभियान पूरा हो गया। घायलों को रियासी और जम्मू शहर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। तीर्थयात्रियों की पहचान की जा रही है, क्योंकि वे सभी जम्मू-कश्मीर के बाहर के हैं। घटनास्थल पर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ का संयुक्त मुख्यालय स्थापित किया गया है और हमलावरों को पकड़ने के लिए बहुआयामी अभियान चलाया जा रहा है। माना जा रहा है कि इस कायराना हमले में शामिल आतंकवादी राजौरी, रियासी और पुंछ के ऊपरी इलाकों में छिपे हुए हैं। निर्दोष तीर्थयात्रियों पर हमले की व्यापक रूप से निंदा की गई है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अपने एक्स-पोस्ट पर कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने स्थिति का जायजा लिया है और मुझे लगातार स्थिति पर नजर रखने को कहा है।

इस जघन्य कृत्य के पीछे जो भी लोग हैं, उन्हें जल्द ही सजा दी जाएगी। माननीय प्रधानमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि सभी घायलों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा देखभाल और सहायता प्रदान की जाए। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भी रियासी में जमीनी हालात पर अपडेट जारी किया। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि स्थानीय जम्मू-कश्मीर प्रशासन घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि तीर्थयात्रियों पर इस हमले के पीछे जो लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

## आतंकी हमले के बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुलाई बैठक





जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में एक बस पर हुए आतंकवादी हमले के बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार दोपहर एक समीक्षा बैठक बुलाई है। अधिकारियों ने बताया कि बैठक जम्मू स्थित राजभवन में दोपहर 12 बजे होगी। इसमें सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की जाएगी। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और खुफिया एजेंसियों के आला अधिकारी बैठक में मौजूद रहेंगे। इस बीच रियासी जिले के पोनी इलाके के तेरयाथ गांव में रविवार को तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर हमला करने वाले आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। हमले के बाद बस खाई में गिर गई थी। घटना में 10 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। रियासी की एसएसपी मोहिता शर्मा ने आज बताया कि आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी के बाद बस का चालक नियंत्रण खो बैठा जिससे बस खाई में गिर गई। हमला उस समय हुआ जब बस शिवखोड़ी मंदिर से कटरा शहर लौट रही थी। स्थानीय लोगों की मदद से सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने कहा, कल (रविवार) रात 8.10 बजे तक बचाव अभियान पूरा हो गया। घायलों को रियासी और जम्मू शहर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। तीर्थयात्रियों की पहचान की जा रही है, क्योंकि वे सभी जम्मू-कश्मीर के बाहर के हैं। घटनास्थल पर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ का संयुक्त मुख्यालय स्थापित किया गया है और हमलावरों को पकड़ने के लिए बहुआयामी अभियान चलाया जा रहा है। माना जा रहा है कि इस कायराना हमले में शामिल आतंकवादी राजौरी, रियासी और पुंछ के ऊपरी इलाकों में छिपे हुए हैं।

### आतंकवादी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : उपराज्यपाल

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रियासी में हुए आतंकी हमले को जम्मू क्षेत्र में अशांति फैलाने की 'नापाक' कोशिश करार दिया। इस हमले में नौ तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। उन्होंने सोमवार को अस्पताल जाकर इस घटना में घायलों से मुलाकात की और कहा कि रियासी आतंकवादी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। रियासी जिले में रविवार शाम तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर आतंकवादियों की गोलीबारी में कम से कम 9 लोग मारे गए और 30 से अधिक घायल हो गए। आज घायलों से अस्पताल में मिलने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि इस तरह के नापाक प्रयासों से सख्ती से निपटा जाएगा और इस हमले के पीछे जो लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

## आतंकी हमले को लेकर मोदी सरकार पर बरसे पवन खेड़ा



जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर आतंकियों ने हमला कर दिया। इस आतंकी हमले में 10 लोगों की जान चली गई। रियासी में हुए आतंकी हमले पर सियासत गरमाई गई है। इसको लेकर कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि एक तरफ एनडीए सरकार का शपथ ग्रहण कार्यक्रम चल रहा था, दूसरी ओर कश्मीर में निहत्थे तीर्थयात्रियों पर आतंकी हमला हो रहा था और तीसरी तरफ भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट का मैच चल रहा था। मैं पूछना चाहता हूं, क्या क्रिकेट और आतंकवाद साथ-साथ चल सकते हैं? कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो जारी करते हुए कहा कि कश्मीर में निहत्थे तीर्थयात्रियों पर आतंकी हमला हुआ, जिसमें लगभग 10 तीर्थयात्रियों की जान चली गई। हमें पिछले 10 साल से कहा जा रहा है कि कश्मीर में शांति आ गई। कहां है वो शांति, किसके लिए है वो शांति, जो बाहर से मजदूर वहां काम करने जाते हैं, उनके लिए शांति नहीं है। कश्मीरी पंडित नहीं मानते कि यहां पर शांति आ गई। स्थानीय नागरिकों से पूछो तो वो भी नहीं मानते कि कश्मीर में शांति आ गई है।

## 10 अगस्त तक अपना कार्यालय खाली करे आप : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आम आदमी पार्टी को अंतिम अवसर देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को आवंटित भूमि पर अतिक्रमण कर बने उसके ऑफिस को 10 अगस्त तक खाली करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ ने आप की उस अर्जी को स्वीकार कर लिया जिसमें शीर्ष अदालत द्वारा 4 मार्च को निर्धारित 15 जून की समयसीमा को आगे बढ़ाने की मांग की गई थी। अदालत ने आदेश दिया कि वह एक सप्ताह के भीतर सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री के समक्ष अंडरटेकिंग दे कि वह 10 अगस्त को या उससे पहले विचाराधीन परिसर को खाली कर कब्जा सौंप देगी।

## आज का राशिफल

**मेष:** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृषभ:** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

**मिथुन:** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

**कर्क:** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगाा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**सिंह:** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**कन्या:** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। यात्रा का योग हैं।

**तुला:** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**वृश्चिक:** कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे।

**धनु:** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। धन वृद्धि होगी।

**मकर:** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कुम्भ:** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।


**मीन:** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**ब्लैक डे : आज कई जगहों पर हादसों से कई मरे और कई घायल हुए**

## यूपी में सड़क हादसे में 4 की मौत, 4 घायल

एजेंसी

**अमरोहा ।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के मनोटा गांव के पास सोमवार को दो तेज रफ्तार कारों की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान लकी, सलमान, शाहरुख और शाहनवाज के रूप में हुई है। सभी दिल्ली के रहने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित गजरौला से बुलंदशहर जा रहे थे। हसनपुर के सर्किल ऑफिसर (सीओ) दीप कुमार पंत ने बताया, यह हादसा अमरोहा जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र के मनोटा पुल के पास उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार दो कारों में टक्कर हो गई। चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी कार में सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।




### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बस ने डंपर में मारी टक्कर, 4 की मौत

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। अयोध्या से रामलला के दर्शन कर बिहार जा रही यात्रियों से भरी बस एक डंपर से जा टकराई। इस हादसे में बस चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसे में घायल लोगों में से कुछ को इलाज के लिए गाजीपुर जिला अस्पताल और कुछ को मऊ भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, ये हादसा सोमवार सुबह साढ़े पांच बजे की बताई जा रही है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बाराचवर के पास चैनल न.319 के पास यह हादसा हुआ।

### हरियाणा में दो ट्रकों की भीषण टक्कर में दो लोग जिंदा जले

**हरियाणा।** हरियाणा में रायपुर रानी के गांव गोलपुरा के पास नेशनल हाईवे पर देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, आमने-सामने दो ट्रकों की टक्कर हो गई। टक्कर होने के बाद एक ट्रक में लगा सीएनजी सिलेंडर ब्लास्ट हो गया, जिसके चलते दोनों ट्रकों में आग लग गई। आग लगने के बाद दोनों ट्रक के चालक जिंदा जल गए। हादसे की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। हादसे के बाद रोड पर जाम लग गया। फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग को काबू किया गया।

## दिल्ली से पटना लौटे नीतीश, हवाई अड्डे पर कार्यकर्ताओं ने लगाए नारे

एजेंसी

**पटना।** नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने और एनडीए की सरकार बनने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार की सुबह पटना लौट आए। पटना हवाई अड्डे के बाहर जदयू के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उनके स्वागत के लिए खड़े थे और उनके पक्ष में जमकर नारे लगाए। मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना पाकर काफी संख्या में जदयू के नेता और कार्यकर्ता पहले से ही पटना हवाई अड्डा के बाहर जमा हो गए थे और अपने नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का इंतजार कर रहे थे।

नीतीश कुमार जैसे ही हवाई अड्डा से बाहर निकले, जदयू कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया और उनके पक्ष में जमकर नारे लगाए। मुख्यमंत्री हवाई अड्डे से सीधे मुख्यमंत्री आवास के लिए निकल गए। उन्होंने गाड़ी से ही लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान रास्ते में भी कार्यकर्ता उनके स्वागत में खड़े दिखे। इस लोकसभा चुनाव में जदयू का कद बढ़ गया है। बतौर एनडीए घटक दल जदयू 16 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और 12 सीटों पर उसे सफलता मिली है। एनडीए ने बिहार में 30 सीटों पर जीत दर्ज की है। भाजपा के अकेले बहुमत का आंकड़ा नहीं मिलने के कारण जदयू का महत्व काफी बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में जदयू के कार्यकर्ता उत्साहित हैं।



*मुख्यमंत्री हवाई अड्डे से सीधे मुख्यमंत्री आवास के लिए निकल गए।*

## बंगाल में अवैध पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, कोई हताहत नहीं

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर जिले के कोलाघाट में रविवार रात पटाखे बनाने वाली एक इकाई में विस्फोट हो गया। वहां एक घर के भीतर अवैध रूप से पटाखा बनाने का काम चल रहा था। गनीमत यह रही कि विस्फोट के समय घर में कोई नहीं था, और इसलिए कोई हताहत नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट रविवार रात करीब 11 बजे हुआ। धमाका इतना भयानक था कि घर पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। आसपास के घरों में भी दरारें आ गईं।

मौके पर दमकल की कई गाड़ियों को भेजा गया जिन्होंने सोमवार सुबह तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोलाघट इलाके में पटाखों की कई अवैध फैक्टरियां चल रही हैं। पुलिस को सब पता है, इसके बावजूद वह कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

## मुंबई में एक्ट्रेस मालाबिका का पंखे से लटका मिला शव



**मुंबई।** कई वेब सीरीज में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेर चुकी अभिनेत्री नूर मालाबिका का शव उनके मुंबई स्थित आवास पर पंखे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने सड़ी गली अवस्था में उनका शव बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि अभिनेत्री पिछले कई दिनों से डिप्रेशन में थीं।

## मोदी के मार्गदर्शन में काम करने का मिला सौभाग्य : अजय टम्टा

एजेंसी



**देहरादून।** केंद्र में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद कार्यभार संभाल लिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में कई सांसदों को भी जगह दी गई है। इसमें उत्तराखंड के अल्मोड़ा से सांसद अजय टम्टा का नाम भी शामिल है। उत्तराखंड की अल्मोड़ा संसदीय सीट से लगातार चौथी बार चुनाव जीतने वाले अजय टम्टा को मोदी सरकार में जगह मिली है। उन्होंने राज्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। इसे लेकर अजय टम्टा ने प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र पिथौरागढ़, चंपावत, बागेश्वर, अल्मोड़ा की जनता को भी धन्यवाद दिया है।

उन्होंने कहा कि मुझे प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में काम करने का सौभाग्य मिला है।

## छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा में मतदान 10 जुलाई को

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव के लिए चुनाव आयोग ने तारीख का ऐलान कर दिया है। यहां 10 जुलाई को मतदान होगा। यह सीट कांग्रेस विधायक कमलेश शाह के भाजपा में शामिल होने और सदस्यता से इस्तीफा देने के कारण रिक्त हुई है। चुनाव आयोग से जारी कार्यक्रम के मुताबिक अन्य राज्यों के साथ अमरवाड़ा विधानसभा सीट पर मतदान 10 जुलाई को होगा। 14 जून को अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन पत्र स्वीकार करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

**शिक्षा** | जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय उद्यमिता व प्रबंधन शिक्षा में सक्रिय रूप से दे रहा है योगदान

## जेएनयू-एमबीए में पंजीकरण की आखरी तारीख 15 जून

एजेंसी



**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एण्ड एंटरप्रेन्योरशिप (एबीवीएसएमई) द्वारा संचालित किए जाने वाले मास्टर ऑफ बिजनेस ऐडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) में इस साल (बैच 2024-26) द्वितीय चरण के दाखिले के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए जरूरी पंजीकरण के लिए आखिरी तारीख 15 जून है। प्रो हीरामन तिवारी, डीन एबीवीएसएमई ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप (एबीवीएसएमई) ने एमबीए का अपना पहला बैच 2019 में शुरू किया था और स्कूल के चार पासआउट बैच के पूर्व छात्र नाबार्ड, एक्सिस बैंक, जी.ई हेल्थ केयर, आईटीसी लिमिटेड, मोंडेलेज, वॆल्सफर्गो, एसेंचर, केवेंटर्स, केएमपीजी, अर्नेस्ट एंड यंग, पेट्रोनेट एलएनजी, इंडसइंड बैंक, नौकरी डॉट कॉम, सोमानी सिरेमिक्स, अमेरिकन एक्सप्रेस, टेक महिंद्रा, केपीएमजी, आईआईएफएल, जैक्सन व लावा कम्पनी जैसे प्रमुख संगठनों के साथ जुड़े हुए हैं और कुछ अपने स्वयं के उद्यम चला रहे हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) उद्यमिता और प्रबंधन शिक्षा में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है और जेएनयू में स्थापित इंस्टिट्यूट इन्नोवेशन काउंसिल और अटल इन्क्यूबेशन सेंटर के सहयोग से स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, उद्यमिता, स्वरोजगार और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए लगातार अग्रसर है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप यहां क्लास टीचिंग से अधिक हैंड्स ऑन ट्रेनिंग व केस स्टडीज (हॉवर्ड केसेस सहित) को महत्व दिया जा रहा। वहीं भारतीय परस्थितीय के अनुकूल, भारतीय उद्योग जगत के केस स्टडीज, उनके पलांट विजिट व उद्योग जगत के विशेषज्ञों और अकादमिक जगत के नामचीन प्रबंधशास्त्रीय के व्याख्यान समय समय पर कराये जाते हैं।

**कैसे करें आवेदन:** इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन जेएनयू की आधिकारिक वेबसाइट, https://jnuee.jnu.ac.in/JNUxREG2024MBAjan/Regprocess.aspx पर उपलब्ध कराए गए ऑनलाइन अप्लीकेशन फॉर्म के माध्यम से सबमिट कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया के अंतर्गत उम्मीदवारों को पहले पंजीकरण करना होगा और फिर आवंटित अप्लीकेशन नंबर व पासवर्ड के माध्यम से लॉग-इन करके उम्मीदवार अपना अप्लीकेशन सबमिट कर सकेंगे। आवेदन के दौरान उम्मीदवारों को 2000 रुपये के शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यमों से करना होगा, जो कि जनरल, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए है। एससी, एसटी और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए यह आवेदन शुल्क 1000 रुपये ही है।

**जरुरी दस्तावेज:** उम्मीदवारों को जेएनयू एमबीए ऐडमिशन 2024 के लिए फोटो और सिग्नेचर, 10वीं मार्कशीट, 12वीं की मार्कशीट, ग्रेजुएशन की मार्कशीट और कैट (2023) या जीमैट स्कोर (विदेशी नागरिकों के लिए) सर्टिफिकेट की स्कैन कॉपी की जरुरत होगी।

**चयन मानदंड:** जेएनयू एमबीए प्रवेश 2024 के लिए उम्मीदवारों का चयन कैट स्कोर (70% वेटेज), ग्रुप डिस्कशन (10% वेटेज) और पर्सनल इंटरव्यू (20% वेटेज) पर आधारित होगा।



## एक नजर

### साढ़े 6 साल बाद पूरा हुआ इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम का काम

**रांची।** तमाम अड़चनों के बाद करीब साढ़े छह साल बाद रांची का इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम का काम पूरा हो गया है. रांची के जिला विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने बताया कि कांट्रैक्टर को भुगतान करने की प्रक्रिया चल रही है। करीब एक महीने में स्टेडियम खेल विभाग को हैंडओवर कर दिया जाएगा। इसके साथ स्टेडियम परिसर में लगभग 40 लाख की लागत से पेवर ब्लाक लगाने का भी काम चल रहा है। स्टेडियम में 3 बैडमिंटन कोर्ट है। इसके अलावा बैठने के लिए दर्शक स्टैंड बनाया गया है। इसके अलावा स्टेडियम के अंदर जिम भी लगाया गया है। रांची के मोरहाबादी स्थित मंदिर मैदान में बना इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम का शिलान्यास 2017 में हुआ था। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास और खेल मंत्री अमर कुमार बाउरी ने 12 नवंबर 2017 को इसका शिलान्यास किया था। करीब 5 करोड़ की लागत से इसके भवन और 3 बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण होना था।

### भारतीय हॉकी टीम ने बेहतरीन टीम वर्क दिखाया : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 16 मैचों में 24 अंकों के साथ एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में अपने अभियान का अंत किया। इसमें 5 जीत, 5 हार और छह ड्रॉ शामिल हैं। वर्तमान में भारत अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। इस टूर्नामेंट में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, भारत, नीदरलैंड, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन और आयरलैंड सहित 9 टीमों ने भाग लिया। एफआईएच प्रो लीग 2023-24, तीस जून तक जारी रहेगा लेकिन भारत ने रविवार को अपना 16वां और अंतिम मैच खेला, जिससे उसके एक प्रतिस्पर्धी और महत्वपूर्ण सीजन का समापन हुआ। टीम के प्रदर्शन पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, एफआईएच प्रो लीग 2023-24 हमारे लिए एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। नीदरलैंड 2-2 (4-2 शूटआउट), अर्जेंटीना (5-4) और जर्मनी (3-0) जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ हमारी कुछ जीत हमारी टीम की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को उजागर करती है।

# एक साल पहले करियर खत्म होने के बारे में पूछते थे और अब सर्वश्रेष्ठ कहते हैं : बुमराह



**न्यूयॉर्क।** भारतीय क्रिकेट के दुर्लभ नगीनों में शुमार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कहना है कि उन्हें यह बात बड़ी हास्यास्पद लगती है कि एक साल पहले तक लोग उनके करियर के खत्म होने की बातें कर रहे थे और अब उन्हें सर्वश्रेष्ठ बुलाते हैं। बुमराह ने 2022 में पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रेक्चर' के लिए सर्जरी करायी थी जिसके कारण वह आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाये थे। घरेलू सरजमीं पर श्रृंखला में वापसी करने से पहले उन्हें खिंचाव आ गया जिससे वह 10 से ज्यादा महीनों के लिए क्रिकेट से बाहर हो गये। लोग उनके तीनों प्रारूपों में खेलने के कार्यभार से निपटने की काबिलियत पर सवाल उठाने लगे। लेकिन बुमराह ने पिछले एक साल में तीनों प्रारूपों में मिलाकर 67 विकेट झटककर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया जिसमें रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ कम स्कोर वाले टी20 विश्व कप मुकाबले में 14 रन देकर तीन विकेट चटकाने वाला मैच विजयी प्रदर्शन भी शामिल है। बुमराह ने वापसी करने की उनकी काबिलियत पर शक करने वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा, एक साल पहले तक ये ही लोग कह रहे थे कि मैं शायद फिर दोबारा नहीं खेल पाऊंगा और मेरा करियर खत्म हो गया है।

### लो-स्कोर मुकाबले में गेंदबाजों के बल पर जीती टीम इंडिया

**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप में ग्रुप-ए मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 6 रन से हरा दिया है। भारत की इस जीत के हीरो टीम इंडिया के गेंदबाज रहे, जिन्होंने 120 गेंदों में पाकिस्तान को 120 रन भी नहीं बनाने दिए। पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर मात्र 113 रन ही बना सकी। जसप्रीत बुमराह को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। बुमराह ने मात्र 14 रन खर्च कर तीन विकेट चटकाए थे।

### सहवाग ने फिल्मी अंदाज में की बुमराह की तारीफ

**नई दिल्ली।** अपने खास अंदाज के लिए जाने जाते भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व धमाकेदार ओपनर भारत को पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच में जीत की बधाई दी है और साथ ही फिल्मी अंदाज में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की तारीफ की है। सहवाग ने बुमराह की तारीफ करते हुए एक्स (ट्विटर) का सहारा लिया और एक पोस्ट किया। सहवाग ने लिखा, हार से जीतने वाले को बुमराह कहते हैं, क्या शानदार स्पेल था और न्यूयॉर्क में बहुत खास जीत। इसी के साथ ही उन्होंने बुमराह की एक तस्वीर भी साझा की। बुमराह ने पाकिस्तान के खिलाफ 14 रन देकर 3 विकेट हासिल किए जिसमें मोहम्मद रिजवान, बाबर आजम और इफ्तिखार अहमद के महत्वपूर्व विकेट शामिल थे। मैच की बात करें तो पाकिस्तान ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। भारतीय बल्लेबाज इस कठिन सतह पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके और स्टार सलामी बल्लेबाज विराट कोहली (4) और रोहित शर्मा (13) बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे।



### पाकिस्तान के खिलाफ टीम के प्रदर्शन से खुश रोहित

टी20 विश्व कप 2024 के एक रोमांचक मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 6 रन से हरा दिया। जीत के बाद कप्तान रोहित शर्मा मैदान पर अपनी टीम के 'कभी हार न मानने वाले रवैये' की सराहना की।



### हमने बहुत ज्यादा डॉट बॉल खेली : बाबर आजम

आईसीसी टी 20 विश्व कप मैच में भारत के खिलाफ छह रन से हार के बाद, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने पारी के दूसरे भाग में अधिक डॉट बॉल खेली, जिससे शानदार गेंदबाजी के बावजूद उनकी हार हुई।



### ऋषभ पंत आप अच्छा काम करते रहिए : शास्त्री

आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में पाकिस्तान पर भारत की रोमांचक जीत के बाद पूर्व क्रिकेटर रवि शास्त्री ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की जमकर तारीफ की। मैच के बाद पंत को ड्रेसिंग रूम में शास्त्री से उनके शानदार प्रदर्शन की सरहना की।



### पाक की हार पर बौखलाए वकार युनुस

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वकार युनुस ने टी20 विश्व कप मुकाबले में भारत से छह रन से मिली हार के लिए बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम की जमकर आलोचना की है। 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, पाकिस्तान की टीम 120 गेंदों में 120 रन भी नहीं बना सकी।



### पाकिस्तान की रणनीति से ठीक नहीं थी : कोच गैरी

पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने कहा कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में उनके बल्लेबाज 15 ओवर के बाद रणनीति के अनुसार नहीं चल पाए और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के कारण दबाव में आ गए।



### पाकिस्तान टीम में कुछ अच्छा नहीं चल रहा : अफरीदी

पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को लगता है कि पाकिस्तान की टीम में सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है तथा कुछ खिलाड़ियों को कप्तान बाबर आजम से शिकायत है। यह बयान पाकिस्तान की भारत पर टी20 विश्व कप में हार के बाद आया है।

### ट्रैक्टर बेचकर मैच देखने पहुंचा पाक फैन, हार ने किया निराश

**नई दिल्ली।** भारत ने न्यूयॉर्क में एक रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान पर अपनी सातवीं टी20 विश्व कप जीत हासिल की। इस जीत से भारतीय प्रशंसकों में खुशी का माहौल है जबकि पाकिस्तानी समर्थकों में शोक है। वहीं भारत-पाक मैच देखने के लिए ट्रैक्टर बेचकर आया एक पाकिस्तानी फैन हार से काफी निराश हो गया। पाकिस्तानी समर्थक ने 3,000 डॉलर का टिकट खरीदने के लिए अपना ट्रैक्टर बेच दिया था, अविश्वास में खड़ा था। उन्होंने अपनी निराशा साझा करते हुए कहा, 'मैंने 3000 अमेरिकी डॉलर का टिकट पाने के लिए अपना ट्रैक्टर बेच दिया है।

### डोरंडा कॉलेज में कराटेकारों का बेल्ट ग्रेडेशन एवं विशेष प्रशिक्षण संपन्न




**रांची।** शोतोकान कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में डोरंडा कॉलेज कराटे सेंटर, डोरंडा रांची में कलर बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट एवम् कराटे कैंप का आयोजन किया गया । जिसमे शोकफ रांची के विभिन्न ट्रेनिंग सेंटर से 126 कराटेकारो ने भाग लिया। ग्रेडेशन शोकफ के मुख्य प्रशिक्षक एवम् मुख्य टेक्निकल डायरेक्टर हांशी मानस सिन्हा के द्वारा लिया गया । हांशी मानस सिन्हा का सहयोग नेशनल कराटे कोच शिहान रंजीत मेहता , प्रशिक्षक सेंसाई संजय मिश्रा, सेंसाई बबलु कुमार,पवन केसरी, सुनील मेहता, कुलदीप साहू , सोनू सुरीन ने किया। इस मौके पर नेशनल प्लेयर्स तेजस्विनी मेहता एवम् आयुषी मिश्रा द्वारा काता एवम पूजा तिर्की और सुमन एक्का द्वारा कुमिते का प्रदर्शन किया गया । मुख्य अथिति डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य महोदय श्री राज कुमार शर्मा द्वारा कराटेकरो के बारे के काफी तारीफ किए गए। प्राचार्य महोदय ने अपना विचार प्रकट हुए कहा कि जो अभी मैने अटैक करने, रोकने की क्षमता, तकनीक को स्वांस के द्वारा मिला कर करने की कला को देखा यह बडी ही अदभुत है। आज के समय में स्वाथ्य शरीर एवम् सुरक्षा के लिए छात्र , छात्राओं, पुरूष एवम महिलाएं सभी के लिए कराटे -सेल्फ डिफेंस आवश्यक है।

### इमा बेल्ट सेरेमनी में एलिसन को मिला ब्राउन बेल्ट

**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तत्वाधान में बहु बाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में बेल्ट सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें पिछले दिनों ग्रेडिंग में सफल रहे कराटे खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बेल्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ऐलिसन रूपल खाखा ने ग्रेडिंग में सफलता हासिल की और उसे ब्राउन बेल्ट प्रदान किया गया। साथ ही अश्विन कुमार को डबल ग्रेडिंग में सफलता हासिल की और बब्लू बेल्ट प्राप्त किया। इनके अलावा येलो बेल्ट से ब्राउन बेल्ट तक के कई खिलाड़ियों को बेल्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि खिलाड़ी यदि निरंतर अभ्यास में रहते हैं तो वह सभी ग्रेडिंग में सफलता प्राप्त कर समय पर ब्लैक बेल्ट पा सकते हैं। इसके अलावा वे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में भी अपना अच्छा प्रदर्शन कर सकते है। इस अवसर पर इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोट्टा राकेश तिर्की अभिभावक गण एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### झारखंड के हॉकी प्रशिक्षकों का तीन दिवसीय कार्यशाला 16 से 18 जून तक रांची में

**रांची।** हॉकी इंडिया, हॉकी झारखंड और खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग ,झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में झारखड़ के हॉकी प्रशिक्षकों के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन दिनांक 16 से 18 जून 2024 तक रांची के मोरहाबादी हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। इस विशेष कार्यशाला में सभी प्रशिक्षकों को भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य प्रशिक्षक श्री हरेंद्र सिंह प्रशिक्षण देंगे। इस कार्यशाला में झारखंड के जो भी प्रशिक्षक भाग लेने के इक्षुक है वे भाग ले सकते है।

### जेएससीए में इंट्रा क्लब बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन, विजेता हुए सम्मानित

**रांची।** जेएससीए में चल रहे इंट्रा क्लब बैडमिंटन टूर्नामेंट-2024 का समापन हो गया। तीन दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 11 वर्ष से लेकर 55 से अधिक आयु वर्ग में महिला व पुरूष खिलाड़ियों सिंगल्स, डबल्स और मिक्स्ड डबल्स के कुल 12 श्रेणियों में हिस्सा लिया। विजेताओं को मुख्य अतिथि सांसद विजय हांसदा और आईजी सुदर्शन मंडल ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। मौके पर जेएससीए के बैडमिंटन कोच बिरेंद्र शर्मा, मैच रेफरी मनोज तिवारी, क्लब के वरीय सदस्य गुरूदयाल सिंह नामधारी, पुरुषोत्तम कुमार, रूद्रदेव कुमार, आशीष सिन्हा, प्रेम तिवारी, दयानंद एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ता भारत : सीआईआई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) ने सोमवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक गति जारी रहेगी और यह दुनिया के टॉप तीन देशों में जल्द शामिल होगा।

सीआईआई के प्रेसिडेंट संजीव पुरी ने कहा, लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के लिए उन्हें बधाई देते हैं।

पुरी ने आगे कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 8.2 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है। उनके नेतृत्व में अगले चरण के सुधारों के जरिए भारत वैश्विक अवसरों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकता है। साथ ही बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव काफी मजबूत है।



**वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 8.2 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है।**

ऐसा माना जा रहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था जल्द जापान को पछाड़ कर दुनिया की चौथी-सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। सरकार की ओर से भी हाल ही में कहा गया था कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2027 में जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी।

उन्होंने आगे कहा कि यह भारत के लिए बड़ा पल है और भारतीय उद्योग नई सरकार के साथ काम करने को लेकर उत्साहित है। इससे देश का तेजी से विकास होगा।

सीआईआई के डायरेक्टर जनरल चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के विकास का सुनहरा अध्याय शुरू होगा। कार्यभार संभालने के बाद पीएम मोदी की ओर से सोमवार को पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त किसानों को जारी की गई। इसका सीधा फायदा 9.3 करोड़ किसानों को होगा। इसमें करीब 20,000 करोड़ रुपये की राशि किसानों को दी गई है। बनर्जी ने कहा कि सीआईआई अगले चरण के सुधारों पर सभी पक्षकारों की सहमति बनाने के लिए अपनी पहल तेज करेगा। साथ ही कहा कि हम नई सरकार के साथ भारत के डेमोग्राफिक डिविडेंड को अनलॉक करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्रों में काम करेंगे।

## नई कैबिनेट से नीतियों में निरंतरता जारी रहेगी : नोमुरा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी नई कैबिनेट की संरचना से संकेत मिलता है कि मौजूदा समय में सरकार की नीतियों में निरंतरता जारी रहेगी। वैश्विक ब्रोकरेज और निवेश फर्म नोमुरा की ओर से जारी एक नोट में ये बात कही गई है। मोदी सरकार के नए मंत्रिमंडल में 30 कैबिनेट मंत्री, 36 राज्य मंत्री और 5 राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के साथ बनाए गए हैं। नोमुरा की ओर से उम्मीद की जा रही है कि नीतियों में निरंतरता जारी रखने के लिए सरकार द्वारा पोर्टफोलियो में शायद बदलाव न किया जाए। ऐसी स्थिति में निफ्टी इस वर्ष के अंत तक 24,860 का आंकड़ा तोड़ सकता है।

नोमुरा ने कहा, पिछले हफ्ते उभरी चिंताएं अब दूर हो चुकी हैं। कैबिनेट की संरचना भी दशार्ती है कि मौजूदा समय में नीतियों में निरंतरता जारी रहेगी। ब्रोकरेज फर्म ने आगे कहा कि बड़े फैक्टर के स्थिर होने और आय में वृद्धि के चलते हम इक्विटी पर काफी सकारात्मक हैं। आने वाले बजट पर सभी की निगाहें होंगी, जो दिखाएगा कि सरकारी की नीति क्या है। हमारा मानना है कि नीतियों में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। ब्रोकरेज फर्म का कहना है कि सरकार राजकोषीय घाटे को कम करने पर ध्यान देगी और निवेश एवं पूंजीगत व्यय को जारी रखेगी। साथ ही बताया कि भारत की आर्थिक स्थिति काफी मजबूत है। इससे पहले के नोट में नोमुरा ने कहा था कि भारत में सुधार आम तौर पर राजनीति की कसौटी पर खरे उतरे हैं और हम उम्मीद करते हैं कि सरकार प्रशासनिक सुधारों की गति जारी रखेगी। जमीन और लेबर जैसे कठिन सुधारों को राज्यों पर छोड़ दिया जाएगा।

## सैमसंग ने 2024 क्यूएलईडी प्रीमियम टीवी सीरीज लांच की, कीमत 65,990 रुपये से शुरू



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने सोमवार को भारत में 65,990 रुपये की शुरूआती कीमत पर 2024 क्यूएलईडी 4के टीवी सीरीज लॉन्च की। 2024 क्यूएलईडी 4के टीवी लाइन-अप ढेर सारे प्रीमियम फीचर्स के साथ आता है। टीवी तीन साइज -- 55 इंच, 65 इंच और 75 इंच में आएगा। यह सोमवार से सैमसंग डॉट कॉम और अमेजन डॉन इन पर उपलब्ध है।

सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा, ₹पिछले कुछ सालों में कॉन्टेंट की खपत में तेजी से बदलाव आया है। यूजर्स ज्यादा शानदार और प्रीमियम व्यूइंग एक्सपीरियंस की मांग कर रहे हैं। इस मांग को पूरा करने के लिए हमने 2024 क्यूएलईडी 4के टीवी सीरीज लॉन्च की है, जो प्रीमियम और बेहतरीन व्यूइंग एक्सपीरियंस की दुनिया में एक नया कदम है। 2024 क्यूएलईडी 4के टीवी सीरीज क्वॉन्टम प्रोसेसर लाइट 4के दिया गया है। यह एक शक्तिशाली प्रोसेसर है जो विजुअल और ऑडियो पोजीशन को जरूरत के मुताबिक सेट करता है।यूजर्स चाहे जो भी कंटेंट देख रहे हों, उसका रिजॉल्यूशन कुछ भी हो, अल्टीमेट 4के अपस्केलिंग फीचर बेहतरीन विजुअल प्रदान करता है। यूजर इस पर रियल पिक्चर क्वालिटी का आनंद ले सकते हैं कि टीवी अपने आप लगभग-4के लेवल में अपग्रेड हो जाता है। किसी कॉन्टेंट के देखने और सुनने के अनुभव को शानदार बनाने के लिए 2024 क्यूएलईडी 4के सीरीज, क्यू-सिंफनी, ओटीएस लाइट और अडेप्टिव साउंड फीचर्स से लैस है, जिससे यूजर्स ऑन-स्क्रीन मूवमेंट को ऐसे महसूस कर सकते हैं जैसे कि वह वास्तविक हो। इसके अलावा सैमसंग की टीवी प्लस सेवा भी शामिल है जिसमें 100 से ज्यादा मुफ़्त चैनल शामिल हैं। सैमसंग दुनिया को प्रेरित करते हुए बदलाव लाने वाले विचारों और तकनीकों के साथ भविष्य को आकार देता है। कंपनी टीवी, स्मार्टफोन, पहनने योग्य डिवाइस, टैबलेट, घरेलू उपकरण, नेटवर्क सिस्टम और मेमोरी, सिस्टम एलएसआई, फाउंड्री और एलईडी समाधान की दुनिया नए सिरे से परिभाषित कर रही है।

**सैमसंग दुनिया को प्रेरित करते हुए बदलाव लाने वाले विचारों और तकनीकों के साथ भविष्य को आकार देता है।**


## मई में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में आया 34,697 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड निवेश

**एजेंसी। मुंबई**

इक्विटी म्यूचुअल फंड में मई में रिकॉर्ड 34,697 करोड़ रुपये का निवेश आया है, जो कि पिछले महीने के मुकाबले 83.42 प्रतिशत अधिक है। ये लगातार 39 वां महीना है, जब म्यूचुअल फंड में निवेश में बढ़ोतरी हुई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया (एम्फी) की ओर से सोमवार को ये जानकारी दी गई। बता दें, यह पहला मौका है कि जब म्यूचुअल फंड्स में 30,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश आया है। मई में ओपन एंडेड सेक्टोरल और थीमेटिक इक्विटी फंड्स में सबसे ज्यादा 19,213 करोड़ रुपये का निवेश आया है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की कुल एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) बढ़कर 58.91 लाख करोड़ रुपये हो गई है। प्रभुदास लीलाधर ग्रुप की इन्वेस्टमेंट सर्विसेज के प्रमुख, पंकज श्रेष्ठ का कहना है कि ज्यादा निवेश सेक्टोरल और थीमेटिक कैटेगरी में आया है। हाल ही में आये एचडीएफसी मैन्युफैक्चरिंग फंड के एनएफओ (न्यू फंड ऑफर) को 9,500 करोड़ रुपये का निवेश मिला था। उन्होंने आगे कहा कि एसआईपी में रिकॉर्ड 20,904 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है जो दिखाता है कि निवेशक अनुशासन के साथ लंबी अवधि के नजरिए के साथ निवेश कर रहे हैं।

## पेटीएम ने नौकरियों में की कटौती, प्रभावित कर्मचारियों को देगी बोनस

**▸ कर्मचारियों के बकाया बोनस का भी भुगतान किया जा रहा है, जिससे इस प्रोसेस में पारदर्शिता बनी रहे**




**एजेंसी। नई दिल्ली**

पेटीएम के स्वामित्व वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) की ओर से पुनर्गठन के चलते कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया है, जो कर्मचारी इस छंटनी से प्रभावित हुए हैं, कंपनी उन्हें दूसरी जॉब खोजने में मदद कर रही है।

पेटीएम की ओर से कितने कर्मचारियों को निकाला गया है। फिलहाल इसे लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। कंपनी ने अपने बयान में कहा कि कर्मचारियों के बकाया बोनस का भी भुगतान किया जा रहा है, जिससे इस प्रोसेस में पारदर्शिता बनी रहे। कंपनी ने बयान में कहा, वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) उन कर्मचारियों को आउटप्लेसमेंट सपोर्ट प्रदान कर रहा है, जिन्होंने कंपनी के पुनर्गठन प्रयासों के तहत इस्तीफा दे दिया है। आउटप्लेसमेंट सपोर्ट उस स्थिति को कहा जाता है, जब कोई कंपनी छंटनी में निकाले गए कर्मचारियों की दूसरी नौकरी खोजने में मदद करती है। पेटीएम ने कहा, हमारी एचआर टीम 30 से ज्यादा ऐसी कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है, जो भर्तियां कर रहे हैं और कर्मचारियों के साथ इन भर्तियों की जानकारी शेयर की जा रही है, जिससे कर्मचारियों को तुरंत आउटप्लेसमेंट में मदद मिले। पेटीएम का शेयर सोमवार दोपहर 3:00 बजे 2.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 389.50 रुपये पर कारोबार कर रहा था। वित्तीय क्षेत्र में कारोबार करने वाली कंपनी पेटीएम में पिछले कुछ दिनों से रिकवरी के संकेत मिले हैं। कंपनी का फोकस अब यूपीआई पर शिफ्ट हो गया है। मई में पेटीएम प्लेटफॉर्म पर करीब 1.24 अरब यूपीआई लेनदेन हुए हैं। इसके अलावा कंपनी कई अन्य इनिशिएटिव जैसे क्रेडिट कार्ड, यूपीआई और यूपीआई लाइट पर फोकस कर रही है।

## एक नजर

### पीएम मोदी की तीसरी शपथ पर युवकों ने मनाया जश्न



**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर बाजार क्षेत्र में रविवार की देर शाम नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद युवकों ने बम पटाखे छोड़ने का दौर शुरू कर दिया। उत्साहित युवकों ने जमकर आतिशबाजी के बीच एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मिठाईयां खिलाई। इसमें फेकू मालाकार, उज्ज्वल पांडेय, मुकेश कुमार दूबे, गौरव दूबे, अंकित अग्रवाल, वृजकिशोर सोनी, अविराज गुप्ता, हिमांशु तिवारी सहित कई युवा शामिल थे। बाजार क्षेत्र में युवा लोग रात दस बजे तक उत्साह व उमंग में डूबे रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस ऐतिहासिक जीत पर खुशी व्यक्त कर देश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### राजद सुप्रीमो लालू का 77वें जन्मदिन आज तैयारी पूरी



**बालूमाथ।** राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री लालू प्रसाद यादव का 77 वें जन्मदिन राजद कार्यालय में मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी को लेकर राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव ने बतलाया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है आज 11 जून दिन मंगलवार को बालूमाथ मुख्य मार्ग स्थित ब्लॉक के पास राजद कार्यालय में दोपहर 2:00 बजे धूम धाम से केक काट कर हमारे प्रिय नेता का जन्मदिन मनाया जाएगा ।श्री यादव ने पार्टी के सभी मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, गार्जियन के अलावे लालू यादव के चाहने वालों को जन्मदिन पर ससमय पहुंचने का आग्रह किया है।

### मोहम्मदगंज में टेंपो पलटने से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

**मोहम्मदगंज।** थानान्तर्गत सोनबरसा बिरध्वर रोड में सोनबरसा पंचायत सचिवालय के पास सोमवार की दोपहर एक टैम्पू गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमे आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए है। मामूली रूप से घायल अपने घर चले गए। वहीं गम्भीर घायल 2 लोगों को इलाज के लिए एम्बुलेंस से हुसैनाबाद अस्पताल भेज दिया गया है। टेम्पो चालक मौके से फरार हो गया है। गम्भीर घायलों में हिना परवीन 16 वर्षीय और ज्योति कुमारी 17 वर्षीया दोनों सोनबरसा गांव के ही शामिल है।

### महिला के साथ मारपीट, एक आरोपी गिरफ्तार

**विश्रामपुर।** रेहला थाना क्षेत्र के उरसुला गांव की एक महिला को उसके चचेरे ससुर और देवर ने पिटपीट कर घायल कर दिया। घायल महिला शबनम आरा का इलाज विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। इस संबंध में शबनम आरा ने रेहला थाना में छः लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने एक नामजद आरोपी मिराज अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आजाद हुसैन की पत्नी शबनम अपने घर में घरेलू कार्य कर रही थी। इसी बीच उसके चचेरे ससुर, सास और देवर उसके कमरे में आए और उसपर बालू, छारी चोरी करने का आरोप लगाते हुए उसे मारने लगे। शबनम को मारते पीटते और घसीटते हुए घर से बाहर लाए। वहां भी सब ने उसके साथ मारपीट की। चीख पुकार सुनकर गांव के लोग जमा हुए और उसे बचाया।

# हुसैनाबाद में गर्मी व लू का कहर जारी

## क्षेत्र में स्कूल के बच्चे व अभिभावकों की बढ़ी परेशानी

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में पिछले एक पखवाड़े से गर्मी व लू की चपेट में है। सोमवार को यहां का अधिकतम तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड दर्ज किया गया। इस चिलचिलाती धूप के बीच चल रहे लू के कारण स्कूल में जाने वाले बच्चों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।वहीं बच्चों के कारण अभिभावक भी परेशान है। हुसैनाबाद मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने बताया कि विद्यालय में 506 नामांकित छात्रों में 150 छात्र ही विद्यालय पहुंचे थे। विद्यालय में पानी व पंखे की व्यवस्था तो हैं, परंतु ग्लोकोज का नहीं है। यहां तक की चावल के अभाव में देवरी खुर्द मध्य विद्यालय, कामगारपुर मध्य विद्यालय सहित दो दर्जन से अधिक विद्यालय में एमडीएम बंद है। यहां आम लोग गर्मी से त्राहिमाम कर रहे हैं। क्षेत्र में पड़ रहे भीषण गर्मी में सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। सरकार के आदेश के बाद सभी सरकारी व निजी स्कूल सुबह साढ़े सात बजे से शुरू होकर दोपहर 11:30 बजे तक संचालित किए जा रहे हैं। स्कूलों में 11:30 बजे छुट्टी होने के बाद बच्चों को चिलचिलाती धूप में वापस घर लौटना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि दोपहर 12 बजे से लेकर दो बजे तक धूप व लू अपने चरम पर रहता है। बच्चे तापमान व लू के पिक में पड़ जा रहे हैं। इससे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी व लू का असर बाजार में भी देखा जा रहा है। शहर के मुख्य सड़कों पर भी दोपहर में सन्नाटा पसर जा रहा है। शहर की आधी से अधिक दुकानें दोपहर में बंद हो जा रहे हैं। व्यवसायी अपनी-अपनी दुकानों को बंद कर घर में रह रहे हैं। बेहद जरूरी कार्य होने पर हीं लोग घर से बाहर निकल रहें हैं। इस विद्यालय के अभिभावकों क्रमशः अजय साव,सुनील कुमार व अभिमन्यु सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी व लू को लेकर बच्चों के साथ अभिभावकों की परेशानी बढ़ गई हैं। उधर एमडीएम प्रभारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि हुसैनाबाद प्रखंड के 167 विद्यालयों में बिजली व पंखे की व्यवस्था की गई हैं।

## बैद्यनाथ राम ने कल्पना सोरेन से मुलाकात की, शुभकामनाएं दी



**लातेहार।** स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम ने गांडेय की नव निर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने श्रीमती सोरेन को बुके भेंट कर जीत की शुभकामनायें दी। बाद में विधायक श्री राम ने शुभम संदेश से बातचीत में कहा कि यह एक औपचारिक मुलाकात थी। मुलाकात में झारखंड की राजनीति पर चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि श्रीमती सोरेन की जीत लोकतंत्र की जीत है। जिस प्रकार आज झारखंड में केंद्र सरकार द्वारा माहौल तैयार किया जा रहा है और लोकतंत्र को दबाने की कोशिश की जा रही है, उस पर यह जीत एक विपक्षी दलों के लिए करारा तमाचा है। श्रीमती सोरेन की जीत ने यह दिखा दिया कि आज भी झारखंड की जनता झामुमो के साथ है। शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के साथ है। केंद्र सरकार के इशारे पर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। इस चुनाव में प्रदेश की जनता ने इसका करारा जवाब दिया है। लोकसभा चुनावों में भी झारखंड में भाजपा की सीटें घट गयी। झारखंड की इंडी गठबंधन की सरकार बेहतर कार्य कर रही है और आगामी विधानसभा चुनावों में भी पूर्ण बहुमत के साथ झारखंड में सरकार बनायेगी। बता दें कि कल्पना सोरेन पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी हैं और इन्होंने गांडेय उप चुनाव में भाजपा के दिलीप कुमार को तकरीबन 26 हजार वोटों से हराया है।

## न्यूज बॉक्स

### तोलरा ने खाद्यान्न लेने गए लाभुक को डीलर के पति ने की पिटाई, प्राथमिकी दर्ज



**विश्रामपुर।** विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव निवासी अमरेश तिवारी के साथ डीलर के पति दिलीप तिवारी व उसके परिवार के सदस्यों के द्वारा मारपीट की गई। मारपीट करने के पहले उसे घर में बंद किया गया। जहां उन्हें तेज बनने की बात कह कर पिटाई की गई। वही पीड़ित अमरेश तिवारी के द्वारा रेहला थाना में आज प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वही मार पीट से घायल होने के कारण इलाज भी कराया गया। पीड़ित परिवार के द्वारा रेहला थाना में दिए गए आवेदन के अनुसार, 6 जून को सुबह लगभग 9:00 बजे डीलर के घर राशन लेने गए थे। जहां इनका पूरा राशन 25 किलो होता है। लेकिन डीलर के द्वारा 20 किलो राशन ही दिया जा रहा था। कम राशन देने के बारे में पूछताछ करने पर डीलर व उसके परिवार के सदस्य के द्वारा शोरगुल मचाया जाने लगा। साथ ही डीलर के द्वारा शाम शाम 6:00 बजे उसी दिन एक बार फिर से लाभुक श्री तिवारी को बुलाया गया। जहां राशन मांगे जाने पर उनके द्वारा स्पष्ट रूप से देने से मना कर दिया गया। वही पीड़ित के द्वार राशन की बार-बार मांग करने पर डीलर पति दिलीप तिवारी उसके भाई अमित तिवारी व पिता जगन्नाथ तिवारी के द्वारा जबरन घर में बंद कर लाठी डंडे से पिटाई की गई। पीड़ित लाभुक अमरेश तिवारी ने बताया कि किसी तरह वहां से जान बचाकर भागे। फिर भी उनके द्वारा जान से मारने की धमकी दिया जाता रहा। जानकारी के अनुसार, यह कोई पहली बार नहीं इसके पहले भी उनके द्वारा कई लोगों के साथ मारपीट किया जाता रहा है। गांव के दबंग व्यक्ति होने के कारण कोई उस परिवार से उलझना नहीं चाहता। वही इस संबंध में तोलरा पंचायत के मुखिया रोहित तिवारी ने बताया कि डीलर की शिकायत लगातार मिलता रहा है। इसके पूर्व भी कई लोगों के साथ उनके द्वारा मारपीट किया गया है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पीड़ित अमरेश तिवारी के द्वारा रेहला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वही डीलर पति दिलीप तिवारी व उनके परिजनों से बात करने की कोशिश की गई। लेकिन कोई रिस्पांस नहीं दिया गया।

### सड़क दुघर्टना में दो लोगों की मौत अलग-अलग जगहों से मीला शव

**लातेहार।** दो दिन पहले ही बाहर से मुकेश और सुनील भुईंया ईंट भट्ठा से कमाकर वापस अपने घर लातेहार सदर प्रखंड के राजहार पहुंचे थे। घर में उनके आगमन से खुशी का माहौल व्याप्त था, पर उपर वाले को कुछ और ही मंजूर था। कल दोपहर करीब तीन बजे राजहार से सुनील भुईंया अपने ससुर मलकू भुईंया को छोड़ने के लिए अपने साथ मुकेश भुईयां को लेकर स्कूटी से निकला था तभी नवरंग चौक के पास विपरीत दिशा से आ रही हाईवा ने स्कूटी सवार को अपने चपेट में ले लिया जिससे सुनिल की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं घटना के बाद मुकेश का कुछ पता नहीं चल पा पर रहा था। घटना के बाद पुलिस ने सुनील का शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सोमवार की सुबह जब परिजनों ने शव लेने सदर अस्पताल पहुंचे तो उन्होंने देखा की वहां पर दूसरा शव भी है, जो मुकेश कुमार भुईंया का है, इसके बाद परिजनों का गुस्सा फुट पड़ा और उन्होंने सदर अस्पताल के सामने सड़क जाम कर दिया। इस दौरान परिजनों ने कहा कि सुनील के मौत के बाद मुकेश का कहीं पता नहीं चल रहा था। जब हमलोग शव लेने के लिए अस्पताल गये तब पता चला कि मुकेश की मौत हो चुकी है। अगर दोनों का सड़क दुर्घटना में मौत हुई थी। तो शाम तक मुकेश का शव क्यों नहीं मिला यह चिंता का विषय है।

**लापरवाही :** डाकघर में रोज हो रहा मारामारी

## भुगतान स्वीकृति के लिए तीन महीने बाद भी लटका है ग्राहकों को पैसा

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** स्थानीय उप डाकघर में राष्ट्रीय बचत पत्र, किसान विकास पत्र व सावधि जमा योजना के तहत निवेश की गई राशि का परिपक्वता राशि का भुगतान तीन महीनों बाद भी नहीं हो पा रहा है। इसके लिये प्रतिदिन निवशकों की भीड़ स्थानीय उप डाकघर कार्यालय में होती है। किन्तु इसमें प्रधान डाकघर मेदिनीनगर की ओर से देरी व लापरवाही के संकेत मिलते हैं। ग्राहकों का कहना है कि उनका परिपक्वता की तिथि महीनों पूर्व खत्म हो चुकी है। वर्तमान में शादी विवाह सहित कई अन्य आवश्यक कार्य का दौर रहने पर पैसे की अत्यंत जरुरत है। जिससे उनका ही पैसा का भुगतान समय नहीं हो पा रहा है। उप डाकपाल बिनोद चौधरी ने बताया कि इन निवेशकों का शीघ्र भुगतान कराने की व्यवस्था ऑनलाइन सिस्टम को गौण कर पुरानी व्यवस्था मैनुअल के तहत करने की स्वीकृति प्रधान डाकघर से पूर्व में दी गई थी। हालांकि इस व्यवस्था के तहत भी निवेश की राशि के प्रमाण पत्र व भुगतान संबधित सभी दस्तावेज प्रधान डाकघर को ही भेजे जाते हैं। किन्तु वहां से ही उनका भुगतान होने में काफी विलंब हो जाता है। इसके लिये रोज भुगतान के इंतजार में ग्राहकों की भीड़ स्थानीय कार्यालय में आना जारी है।

# बिजली चोरी में 8 पर केस दर्ज एक लाख का लगाया जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता



बिजली कनेक्शन काटते विद्युत कर्मी

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना में विद्युत विभाग के कनीय अभियंता गुणवंत कुमार ने 8 बिजली उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी का मामला दर्ज कराया है। साथ ही उन पर 1 लाख 15 हजार 700 रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। दर्ज प्राथमिकी में गुणवंत कुमार ने बताया कि बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा दुमरीडीह में बमभोली साव द्वारा बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। जिसके बाद उनके उपर 15,000 रुपये, बैजनाथ प्रजापति पर 15,000 रुपये, गोविंद प्रजापति पर 15,000, सुकन साव पर 15 000, रामनंदन साव पर 15,000, योगेंद्र पासवान पर 15,000, विजवार गांव निवासी पर 18,500 तथा कौवाखोह निवासी रामराज यादव पर 7200 रुपये जुर्माना लगाया गया है। साथ ही इन सभी के उपर हरिहरगंज थाना में बिजली चोरी का मामला भी दर्ज कराया गया है। छापामारी दल में विभाग के मानव दिवस कमी नितेश कुमार, वीरेंद्र पासवान, अंजय कुमार मेहता सहित कई विधुत कर्मी शामिल थे।

## पेज एक का शेष

### 3. राज्य मंत्रियों के नाम व मंत्रालयों की लिस्ट

| क्रम | राज्य मंत्री | मंत्रालय |
|---|---|---|
| 18. | अजट टम्टा | सड़क परिवार राज्य मंत्री |
| 19. | बंदी संजय कुमार | गृह |
| 20. | कमलेश पासवान | ग्रामीण विकास |
| 21. | भागीरथ चौधरी | कृषि और किसान कल्याण |
| 22. | सतीश चंद्र दुबे | कोयला और खान |
| 23. | संजय सेठ | रक्षा |
| 24. | रवनीत सिंह बिट्टू | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, रेलवे |
| 25. | दुर्गा दास उईके | आदिवासी मामले |
| 26. | रक्षा खड़से | खेल एवं युवा मामले |
| 27. | सुकांता मजूमदार | शिक्षा, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास |
| 28. | सावित्री ठाकुर | महिला एवं बाल कल्याण |
| 29. | तोखन साहू | आवास और शहरी मामले |
| 30. | राजभूषण चौधरी | जल शक्ति |
| 31. | बीएल वर्मा | भारी उद्योग, स्टील |
| 32. | हर्ष मल्होत्रा | कंपनी मामले, सड़क परिवहन और राजमार्ग |
| 33. | एनजे बम्भानिया | उपभोक्ता मामले, खाद्य और जनवितरण |
| 34. | मुरलीधर मोहोल | सहकारिता, नागरिक उड्डयन |
| 35. | जॉर्ज कुरियन | अल्पसंख्यक मामले, मछली पालन, पशुपालन और डेयरी |
| 36. | पी. मार्गरिटा | विदेश, कपड़ा |

### कल्पना ने ली विस सदस्यता की शपथ

शपथ लेने के बीद मीडिया से बात करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है। समय काफी कम है पर जो जिम्मेदारी मिली है जो काम बचे हैं, उसे पूरा करना प्राथमिकता होगी। राज्य सरकार बेहतर काम कर रही है। लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव के लिए तीन से चार माह बचे हैं। राज्य की जनता ने अपना स्नेह और प्यार दिया है। हेमंत सोरेन की सोच को झारखंड के मतदाताओं तक पहुंचाना है। सब लोग मिलकर मजबूती के साथ काम करेंगे। इस मौके पर सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि लोकसभा चुनाव के साथ उपचुनाव था। पांच सांसद और एक विधायक की जीत हुई है। हर प्रतिनिधि से सदन में उम्मीद होती है। जितनी संख्या बढ़ेगी, उतनी मजबूती मिलेगी। कल्पना सोरेन की जीत से पार्टी को मजबूती मिली है।

**26 हजार वोटों से जीतीं कल्पना :** गांडेय विधानसभा उपचुनाव में कल्पना ने बीजेपी प्रत्याशी दिलीप वर्मा को 26 हजार वोटों से हरा कर जीत दर्ज की थी। झामुमो विधायक सरफराज अहमद ने यह सीट हेमंत सोरेन को समन के बाद छोड़ दी थी।

### पीएलएफआई एरिया कमांडर सहित पांच उग्रवादी हथियार के साथ गिरफ्तार

एक काले रंग का स्कॉर्पियो से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सदस्य एवं उसके सहयोगी अवैध हथियार के साथ रगदारी मांगने को लेकर आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में जा रहे है। सूचना के बाद थाना प्रभारी नगड़ी अभिषेक राय के नेतृत्व मे एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने ललगुटवा ओवर ब्रिज के पास रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग शुरू किया। इसी दौरान रांची की तरफ से एक काले रंग की महिन्द्रा थार और एक महिन्द्रा स्कॉर्पियो तेजी से आते हुए दिखाई दिया, जिसे टीम ने रोकवा कर घेर लिया। जांच के दौरान हथियार बरामद किया गया। पीएलएफआई का एरिया कमांडर विजय बक्सी उर्फ रोहित बडाईक उर्फ राहुल बडाईक सहित पांच को गिरफ्तार किया गया। एरिया कमांडर वर्तमान में राजधानी रांची क्षेत्र में जमीन के करोबार करता है। साथ ही अपने अन्य सहयोगी के माध्यम से जमीन कब्जा करने और जमीन कारोबारियों से पैसा लेकर विवादित जमीन को हथियार के बल पर कब्जा दिलाने का काम करता है।

# पीएम नरेंद्र मोदी के शपथ समारोह में भाग लेना गर्व का क्षण : संतोष

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी शपथ ग्रहण समारोह में पलामू जिले के हैदरनगर पूर्वी पंचायत के मुखिया सह भाजयुमो के देश कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार सिंह शामिल होकर ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बने हैं। उन्होंने झारखंड से कैबिनेट मंत्री अनपूर्णा देवी व राज्यमंत्री संजय सेठ को गुलदस्ता देकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरूआत देश के विकास के लिए एक विशेष कदम होगा। उनके नेतृत्व में देश की उन्नति शिखर पर जाने की उम्मीद है। उन्होंने झारखंड के मंत्रियों को उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देने के बाद राज्य के विकास व प्रगति में अहम योगदान देने की अपेक्षा की है। शपथ समारोह में उनकी उपस्थिति से हैदरनगर सहित राज्य कई हिस्सों के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह व गर्व का माहौल है। इसमें भाग लेने के बाद उन्होंने कहा कि यह अवसर उनके लिए गर्व का क्षण था।

## नरेंद्र मोदी के तीसरी बार पीएम बनने पर पूजा-अर्चना किया

नवीन मेल संवाददाता



**हरिहरगंज।** नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई स्थानों पर जश्न मनाया। हरिहरगंज शहर में आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। जबकि भाजपा के किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारणी समिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा ने मेन बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में कार्यकर्ताओं के साथ पूजा-अर्चना किया और लड्डू बांटकर खुशिया मनायी। इस मौके पर मुन्ना विश्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल विकसित भारत के निर्माण को एक नई ऊर्जा देगा। जश्न मनाने वालों में पूर्व सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र पासवान, भीमसेन शर्मा, मंडल कार्यसमिति सदस्य राजू प्रसाद गुप्ता, विजय प्रसाद स्वर्णकार आदि शामिल रहे।

**परिचर्चा** 18वीं लोकसभा के चुनाव में बहुत कुछ नया दिखा

# दो ध्रुवों के बीच हुई लड़ाई : केडी सिंह

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जल जंगल जमीन और स्वतंत्रता के महान योद्धा बिरसा मुंडा जिन मूल्यों की खातिर अपनी शहादत दी थी उन मूल्यों की जरूरत को आम जनता इस चुनाव में समझने लगी है। 18वीं लोकसभा के चुनाव में बहुत कुछ नया दिखा। इस चुनाव में जनता की भागीदारी बढ़ी है। इस बार का चुनाव दो ध्रुव के बीच में लड़ा गया। पहले वर्ग के संरक्षक शोषक वर्गों के लोग थे। दूसरा वर्ग के हिमायती शोषित वर्ग के लोग थे। जो राजनीतिक दल इन ध्रुवों से अलग रहा वह समाप्त हो गया। या फिर वह दल हसीए पर चला गया। साथ ही अपनी दकियानुसी विचारों के साथ चुनाव लड़ रहा था वह भी अपने सिर्फ अस्तित्व को बचा पाया। उक्त बातें इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की 43वीं कड़ी में बिरसा मुंडा की शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित परिचर्चा की अध्यक्षता कर रहे केडी सिंह ने कही। परिचर्चा का आयोजन 18वीं लोकसभा चुनाव का नयापन और संभावना क्या है विषय पर आयोजित थी।

परिचर्चा में सभी वक्ताओं ने बिरसा मुंडा के प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए 18 में लोकसभा चुनाव के नयापन और संभावनाओं पर अपने विचार व्यक्त किया। इप्टा पलामू के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह ने कहा इस चुनाव में पर्चा, पोस्टर, हो हो पो पो नहीं दिखा। यह चुनाव सोशल मीडिया के द्वारा लड़ा गया। एक ही लोकसभा क्षेत्र में दो दो बार प्रधानमंत्री का भाषण होना भी कुछ संदेश दे रहा था। इस चुनाव में देखने को यह मिलकर सत्ता के शीर्ष पर बैठे सत्ताधीश खुद को अवतार सिद्ध करने लगे। ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने कहा इस चुनाव में मुख्य चुनाव आयुक्त अनपेक्षित घटनाओं के प्रति कार्रवाई करने में सुस्ती दिखाई। परंतु परिणाम जो सामने आया है उससे बहुत कुछ नयापन दिख रहा है। चुनाव परिणाम के बाद प्रधानमंत्री पर जो दबाव बाद उससे उनकी व्यक्तिवादीता के व्यवहार में परिवर्तन दिख रहा है। विरोध के स्वर को एक व्यापक स्पेस मिला है। विपक्ष मजबूत हुआ है। गोविंद प्रसाद ने कहा कि इस चुनाव परिणाम के बाद बहुत कुछ नया दिख रहा है। जनता के हित में कार्य करने वाले राजनीतिज्ञ एकजुट हुए हैं। उनकी एकजुटता से जनहित की आवाज बुलंद होने की संभावना बढ़ी है। शिक्षक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा इस चुनाव के परिणाम के बाद ईवीएम पर सवाल उठाने वाले का मुंह बंद हुआ है। मुख्य चुनाव आयुक्त अपने कार्यों के प्रति सजग रहे हैं। वही फिजियोथैरेपिस्ट कुलदीप राम ने कहा इंडिया महागठबंधन में जिस प्रकार की एकजुटता दीखनी चाहिए थी वैसी एकजुटता झारखंड में नहीं दिखी। परंतु पूरे भारतवर्ष में लोकतंत्र की आवाज मजबूत हुई है। परिचर्चा की अध्यक्षता एवं संचालन केडी सिंह, विषय प्रवेश प्रेम प्रकाश, धन्यवाद ज्ञापन शिव शंकर प्रसाद ने किया। मौके पर उपेंद्र कुमार मिश्र, अजीत कुमार, विजेता तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### महिलाओं ने जीवन ज्योति मेडिकल पर किया जमकर हंगामा

**चंदवा।** इंदिरा गांधी चौक के समीप जीवन ज्योति नामक मेडिकल में सोमवार को महिलाओं ने जमकर बवाल काटा। पूछे जाने पर अनिता देवी और सुनीता देवी ने बताया कि इस मेडिकल स्टोर से हमारे बच्चे नींद की दवा खरीद नशे की गिरफ्त में समा रहे हैं। दुकानदार इनसे पैसे लेकर नींद की दवा देता है। जब हमलोग दुकान पहुंचे और दुकानदार से इस दवा की मांग की तो उसने हमें भी एक पत्ता दवा दिया। जब हमलोगों ने कहा कि ये तो प्रतिबंधित दवा है। बिना चिकित्सक की पर्ची के आपलोग कैसे इसकी बिक्री कर रहे हैं। इतने में वहां लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गयी जिसके बाद दुकानदार शटर गिराकर पीछे के रास्ते से निकल गया। दोनों युवकों को नशे की हालत में उनके अभिभावकों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में इलाज कराया। दोनों युवक नशे की हालत में भी उस दवा की मांग कर रहे थे। इस संबंध में चंदवा थाना प्रभारी के नाम आवेदन देकर अनिता देवी और सुनीता देवी ने दुकानदार पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# मिलकर काम करने के लिए भारत तत्पर

## मालदीव के राष्ट्रपति से मिले केंद्रीय मंत्री एस. जयशंकर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री एस. जयशंकर ने भारत दौरे पर आये मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से सोमवार को यहां मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आये मुइज्जू की इस यात्रा के साथ दोनों देश आपसी रिश्तों में पिछले कुछ समय में आई खटास दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। जयशंकर ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए एक पोस्ट में लिखा, भारत और मालदीव के मिलकर काम करने की उम्मीद करता हूं। मालदीव के राष्ट्रपति ने रविवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के लिए आयोजित रात्रिभोज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी बात की थी। मुइज्जू के साथ मालदीव के विदेश मंत्री मोसा जमीर और वित्त मंत्री मोहम्मद शफीक भी थे। राष्ट्रपति भवन में विदेशी नेताओं के साथ चर्चा के दौरान पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि उनके तीसरे कार्यकाल में वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए भारत पड़ोसी देशों के साथ मिलकर क्षेत्र में शांति, विकास और समृद्धि के लिए काम करेगा। समारोह में शामिल होने के लिए उनका धन्यवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने भारत के 'पड़ोसी पहले' और 'सागर' विजन को दोहराया। विदेश मंत्रालय ने बताया, पीएम मोदी ने क्षेत्र में लोगों के बीच और नजदीकी जुड़ाव तथा कनेक्टिविटी की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर ग्लोबल साउथ की आवाज उठाता रहेगा। इससे पहले शपथ ग्रहण समारोह के लिए निमंत्रित किये जाने पर मुइज्जू के कार्यालय ने कहा था, उन्होंने (राष्ट्रपति ने) कहा है कि वह भारत के साथ संबंधों को मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री (मोदी) के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि भारत-मालदीव संबंध



**2047** तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए भारत पड़ोसी देशों के साथ मिलकर क्षेत्र में शांति, विकास और समृद्धि के लिए काम करेगा

## सोनिया गांधी ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ नई दिल्ली में मुलाकात की



**नई दिल्ली ।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आज बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। यह जानकारी कांग्रेस ने ऑफिशियल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी।

## प्रेम सिंह तमांग दूसरी बार बने सिक्किम के सीएम, राज्यपाल



*समारोह में कैबिनेट के 11 सदस्यों ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली*

एजेंसी

**गंगटोक।** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) पार्टी के अध्यक्ष प्रेम सिंह तमांग ने दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। तमांग ने सोमवार को राजधानी गंगटोक के पालजोर स्टेडियम में आयोजित एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह में कैबिनेट के 11 सदस्यों के साथ पद और गोपनीयता की शपथ ली। सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने प्रेम सिंह तमांग को मुख्यमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद राज्यपाल ने मंत्रिपरिषद के सदस्यों सोनम लामा, अरुण उप्रेती, साम्डुप लेप्चा, भीम हांग लिम्बू, भोजराज राई, जीटी ढुंगेल, पूरण गुरुंग, पिंचो नामग्याल लेप्चा, एनबी दाहाल, राजू बस्नेत और छिरिंग टी भोटया को शपथ दिलाई। एसकेएम सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों को दूसरे कार्यकाल में जगह नहीं मिली। इनमें बीएस पंत, लोकनाथ शर्मा, संजीत खरेल, एलबी दास और एमएन शेरपा शामिल हैं। पूर्व मंत्री केएन लेप्चा चुनाव हार गये थे। इस अवसर पर सिक्किम और राज्य बाहर के गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। इसी तरह राज्य के सभी छह जिलों से बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुए गंगटोक नगरपालिका क्षेत्र के सभी शैक्षणिक संस्थान बंद थे। वहीं, सरकारी कार्यालय भी 12 बजे से बंद कर दिए गए। राज्य विधानसभा चुनाव 2024 में एसकेएम पार्टी ने 32 में से 31 सीटें जीतकर दूसरी बार सरकार बनाई है। 2019 के चुनावों में एसकेएम केवल 17 सीटें जीतकर 25 वर्षीय सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) पार्टी सरकार को हटाने में कामयाब रही थी।

## सीबीआई ने एनएचएआई के डायरेक्टर समेत सात को किया गिरफ्तार, सभी

### प्रोजेक्ट एनओसी के लिए रिश्वत मांगने के मामले में सीबीआई की छापेमारी

एजेंसी

**भोपाल।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के छतरपुर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीएल चौधरी समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी को सोमवार सुबह भोपाल में सीबीआई की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी सात आरोपितों की 14 जून तक की रिमांड मंजूर की है। इसके बाद टीम सभी को लेकर दिल्ली रवाना हो गई। सीबीआई की टीम ऑफिस और डायरेक्टर के निवास से दस्तावेज जब्त कर अपने साथ ले गई है। हालांकि, सीबीआई की टीम ने मीडिया से कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। यह पूरा मामला झांसी खजुराहो फोरलेन निर्माण में हुआ भ्रष्टाचार से जुड़ा है। सीबीआई की दिल्ली और भोपाल की टीम शनिवार रात आठ बजे छतरपुर पहुंची थी और रविवार सुबह एनएचएआई के डायरेक्टर पीएल चौधरी के पन्ना रोड में अंबेडकर नगर स्थित आवास और पन्ना रोड पर ही चंद्रपुरा के पास स्थित एनएचएआई के ऑफिस में एक साथ छापा मार कार्रवाई की शुरू की, जो देर रात तक जारी रही। इसके बाद सोमवार सुबह टीम सभी को भोपाल लेकर आई थी।



सीबीआई की एंटी करप्शन विंग के अनुसार नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के झांसी-खजुराहो हाइवे प्रोजेक्ट के डायरेक्टर पुरुषोत्तम लाल चौधरी ने प्रोजेक्ट के स्वामित्व परिवर्तन और इसकी एनओसी जारी करने के एवज में 10 लाख रुपये की रिश्वत ली थी। इस मामले में बीते शनिवार को सीबीआई ने पीएस चौधरी सहित 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। सीबीआई ने प्रोजेक्ट डायरेक्टर चौधरी और एनएचएआई के कंसलटेंट शरद प्रकाश वर्मा को रविवार को रिश्वत लेते छतरपुर स्थित एनएचएआई दफ्तर में गिरफ्तार किया था। इसके अलावा सीबीआई ने पीएनसी इंफ्राटेक के कर्मचारी बृजेश मिश्रा, शुभम जैन, अनिल जैन, सत्यनारायण अंगूलरी और रेसीडेंट इंजीनियर प्रेम कुमार सिन्हा को गिरफ्तार किया है।

## केंद्रीय मंत्रिपरिषद से मेरे इस्तीफे की खबर सरासर गलत : सुरेश

**नई दिल्ली ।** केरल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद सुरेश गोपी को केंद्रीय मंत्रिपरिषद में जगह मिली है। रविवार को शपथ लेने वाले 71 मंत्रियों में सुरेश गोपी भी थे। इसके बाद मीडिया में मोदी मंत्रिपरिषद से इनके इस्तीफे से संबधित खबरें आने लगीं। हालांकि इसे लेकर सुरेश गोपी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।



## प्रेम सिंह तमांग दूसरी बार बने सिक्किम के मुख्यमंत्री

*समारोह में कैबिनेट के 11 सदस्यों ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली*

एजेंसी

**गंगटोक।** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) पार्टी के अध्यक्ष प्रेम सिंह तमांग ने दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। तमांग ने सोमवार को राजधानी गंगटोक के पालजोर स्टेडियम में आयोजित एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह में कैबिनेट के 11 सदस्यों के साथ पद और गोपनीयता की शपथ ली। सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने प्रेम सिंह तमांग को मुख्यमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद राज्यपाल ने मंत्रिपरिषद के सदस्यों सोनम लामा, अरुण उप्रेती, साम्डुप लेप्चा, भीम हांग लिम्बू, भोजराज राई, जीटी ढुंगेल, पूरण गुरुंग, पिंचो नामग्याल लेप्चा, एनबी दाहाल, राजू बस्नेत और छिरिंग टी भोटया को शपथ दिलाई। एसकेएम सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों को दूसरे कार्यकाल में जगह नहीं मिली। इनमें बीएस पंत, लोकनाथ शर्मा, संजीत खरेल, एलबी दास और एमएन शेरपा शामिल हैं। पूर्व मंत्री केएन लेप्चा चुनाव हार गये थे। इस अवसर पर सिक्किम और राज्य बाहर के गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। इसी तरह राज्य के सभी छह जिलों से बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुए गंगटोक नगरपालिका क्षेत्र के सभी शैक्षणिक संस्थान बंद थे। वहीं, सरकारी कार्यालय भी 12 बजे से बंद कर दिए गए। राज्य विधानसभा चुनाव 2024 में एसकेएम पार्टी ने 32 में से 31 सीटें जीतकर दूसरी बार सरकार बनाई है। 2019 के चुनावों में एसकेएम केवल 17 सीटें जीतकर 25 वर्षीय सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) पार्टी सरकार को हटाने में कामयाब रही थी।



## मणिपुर मुख्यमंत्री के अग्रिम सुरक्षा काफिले पर आतंकी हमला, एक सुरक्षाकर्मी घायल

एजेंसी

**इंफाल ।** जिरीबाम जा रहे मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के अग्रिम सुरक्षा काफिले पर रविवार को संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने फायरिंग कर हमला किया है। घटना में एक सुरक्षाकर्मी घायल हुआ है। उसे इंफाल के शिजा अस्पताल और अनुसंधान संस्थान में भर्ती कराया गया है। यह घटना रविवार सुबह करीब 10:30 बजे कांगपोकपी जिले के अंतर्गत राजमार्ग-37 पर जिरीबाम में हुई। राज्य पुलिस मुख्यालय के सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री को जिरीबाम जिले के हिंसा प्रभावित इलाके का सोमवार को दौरा करना था। मुख्यमंत्री की यात्रा से पहले संबंधित क्षेत्रों में सुरक्षा मामलों को देखने के लिए राज्य पुलिस के सशस्त्र बलों का एक काफिला आज इंफाल से जा रहा था।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 32.79 किलोग्राम सोना जब्त, 2 विदेशी महिलाएं गिरफ्तार

**मुंबई ।** मुंबई कस्टम विभाग की टीम ने सोमवार को मुंबई एयरपोर्ट पर ने 32.79 किलोग्राम सोना बरामद करके 2 विदेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। बरामद सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 19 करोड़ रुपये आंकी गई है। इन दोनों महिलाओं ने बरामद सोना अपने बैग में और अंडरगारमेंट्स में छिपाकर रखा था।

## हार की आशंका से राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने यूरोपीय संसद भंग की

एजेंसी

**स्ट्रासबर्ग (फ्रांस)।** यूरोपीय यूनियन के संसदीय चुनाव में हार की आशंका की वजह से फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने संसद भंग कर मध्यावधि चुनाव का आह्वान कर दिया है। बेल्जियम की सत्तारूढ़ पार्टी की इस चुनाव में हार के बाद प्रधानमंत्री एलेक्जेंडर डीक्रू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यूरोपीय यूनियन के संसदीय चुनाव छह से नौ जून के बीच हुए। इस चुनाव में लगभग 40 करोड़ लोगों ने हिस्सा लिया। चुनाव की शुरूआत छह जून को नीदरलैंड में मतदान के साथ शुरू हुई। इस दौरान फ्रांस, इटली, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, इस्टोनिया, लिथुआनिया और स्वीडन जैसे तमाम यूरोपीयन देशों में भारी मतदान हुआ।

**आक्रोश** नीट यूजी की सीबीआई जांच की मांग

# कांग्रेस, बीजेपी, लेफ्ट समर्थित छात्र संगठन कर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हाल ही में संपन्न हुई नीट यूजी परीक्षा के खिलाफ देशभर के कई छात्र संगठन विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इन परीक्षाओं में अनियमितता की बात कहते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। लेफ्ट समर्थित छात्र संगठनों ने भी मामले की निष्पक्ष और तुरंत जांच की मांग की है। नीट परीक्षा को लेकर कुछ ऐसा रूख कांग्रेस समर्थित एनएसयूआई का भी है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एनटीए द्वारा आयोजित नीट यूजी परीक्षा-2024 के जारी किए गए परिणामों में आई व्यापक स्तर पर गड़बड़ी के खिलाफ सोमवार को दिल्ली के ओखला स्थित एनटीए के मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। लेफ्ट समर्थित छात्रों ने शिक्षा मंत्रालय के समक्ष प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। इन छात्रों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को भंग और परीक्षा की निष्पक्ष जांच करने की मांग केंद्र सरकार से की है। एनएसयूआई ने भी केंद्र सरकार से तुरंत मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सीबीआई जांच कराने की मांग की है। साथ ही एनटीए की सभी परीक्षाओं को पारदर्शी करने की मांग के लिए विभिन्न आवश्यक कदम उठाने की बात कही है। विदित हो कि हाल ही में एनटीए द्वारा नीट यूजी- 2024 परीक्षा के परिणाम जारी किए गए थे। छात्रों का आरोप है कि जारी परिणामों में व्यापक स्तर पर गड़बड़ी तथा अनियमितता सामने आई है। पहली बार ऐसा हुआ है, जब जारी किए गए परिणामों में 67 छात्र टॉपर हैं। प्रथम स्थान के 7 छात्र हरियाणा के एक ही सेंटर से आते हैं। छात्रों ने पेपर लीक की भी संभावना जताई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गड़बड़ियों के खिलाफ एनटीए मुख्यालय पर प्रदर्शन किया तथा प्रशासन से मिलकर मामले की जांच सीबीआई से करवाने, जिन छात्रों को ग्रेस मार्क्स प्रदान किए गए उनकी स्पष्ट जानकारी साझा करने, भविष्य में परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा बढ़ाने, परीक्षा सरकारी केंद्र पर आयोजित करने एवं सरकार द्वारा नियुक्त परीक्षा निरीक्षकों/पर्यवेक्षकों को केंद्रों पर नियुक्त करने की मांग भी रखी।




### कई मामलों पर है छात्रों को आपत्ति

परिषद की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल ने कहा कि पिछले कुछ समय से गड़बड़ियों को देखते हुए यह प्रतीत होता है कि एनटीए एक भ्रष्ट संस्था हो चुकी है। इस संस्था द्वारा आयोजित हो रही लगभग हर एक परीक्षा में कोई न कोई गड़बड़ी सामने निकलकर आ रही है। अभी हाल ही में नीट-यूजी के जारी परिणामों में प्रथम स्थान पर 67 छात्रों का आना तथा उसमें भी 7 छात्रों का एक ही केंद्र से होना मात्र संयोग नहीं हो सकता। यह दिखाता है कि यह संस्था भ्रष्टाचार में लिप्त होकर काम कर रही है। हम प्रशासन से इसकी सीबीआई जांच की मांग रखते हैं तथा आगे ऐसी स्थिति पैदा न हो इसकी स्पष्टता तथा सुनिश्चितता करने के लिए बिंदुवार अन्य मांग भी हमने प्रशासन से की है। अभाविप दिल्ली के प्रांत मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि हाल ही में जारी नीट यूजी के परिणामों में आई व्यापक स्तर

## कंगना रानौत थप्पड़ प्रकरण की जांच के लिए पंजाब पुलिस

एजेंसी

**चंडीगढ़ ।** फिल्म अभिनेत्री कंगना रानौत थप्पड़ प्रकरण की जांच के लिए पंजाब पुलिस ने एसआईटी का गठन कर दिया है। किसान संगठनों के रविवार को मोहाली में किए रोष मार्च के बाद सोमवार को पुलिस महानिदेशक ने इस मामले की जांच एसपी सिटी मोहाली को सौंपी है। फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रानौत जब 07 जून को दिल्ली जाने के लिए चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर पहुंचीं तो स्कैनर से निकलते समय सीआईएसएफ की कांस्टेबल कुलविंदर कौर ने उन्हें थप्पड़ मारा था। कुलविंदर कौर के मुताबिक वह किसान आंदोलन के दौरान कंगना के दिए गए बयानों से आहत थी, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। कुलविंदर कौर को निलंबित करके उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जा चुका है। इसके बाद रविवार को पंजाब के कई किसान संगठनों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। हजारों की संख्या में किसानों ने मोहाली के अंब साहिब गुरुद्वारे से शुरू होकर मोहाली एसएसपी कार्यालय तक मार्च किया। किसान संगठनों ने सोमवार को पुलिस महानिदेशक से मिलने का ऐलान किया था।



*किसान संगठनों के रोष मार्च के बाद एसपी सिटी मोहाली को सौंपी गई मामले की जांच*